शनिवार
24 फरवरी 2024

केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज



तेजस्वी बोले: मेरे पिता और मां के पास पहुंच गिड़गिड़ा रहे थे नीतीश 3



### चार मार्च को नोटिफिकेशन, 21 मार्च को चुनाव

# बिहार विधान परिषद के 11 सीटों पर चुनाव का एलान

♦ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन समेत 11 दिग्गजों का कार्यकाल छह मई को हो रहा समाप्त

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार विधान परिषद के 11 सीट पर चुनाव का एलान निर्वाचन आयोग ने कर दिया है। चार मार्च को नोटिफिकेशन जारी होगा। इसके बाद 21 मार्च को चुनाव होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, पूर्व मंत्री शाहनवाज हुसैन समेत 11 दिग्गजों का कार्यकाल छह मई को समाप्त हो रहा है। अब देखना होगा कि भाजपा, जदयू, राजद, कांग्रेस और हिन्दुस्तानी आवास मोर्चा किन्हें विधान परिषद भेजती है। भाजपा के शाहनवाज हुसैन, मंगल पांडेय व संजय पासवान का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। शाहनवाज हुसैन और मंगल पांडेय के लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा तेज है। वहीं संजय पासवान के बेटे को विधान परिषद् भेजे जाने की चर्चा है। एक दिन पहले जदयू के गोपाल मंडल ने शाहनवाज हुसैन के लोकसभा चुनाव को लेकर टिप्पणी भी की थी। साथ ही उन्होंने यह भी दावा किया था कि भागलपुर लोकसभा सीट जदयू के खाते में ही जाएगी। इससे पहले जब बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की नई सरकार बनी थी तो ऐसा माना जा रहा था कि शाहनवाज हुसैन और मंगल पांडेय को मंत्री पद जरूर दिया जाएगा। लेकिन, अब तक ऐसा नहीं हुआ। वहीं दोनों वरीय नेताओं के क्षेत्र के लोग उनके लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कह रहे थे।

## जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव निर्विरोध बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित



**पटना।** नई सरकार के गठन के बाद जदयू विधायक नरेंद्र नारायण यादव निर्विरोध बिहार विधानसभा के उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी सहित सभी सदस्यों ने नरेंद्र नारायण यादव को बधाई दी। वहीं नरेंद्र नारायण ने सीएम नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और अन्य सदस्यों का आभार प्रकट किया। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बीते 22 फरवरी को उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया गया था। नरेंद्र नारायण यादव मूल रूप से मधेपुरा जिला के बालाटोल के रहने वाले हैं। साल 1968 में राजनीतिक जीवन की शुरूआत की थी। जेपी आंदोलन के दौरान नरेंद्र नारायण यादव चर्चा में आए थे। नरेंद्र नारायण 1995 में आलमनगर से पहली बार विधानसभा के सदस्य चुने गए थे। तब से वे लगातार आलमनगर से विधायक रहे। 2005 में नीतीश सरकार में ग्रामीण कार्य मंत्री बनाए गए। इसके बाद 2010 से 2014 तक वे प्रदेश में राजस्व एवं भमि सुधार के साथ ही विधि विभाग के मंत्री भी रहे। अब बिहार विधान सभा के अगले उपाध्यक्ष के रूप में आज घोषणा होने के बाद उन्होंने कार्यभार संभाला।

## राबड़ी देवी को फिर से विधान परिषद भेजा जाना तय

जदयू से नीतीश कुमार के अलावा संजय कुमार झा, खालिद अनवर और रामेश्वर महतो की सीट पर भी चुनाव होगा। संजय झा पहले ही राज्यसभा भेजे जा चुके हैं। वहीं राजद से राबड़ी देवी के अलावा रामचंद्र पूर्वे का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। राबड़ी देवी को फिर से विधान परिषद भेजा जाएगा, यह स्पष्ट है। वहीं कांग्रेस के प्रेमचंद्र मिश्रा, हम सेक्युलर से संतोष कुमार सुमन की सीट पर भी चुनाव होगा। संतोष कुमार सुमन बिहार सरकार में मंत्री हैं। जीतन राम मांझी उन्हें ही विधान परिषद भेजेंगे।

# भविष्य का बिहार मीडिया कॉन्क्लेव आज पटना में

**केटी न्यूज/पटना**


राजधानी पटना में शनिवार को एक कॉन्क्लेव होने जा रहा है। भविष्य का बिहार नाम से इस कॉन्क्लेव में प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा और सम्राट चौधरी मौजूद रहेंगे। इसके साथ ही प्रदेश सरकार में जदयू कोटे से मंत्री अशोक चौधरी, विजय चौधरी के अलावा नए राज्यसभा सांसद संजय झा भी होंगे। इसके अलावा एनडीए गठबंधन के एक और सहयोगी वीआईपी पार्टी के मुकेश सहनी भी कॉन्क्लेव में अपनी बात रखेंगे। इसके अलावा विपक्ष का पक्ष रखने आरजेडी के तेज तर्रार नेता सुधाकर सिंह भी इस कॉन्क्लेव में शामिल होंगे। समाचार के क्षेत्र में नया लेकिन अनुभवी पत्रकारों द्वारा शुरू किया गया संगठन द भारतनाउ **(The Bharat Now)** और केशव टाइम्स **(KESHAV TIMES)** बिहार के भविष्य पर ये कॉन्क्लेव आयोजित कर रहा है। इस कॉन्क्लेव में राजनीति से इतर विकास और विकास के लिए रणनीति पर चर्चा होगी। कॉन्क्लेव में आने वाले राजनेता युवाओं का योगदान और भूमिका, महिलाओं का योगदान और भूमिका, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भविष्य की रणनीति और सरकार की भूमिका, सरकार से उम्मीद से विषयों पर अपनी बात रखेंगे। विकास के पैमानों में सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा, रोजगार, निवेश और कानून व्यवस्था पर सरकार हो या विपक्ष उसकी क्या सोच है, क्या रणनीति है, इसको लेकर चर्चा होगी। 10 सालों में बिहार एक बीमार राज्य की श्रेणी से निकल विकसित राज्यों की कतार में खड़ा हो सके। उसके लिए हमारे मेहमान अपने और अपने पार्टी के विचार रखेंगे।

### बिहार आइकॉन अवार्ड

कार्यक्रम में प्रदेश के उन प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने आर्थिक या सामाजिक स्तर पर बदलाव की नीव डालने की सोची और उस दिशा में कदम बढ़ाया। इस कॉन्क्लेव में राजनीति के क्षेत्र के अलावा प्रशासन और बिहार में पत्रकारिता जगत के बड़े नामों को भी शामिल किया गया है। जो न सिर्फ इस इवेंट की शोभा बढ़ाएंगे बल्कि अपने अनुभवों और विचारों से इस चर्चा को और गहराई प्रदान करेंगे।

### यहां देखें भविष्य का बिहार कॉन्क्लेव लाइव

शनिवार को द भारत नाउ (The Bharat Now) और केशव टाइम्स (KESHAV TIMES) का ये कॉन्क्लेव दोपहर तीन बजे हॉटल लेमन ट्री में शुरू होगा. इसका सीधा प्रसारण आप भारत नाउ (The Bharat Now) की वेबसाइट https://thebharatnow.in और यूट्यूब चैनल https://www.youtube.com/@TheBharatNow, @TheBharatNow, https://www.youtube.com/@thebharatnowinfotainment1042 पर देख सकते हैं। इसके साथ ही इसे केशव टाइम्स https://www.youtube.com/@keshavtimes5779 पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा।






शनिवार
24 फरवरी 2024
केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


जिनके अपने होश ठिकाने में नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

5



## प्रधानमंत्री मोदी ने बीएचयू में सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को किया संबोधित

# भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति

- 10 साल में काशी में चारों ओर विकास का डमरू बजा है
- काशी तो संवरने वाली है, मुझे तो यहां के जन जन को, हर मन को संवारना है
- काशी केवल आस्था का तीर्थ नहीं, बल्कि ये भारत की शाश्वत चेतना का जागृत केंद्र है
- काशी को विरासत और विकास को मॉडल के रूप में देखा जा रहा

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के स्वतंत्रता भवन समागार में आयोजित सांसद संस्कृत प्रतियोगिता के पुरस्कार समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत एक विचार है, संस्कृत उसकी प्रमुख अभिव्यक्ति। भारत एक यात्रा है तो संस्कृत उस इतिहास यात्रा का प्रमुख अध्याय है। भारत विविधता में एकता की भूमि है तो संस्कृत उसका प्रमुख उर्वरक है। हमारे यहां कहा गया है कि 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा', अर्थात भारत की प्रतिष्ठा में संस्कृत की बड़ी भूमिका है। एक समय हमारे देश में संस्कृत ही वैज्ञानिक शोध, शास्त्रीय बोध, गणित और चिकित्साविज्ञान की भाषा होती थी। साथ ही संगीत और साहित्य के विविध कलाओं की विधाएं भी संस्कृत से ही पैदा हुई हैं। इन्हीं विधाओं से भारत को पहचान मिली है। जिन वेदों का पाठ काशी में होता है वही वेद पाठ कांची (तमिलनाडु) में भी सुनाई देता है। ये वेद ही भारत का शाश्वत स्वर हैं, जिन्होंने हजारों वर्ष से भारत को राष्ट्र के रूप में एक बनाए रखा है।

प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार देर शाम दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इसके बाद शुक्रवार सुबह वे बीएचयू में आयोजित समारोह में पहुंचे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि महामना के इस प्रांगण में सभी विद्वानों खासकर युवा विद्वानों के बीच आकर ज्ञान की गंगा में डुबकी लगाने जैसा अनुभव हो रहा है। काशी समय से भी प्राचीन कही जाती है। इसकी पहचान को हमारी आधुनिक युवा पीढ़ी इतनी जिम्मेदारी से सशक्त कर रही है, ये दृश्य हृदय में संतोष भर देता है और ये विश्वास दिलाता है कि अमृत काल में आप सब देश को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।



### विजेताओं और प्रतिभागियों को पीएम ने दी शुभकामनाएं

प्रधानमंत्री ने बताया कि काशी सांसद संस्कृत प्रतियोगिता, सांसद ज्ञान प्रतियोगिता और सांसद फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार देने का अवसर मिला। उन्होंने सभी विजेताओं को उनके परिश्रम और प्रतिभा के लिए बधाई दी। साथ ही सफलता से कुछ कदम दूर रहे गये प्रतिभागियों का भी हौंसला बढ़ाया। पीएम मोदी ने इस आयोजन के लिए श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, काशी विद्वत परिषद और सभी विद्वानों का आदरपूर्वक धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि काशी के सांसद के रूप में मेरे विजन को साकार करने में आप सभी ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में काशी में अभूतपूर्व विकास हुआ है। आज यहां इसपर दो बुकलेट भी विमोचित की गई है। इसमें यहां हुए विकास के हर पड़ाव और संस्कृति का वर्णन किया गया है। इसके अलावा जितनी भी सांसद प्रतियोगिताएं काशी में आयोजित की गई हैं, उनपर भी छोटी छोटी पुस्तिकाओं का विमोचन किया गया है।

### जहां महादेव क कृपा हो जाला, उ धरती अइसे ही समृद्ध हो जाले

प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी में जो कुछ भी हो रहा है हम सब उसके निमित्त मात्र हैं। यहां करने वाले केवल महादेव और उनके गण हैं। उन्होंने भोजपुरी में कहा, "जहां महादेव क कृपा हो जाला उ धरती अइसे ही समृद्ध हो जाले।" प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय महादेव खूब प्रसन्न हैं, इसलिए महादेव के आशीष के साथ 10 साल में काशी में चारों ओर विकास का डमरू बजा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के वक्त मैंने कहा था कि ये धाम भारत को निर्णायक दिशा देगा। भारत को उज्वल भविष्य की ओर लेकर जाएगा। आज ये दिख रहा है। अपने भव्य रूप में विश्वनाथ धाम भारत को निर्णायक भविष्य की ओर ले जाने के लिए फिर से राष्ट्रीय भूमिका में लौट रहा है।

### काशी भारत की शाश्वत चेतना का जागृत केंद्र

प्रधानमंत्री ने भोजपुर में कहा, "बाबा जौन चाह जालन ओके के रोक पावेला। एही लिए बनारस में कुछ उत्सव होला त लोग हाथ उठा के बोलेलन नमः पार्वती पतये, हर हर महादेव। उन्होंने कहा कि काशी केवल आस्था का तीर्थ नहीं, बल्कि ये भारत की शाश्वत चेतना का जागृत केंद्र है। काशी जहां एक तरफ शिव की नगरी है तो वहीं बुद्ध के उपदेशों की भूमि भी है। काशी को विरासत और विकास को मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। परंपराओं और आध्यात्म के ईर्द गिर्द किस प्रकार आधुनिकता का विकास होता है, आज ये पूरी दुनिया देख रही है। रामलला के अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद अयोध्या भी इसी प्रकार निखर रही है। अगले पांच साल में देश इसी आत्मविश्वास के साथ विकास को नई रफ्तार देगा।

### पीएम के प्रयास से यूएई में बना पहला हिंदू मंदिर: योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या धाम के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा व प्रयास से संयुक्त अरब अमीरात में पहला हिंदू मंदिर बना है। गत सप्ताह ही उसका लोकार्पण कर पीएम काशी में पधारे हैं। काशी मंदिरों का ही शहर है। अब काशी की आभा वैश्विक मंच पर सांस्कृतिक रूप से बुलंद हो रही है। अबूधाबी में बना मंदिर भी इसका नया उदाहरण है। पीएम का दुनिया की सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी काशी में ऐसे समय में आगमन हो रहा है, इसलिए सबसे प्राचीन सांस्कृतिक नगरी में काशीवासियों की तरफ से पीएम का जोरदार अभिनंदन करता हूं।

## बोले पीएम मोदी... गुरु रविदास जी मुझे बार-बार अपनी जन्मभूमि पर बुलाते हैं

**वाराणसी।** संत रविदास कहते हैं, 'जात पात के फेर मंहि, उरझि रहइ सब लोग। मानुषता कूं खात हइ, रैदास जात कर रोग।' यानी ज्यादातर लोग जातपात के फेर में उलझे और उलझाते रहते हैं। यह रोग मानवता का नुकसान करता है। संतों की वाणी हमें रास्ता भी दिखाती है और सावधान भी करती है। देश को जाति के नाम पर उकसाने और लड़ाने में भरोसा रखने वाले इंडी गठबंधन के लोग दलितों वंचितों के लिए हर योजना का विरोध करते हैं और जाति के नाम पर अपने परिवार के स्वार्थ के लिए राजनीति करते हैं। ये बातें शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सीर गोवर्धनपुर स्थित श्री गुरु रविदास जन्मस्थली मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत गुरु के 647वें प्रकाशपर्व समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टी अपने परिवार के बाहर किसी दलित और आदिवासी को आगे नहीं बढ़ने देना चाहते। हमारी सरकार की नीयत गरीबों, वंचितों, पिछड़ा और दलितों के लिए साफ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरु रविदास जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर देशभर से आए रैदासियों का काशी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि बनारस आज मिनी पंजाब जैसा लग रहा है। आपकी तरह मुझे भी रविदास जी बार बार अपने जन्मभूमि पर बुलाते हैं। यहां आकर उनके संकल्पों को आगे बढ़ाने का और उनके लाखों अनुयायियों की सेवा का अवसर मिलता है। ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है।



### सब रविदास जी के हैं और रविदास जी सबके हैं

पीएम मोदी ने कहा कि भारत का इतिहास रहा है जब भी देश को जरूरत रही है कोई ना कोई संत जन्म लेते हैं। रविदास जी उस भक्ति आंदोलन के महान संत थे जिसने कमजोर और विभाजित हो चुके भारत को नई ऊर्जा दी थी। समाज को आजादी का महत्व बताया था और सामाजिक विभाजन को पाटने का काम किया था। उन्होंने ऊंच नीच, भेदभाव के खिलाफ उस दौर में आवाज उठायी थी। सब रविदास जी के हैं और रविदास जी सबके हैं। जगद्गुरु रामानंद के शिष्य के रूप में उन्हें वैष्णव समाज अपना गुरु मानता है। काशी में उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा की सीख दी थी। हमारी सरकार रविवाद जी के आदर्शों को आगे बढ़ा रही है। हमारी योजनाएं सबकी हैं। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का हमारा मंत्र आज देश के 140 करोड़ लोगों से जुड़ने का मंत्र बन गया हे।

## सीएम नीतीश की घोषणा... बिहार में नहीं मिलेगी मुफ्त बिजली

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार विधानसभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह घोषणा की है कि अन्य राज्यों की तरह बिहार में मुफ्त बिजली नहीं मिलेगी। बिहार में पहले से ही बिजली का दर कम है। बिजली खरीदने में ज्यादा पैसा लगता है। अगर उसमें थोड़ा पैसा लगेगा तो सबको सुविधा मिलेगी। विपक्ष के हंगामे और बजट भाषण का बहिष्कार करने पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि आपको तो शुरू से कह रहे हैं ना कि मुफ्त में नहीं दिया जाएगा। बहुत कम पैसे में हम बिजली देते हैं। जबकि सरकार को बिजली खरीदने में कितना पैसा लगता है आपको मालूम ही होगा। कई राज्यों में कुछ लोग कह देते है कि बिजली मुफ्त में देंगे। लेकिन हम तो शुरू से बोलते रहे हैं कि यह सबकी सुरक्षा के लिए है। अगर उसमें थोड़ा पैसा लगेगा तो सबको सुविधा मिलेगी। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र यादव के बारे में सीएम नीतीश ने कहा कि ये तो ईमानदार आदमी हैं खूब बढ़िया से काम कर रहे हैं।

वहीं ऊर्जा विभाग के बजट के दौरान बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि गरीब लोग बिजली बिल निर्धारित समय पर जमा करते हैं वीआईपी लोग ही गड़बड़ करते हैं। सिस्टम को ठीक करने के लिए कड़ाई की गयी है। उन्होंने कहा कि बगल के राज्यों का बिजली बिल देखें और बिहार का बिजली बिल भी देंखे यदि अन्य राज्यों से बिजली बिल ज्यादा महंगा होगा तो निश्चित रूप से इसे हम सस्ता करेंगे। दूसरे राज्यों पर एनटीपीसी का 3 लाख करोड़ बिजली का बकाया है ये फ्री बिजली कब तक चलेगा। कहां से आएगा पैसा..पैसा कोई गाछ में फड़ता नहीं है..पैसा तो कही ना कही तो पब्लिक से ही लिया जाएगा।

## भारी मात्रा में हथियार व जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**केटी न्यूज/मधेपुरा**

गुप्त सूचना के आधार पर कुख्यात हथियार तस्कर ललित मंडल और अनिल मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपी के पास से 6 देशी कट्टा एक मास्केट, एक मोबाइल और 15 जिंदा कारतूस बरामद किया गया। बता दें कि मधेपुरा एसपी संदीप कुमार के निर्देश व उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चौसा पुलिस ने यह कार्रवाई की। दरअसल गिरफ्तार अपराधी ललित मंडल वर्ष 2019 के दौरान भी हथियार तस्करी के मामले में जेल जा चुका है।

उस पर रंगदारी हथियार तस्करी और लेवी जैसे कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस के मुताबिक मधेपुरा और सीमावर्ती इलाका नौगछिया, भागलपुर, खगड़िया आदि जगहों पर हथियार सप्लाई करने का भी आरोप है। वहीं इस मामले को लेकर मधेपुरा एसपी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के संबंध में गुप्त सूचना मिली थी, जिसका त्वरित अवलोकन कर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने चौसा थाना क्षेत्र के धुरिया गांव से कुख्यात ललित मंडल और अनिल मंडल को गिरफ्तार किया गया है।

### फारबिसगंज में बंधन बैंक कर्मी से 12 लाख रुपया की लूट

**फारबिसगंज।** गुरुवार को शाम करीब 05.30 बजे फारबिसगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रामपुर ओवरब्रिज के पास बंधन बैंक के कर्मी से 12 लाख रुपया की लूट हो गई। जानकारी के अनुसार 2 मोटर साइकिल पर सवार कुल 4 अपराधकर्मियों ने घटना को अंजाम दिया। घटना की सुचना पर फारबिसगंज थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराधकर्मियों का पीछा किया गया। इस क्रम में लूट की घटना के पश्चात भाग रहे अपराधियों में से एक की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसपर सवार एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के प्रयास में पुलिस जुटी है।

## सीएम नीतीश ने 459 करोड़ रु की लागत से बने 139 पुलिस भवनों का किया उद्घाटन

# पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें: सीएम

**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में रिमोट के माध्यम से बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा राज्य पुलिस एवं कारा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 459.52 करोड़ रुपये की लागत से नवनिर्मित 139 भवनों का उद्घाटन तथा 996.53 करोड़ रुपये की लागत से बननेवाले 192 भवनों का शिलान्यास किया। साथ ही कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना जांच एवं मुआवजा भुगतान हेतु परिवहन विभाग की ओर से पुलिस पदाधिकारियों को सॉफ्टवेयर युक्त 1220 स्मार्ट मोबाईल फोन प्रदान किया गया।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम बेहतर कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का शिलान्यास कराया गया है और जो भी बचे हुए कार्य हैं उसे तेजी से पूर्ण करें। सभी पुलिस थानों एवं पुलिस भवनों के ऊपर सोलर प्लेट लगवाएं ताकि सौर ऊर्जा का वहां उपयोग हो सके। सभी पुलिस भवनों एवं थानों को मेंटेन रखें। पुलिस भवन एवं थाना में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था रखें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस गश्ती निरंतर हो, इसे सुनिश्चित करें। गड़बड़ी करनेवालों पर सख्त कार्रवाई करें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं निर्देशन में राज्य के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा कई पुलिस भवनों का निर्माण कार्य किया गया है। पिछले वर्ष निगम का टर्न ओवर 339 करोड़ रुपया था, जो इस वर्ष 500 करोड़ टर्न ओवर रहने की संभावना है। वर्तमान में निगम कुल 2750 करोड़ रुपये की योजनाओं पर कार्य कर रहा है। विगत तीन वर्षों में 5 पुलिस केंद्र, स्वाभिमान बटालियन सहित 373 थानों, ओ०पी० की स्वीकृति दी गई है।



# जनता से मांग रहा हूं आर्शीवाद, युवाओं को दें अब मौका : तेजस्वी यादव

♦ कहा - नीतीश कुमार हो गए हैं बुजुर्ग, युवा को मौका दीजिए

केटी न्यूज/औरंगाबाद

जन विश्वास यात्रा के चौथा दिन शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव औरंगाबाद पहुंचे। इसके बाद उन्होंने शहर के गांधी मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। मौके पर राजद एवं माले के नेताओं ने फूल मालाओं के अलावा शॉल से सम्मानित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को लेकर कार्यकताओं का उत्साह चरम पर था। तेजस्वी यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाने पर लिया। उन्होंने सीएम पर राज्य में बिना किसी दृष्टिकोण के शासन करने और बिना किसी कारण गठबंधन सहयोगियों को बदलने का आरोप लगाया। तेजस्वी यादव ने कहा कि जनता का विश्वास तथा समर्थन इंडी गठबंधन के साथ है और आगामी लोकसभा चुनाव में यह गठबंधन शानदार प्रदर्शन करेगा। यहां के लोगों से आशीर्वाद मांगा हैं। यादव ने कहा



कि वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने 10 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था और अपने केवल 17 महीने के कार्यकाल में उन्होंने इस वादे निभाने का बखूबी प्रयास किया जिससे 5 लाख से अधिक लोगों को नौकरी मिल सकी। उन्होंने कहा कि हम केवल वादा करने में विश्वास नहीं करते हैं बल्कि काम करके दिखाते हैं। यही कारण है कि जनता का विश्वास आज हमारे साथ है । यादव ने कहा कि पीएम मोदी के इशारे पर इंडिया गठबंधन को तोड़ दिया गया जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर रहे थे। ऐसे में अब वह समय आ चुका हैं, जब लोग अपने वोट की ताकत से गठबंधन की सरकार बनाएंगे। इस

## 40 सीटों पर जीतेगी एनडीए : उपेंद्र कुशवाहा

**जहानाबाद।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सुप्रीमो एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि तेजस्वी यादव को जनता ने इसलिए चुना था कि वह जनता के आवाज को सदन में उठाएं। लेकिन वे सदन को छोड़कर यात्रा पर निकले हुए हैं। और सब जगह जाकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोस रहे है। जबकि दूसरा कोई होता तो नीतीश कुमार के पैर धोकर पीता। उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में बिहार का 40 का 40 सीट एनडीए के खाते में जाएगी। क्योंकि जिस तरह से अति पिछड़ा समाज से आने वाले पीएम नरेंद्र मोदी ने हर तबके के लोगों के लिए कार्य किया है उस सभी तबके के लोग काफी खुश हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने कहा नीतीश कुमार के ही कोरामिन पर राजद के लोग आज जिंदा हो गए है। नहीं तो राजद का आज कहीं आता-पता नहीं रहता। क्योंकि 2015 में नीतीश कुमार ने राजद को कोरामिन दिया था।

# छात्रों से लदी बस पलटी, 19 घायल, घटना के बाद चालक फरार

केटी न्यूज/औरंगाबाद



नवीनगर प्रखंड के काशी तेंदुआ गांव के समीप डीएवी स्कूल के छात्रों से भरी बस पलट गई। बस पर सवार लगभग 19 छात्र-छात्राएं घायल हो गए। घायलों में आयुष कुमार, लक्ष्मी लता, रिचा कुमारी, नवाब अली, सरिया एजाज, आर्यन पाठक, मो. शबाहत, फैजल खान, स्वामी कुमारी, आर्यन कुमार, रिचा सिंह, आयुष कुमार, आर्यन कुमार, सौरभ कुमार समेत अन्य शामिल है। घटना के संबंध में नवीनगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि नवीनगर डीएवी की बस झारखंड के जपला से बच्चों को लेकर चली थी। प्रतिदिन जपला से दो बसें बच्चों को लेकर विद्यालय जाती थी। लेकिन आज एक ही बस जपला से बच्चों को लेकर विद्यालय के लिए चली थी, जैसे ही काशी तेंदुआ गांव के समीप पहुंची तभी ओवरटेक करने के दौरान बस अनियंत्रित हो गई और बस पलट गई। लोगों का कहना है कि बस अनियंत्रित होने के बाद चालक बस से कूदकर फरार हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोग व थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां सभी का उपचार किया गया फिलहाल सभी बच्चों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## खबरें फटाफट

### 26 पुड़िया हेरोइन के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा।** तरारी थाने की पुलिस ने हेरोइन के साथ रोहतास के एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। उसे गुरुवार को थाना क्षेत्र के अकरौंज मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से 26 पुड़िया हेरोइन और एक अपाची बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार धंधेबाज रोहतास जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी इद्दू सिद्धकी का पुत्र मो.असरफ अली है। वह रोहतास और सीमावर्ती इलाकों में घूम–घूमकर हेरोइन की डिलेवरी करता है। उसके खिलाफ रोहतास जिले में पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि गुरुवार को थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार भास्कर के नेतृत्व में पुलिस टीम तरारी करथ रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार युवक पुलिस को देख भागने लगा। उस पर पुलिस द्वारा उसे खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 26 पुड़िया हेरोइन बरामद की गयी।

### पॉक्सो आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**औरंगाबाद।** पॉक्सों एक्ट में फरार एक आरोपित के घर महिला थाना की पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया हैं। मामला थाना क्षेत्र के राम राजनगर की हैं। जहां आरोपित के घर पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया हैं। आरोपित पियूष कुमार बीते काफी दिनों से मामले में फरार चल रहा है। इस दौरान थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने इश्तेहार को पढ़कर आरोपी के परिजन एवं स्थानीय लोगों को सुनाया। इसके बाद घर की दीवार पर इश्तेहार चस्पा किया। पुलिस के अनुसार, इश्तेहार में आरोपी को एक महीने के अंदर न्यायालय में हाजिर होने का समय दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर पुलिस ने कुर्की जब्ती की प्रक्रिया करने का अल्टीमेटम दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में केस दर्ज हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी अभियान चल रहा था, लेकिन लगातार वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो जा रहा था।

## तेलपा ओपी क्षेत्र के राधे बिगहा गांव के समीप चल रहा था फैक्ट्री

# अरवल में मुर्गा फार्म की आड़ में चल रहे अवैध हथियार फैक्ट्री का उद्भेदन, 14 गिरफ्तार

केटी न्यूज/अरवल

मुर्गी फार्म की आड़ में चल रहे मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन पुलिस ने किया। यह फैक्ट्री शहर तेलपा ओपी क्षेत्र के राधे बिगहा गांव के समीप चल रही थी। पुलिस ने 9 कारीगर और पति, पत्नी, बेटे के साथ समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस आशय की जानकारी पुलिस अधीक्षक विद्या सागर ने दी। उन्होंने बताया कि अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव रंजन और एसटीएफ की संयुक्त अभियान में छापेमारी की गई। जिसमें मामा भांजा मिलकर मुर्गी फार्म के आड़ में चला रहे हथियार बनाने की फैक्ट्री को पकड़ा गया। इस दौरान पुलिस ने 2 दर्जन से अधिक हथियार बरामद की है। जिसमें सिक्स वैरल की भी हथियार बरामद हुई है। इसके अलावे भारी मात्रा में अर्धनिर्मित हथियारों का जखीरा व अवैध हथियार तैयार करने वाले उपकरणों को जब्त किया है। पुलिस के अनुसार अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री देखकर पुलिस के होश उड़ गये थे। पुलिस को 12 घंटे से अधिक का समय उपकरण जप्त करने में लग गये थे। मुख्य सरगना



मुकेश कुमार अपने भांजा लड्डु कुमार के साथ मिलकर अवैध मिनी गन फैक्ट्री का संचालन कर रहा था। मिनी गन फैक्ट्री से बरामद उपकरणों को चार ट्रैक्टर पर लोड कर पुलिस करपी थाने लेकर आई। पुलिस ने दो बड़े-बड़े जनरेटर को भी जप्त किया है जिससे बिजली सप्लाई दी जाती थी कई बड़े-बड़े लेट मशीनों को पार्ट्स खोलकर पुलिस जप्त की। बिहार के बाहर बंगाल झारखंड और उत्तर प्रदेश में हथियार की सप्लाई करता था। आसपास के इलाकों में भी हथियार सप्लाई हो रही थी। गांव के लोगों को जेसीबी के पाट्र्स बनाने के बहाना बनाकर पूरे गोरख धंधे को अंजाम दे रहा था।

**बालू चोरी से शुरू किया था अपराधः** मुख्य सरगना मुकेश कुमार बालू चोरी से अपराध की दुनिया में कदम रखा था औ बालू चोरी से अपराध की दुनिया में कदम रखा था और देखते ही देखते जुर्म की दुनिया में अपनी बादशाहत कायम कर लिया। औरंगाबाद जिले के हसपुरा में ज्वेलर्स दुकान में लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। वहीं जिनोरिया में 74 लाख रुपए की बैंक लूट की घटना को भी अंजाम दिया। बैंक लूट का मुख्य आरोपी भी मुकेश कुमार को बनाया गया था। इसके अलावा हत्या लूट डकैती जैसे कई वारदातों को अंजाम दे चुका है। मगध के इलाकों में कई आपराधिक वारदातों अंजाम देता था। कई बार उसे पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी हैं। उसके बाद जेल से ही हथियार बनाने की फैक्ट्री चलाने का प्लान बनाया। जेल में ही उसे हथियार बनाने वाले मुंगेर की एक व्यक्ति से मुलाकात हुई उसके बाद से उसने मुर्गी फार्म के आड़ में मिनी गन फैक्ट्री का निर्माण कराया। और मुंगेर से कारीगर बुलाकर अवैध हथियार निर्माण करने लगा।

**हथियार निर्माण कर गांव के कुएं में की जाती थी टेस्टिंगः** मिनी गन फैक्ट्री में बने हथियार को रात्रि में गांव के कुएं में फायरिंग कर टेस्ट किया जाता था। ज्यादातर टेस्टिंग मध्य रात्रि के बीच किया जाता था ताकि पुलिस को किसी प्रकार की भनक न लगे। अधिक्तर बाहर के लोग हथियार खरीदने गांव में आते थे। हथियार के लिए आए लोगों युवतियों को भी साथ लेकर आते थे और स्कूल में बच्चों की उपस्थिति के लिए सर्वे करते थे सर्वे के अधिकारी बताकर हथियारों की तस्करी हो रही थी।

**पति पत्नी समेत पूरे परिवार गोरख धंधा में से शामिलः** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर ने बताया की गिरफ्तार मुख्य आरोपी मुकेश अपनी पत्नी दुर्शी देवी और लड्डु अपनी आरती देवी को भी इस धंधे में शामिल रखते थे। कारीगरों को खाना खिलाने से लेकर फैक्ट्री में हथियार निर्माण होने के बाद दूसरे मकान में रखा जाता था जिससे दोनों की महिलाएं हथियार वाहनों तक पहुंचती थी। मुंगेर से 9 कारीगरों को लाया गया था जिसे अलग-अलग घरों में कैद कर रखा जाता था। गिरफ्तार सुनील कुमार दास, दशरथ शाह फिनिशर कारीगर के रूप में काम करते थे इसके अलावा पंकज कुमार लेथ कारीगर नंदू चौधरी फिटिंग कारीगर राहुल कुमार हाल कारीगर विशाल कुमार हेल्पर संजय कुमार शाह, प्रवीण कुमार ड्रिल कारीगर आशीष कुमार ग्राइंडर कारीगर के रूप में काम कर्ता था।

## एक नजर

### लूटपाट का विरोध करने पर बालू लदे ट्रक के खलासी को गोली मारी, चालक से छीने 20 हजार

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर क्षेत्र के जमालपुर गांव के समीप शुक्रवार की सुबह अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर बालू लदे ट्रक के चालक और खलासी से लूटपाट की गयी। उस दौरान चालक से बीस हजार रुपए लूट लिया गया और विरोध करने पर मधुबनी निवासी खलासी को गोली मार भी दी गयी। उससे पहले चालक और खलासी के साथ मारपीट की गयी। गोली खलासी के दायीं साइड सीने के पास लगी है। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है, जहां डाक्टर विकास सिंह द्वारा ऑपरेशन कर उसके सीने में फंसी गोली निकाल दी गयी है। जख्मी खलासी मधुबनी जिले के सकरी थाना क्षेत्र के सकरी गांव निवासी राम खेलावन पासवान का 28 वर्षीय पुत्री रामदेव पासवान है। इधर, अहले सुबह खलासी को गोली मारे जाने और लूट की घटना से इलाके में सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन की। चालक और खलासी सहार के ननउर घाट से बालू लेकर मधुबनी लौट रहे थे। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि ट्रक ड्राइवर और खलासी से मारपीट कर तीन-चार की संख्या में रहे अपराधियों द्वारा लूटपाट की गई। चालक से बीस हजार रुपए भी छीन लिया गया। खलासी रामदेव पासवान के हाथ में गोली भी लग गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस द्वारा खलासी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वह खतरे से बाहर है। एएसपी परिचय कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर पूरी जानकारी ली। अपराधियों की गिरफ्तारी को छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभ गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी।ट्रक के चालक किशुन महतो ने बताया कि वह खलासी रामदेव पासवान के साथ बालू लेने सहार थाना क्षेत्र के ननउर बालू घाट गया था। शुक्रवार की सुबह बालू लोड कर दोनों मधुबनी लौट रहे थे। उस दौरान सुबह करीब पांच जमालपुर गांव के समीप पहुंचा। तभी आठ-दस की संख्या हथियारबंद अपराधी वहां आ धमके। उसके बाद पहले दोनों की बांस से पिटाई की गयी। फिर खलासी रामदेव पासवान को गोली मार दी गयी।

# अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को रौंदा

केटी न्यूज/जहानाबाद

जहानाबाद-अरवल सड़क पर केंदुई गांव के समीप अज्ञात वाहन एक व्यक्ति को रौंदा दिया। जिससे घटना स्थल पर ही व्यक्ति की हुई मौत हो गई। पुलिस के अनुसार केन्दूई गांव निवासी वीरेंद्र पासवान उम्र 40 वर्ष शुक्रवार की सुबह सड़क के किनारे जा रहा था। तभी अज्ञात वाहन टक्कर मार दिया जिसके कारण सड़क के किनारे गिर गया। इस घटना की सूचना आसपास के लोगों द्वारा परस बीघा थाने के पुलिस को दी गई पुलिस मौके पर पहुंचकर उस व्यक्ति को सड़क पर से उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा उस व्यक्ति को मृत



घोषित कर दिया। डॉक्टर का कहना है कि पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में एक घायल व्यक्ति को इलाज के लिए लाया गया है। लेकिन अस्पताल आने के पहले ही इस व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इस घटना की सूचना इसके परिवार जनों को दिया गया है मौत की खबर लगते ही परिवार में कोहराम मच गया परिवार जनों को रोते रोते बुरा हाल है। गजेंद्र कुमार जेसीओ ने बताया कि हम लोगों को सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क के किनारे गिरा हुआ है तभी हम लोग उस व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## अनियंत्रित बाइक डिवाईडर से टकराया, एक की मौत

**औरंगाबाद।** गोह दाउदनगर मुख्य पथ पर निजामपुर गांव के समीप टॉप प्लाजा के पास गुरुवार की देर शाम लगभग 9 बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिसमें बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। जबकि बाइक पर सवार अन्य दो लोग जख्मी हो गए। मृतक की पहचान मीरपुर गांव निवासी मनोज यादव के 24 वर्षीय पुत्र तेज प्रताप के रूप में की गई है। घटना के सबंध में बताया जाता है कि तीनों बाइक पर सवार होकर आवश्यक कार्य को लेकर औरंगाबाद गया हुआ था। कार्य कर लौटने के दौरान निजामपुर निमार्णाधीन टॉल टेक्स प्लाजा के समीप डिबाइडर से टकरा गई। जिसके बाद यह घटना हुई।

# उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य का भव्य स्वागत

केटी न्यूज/जहानाबाद



भारतीय जनता पार्टी भोजपुर में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय केशव प्रसाद मौर्य जी का भव्य स्वागत किया। आपको बताते चले कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सह उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी आज आरा प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम एवं जगदीशपुर के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी हीं आरा-पटना फोरलेन पर कोईलवर पुल के समीप भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के कार्यकताओं ने गाजे बाजे एवं अंगवस्त्र,फूलमालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया। वही पार्टी के कार्यकताओं ने केशव मौर्य जिंदाबाद, जय जय श्री राम के नारों का जय घोष किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, ओबीसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी, राकेश शर्मा, राम दिनेश यादव, कौशल यादव, संतोष सिंह, पुरुषोत्तम सोनवान,कन्हैया सिंह, विभु जैन, श्याम प्रकाश बिंद, शेखर गुप्ता, सरवन गुप्ता, पिंटू साहनी, महेंद्र, कुशवाहा, सुरेंद्र मंडल, विभा रानी उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया प्रभारी सतीश गुप्ता ने दी। वही इस कार्यक्रम में सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस दौरान कार्यकर्ताओं को उत्साह चरम पर था।

# डीएम ने किया विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का निरीक्षण

केटी न्यूज/औरंगाबाद

औरंगाबाद। शहर के कर्मा रोड में बीएलइण्डों स्कूल के सामने संचालित विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान का जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्ता, आया आदि सभी कर्मी उपस्थित थे। उक्त संस्थान में वर्तमान में 07 बच्चे (विशेष आवश्यकता वाले 05 बच्चे सहित) आवासित है। इन बच्चों के आवासन साफ-सफाई, उचित देखभाल एवं व्यवस्था से जिला पदाधिकारी ने संतुष्टि जाहीर करते हुए सहायक निदेशक, बाल संरक्षण को निदेश दिया गया कि बच्चों से संबंधित सभी आवश्यक सामानों को संस्थान में उपलब्ध कराने एवं विशेष साफ-सफाई आदि का ध्यान रखा जाए। साथ ही गोद लेने की प्रक्रिया का वृहत पैमाने पर प्रचार-प्रसार भी किया जाए। इस मौके पर समन्वयक, सामाजिक कार्यकर्त्ता, आया आदि सभी कर्मी मौजूद थे।



इसके उपरांत जिला निरीक्षण समिति के सदस्यों द्वारा विधि विरुद्ध बालकों हेतु बभंडी में संचालित सुरक्षित स्थान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों से पूछ-ताछ भी की गई। गृह में आवासित बालकों को मुहैया कराये जा रहे भोजन एवं कपड़ा पर संतोष व्यक्त किया गया। सभी सदस्यों द्वारा सभी बच्चों को अपने पढ़ाई को जारी रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मु०), सहायक निदेशक, बाल संरक्षण एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) उपस्थित थे।






# अटांव में क्रिकेट खेल रहे युवक की पिकअप से कुचलकर हत्या, आरोपित फरार

- पिता ने दर्ज कराया हत्या का एफआईआर
- शादी वाले घर में मांगलिक गीतों की जगह मचा कोहराम

**केटी न्यूज/डुमरांव**



स्थानीय थाना क्षेत्र के अटाव गांव में एक पिकअप चालक ने युवक को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त आस पास में मौजूद लोगों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन वह गाली गलौज और धमकी देते हुए पिकअप ले भाग निकला। इस मामले में मृतक के पिता ने डुमरांव थाने में गांव के ही पिकअप चालक पर पिकअप से रौंद अपने पुत्र की जानबूझकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वही इस घटना से शादी वाले घर में कोहराम मच गया है। मृतक गांव के सतीश पासवान का पुत्र चितरंजन पासवान है। बताया जाता है कि रविवार को ही मृतक के बड़े भाई रविरंजन पासवान की बारात जाने वाली थी। तिलक का रस्म संपन्न हो गया था। गुरुवार को हल्दी के बाद घर के लोग बारात की तैयारी में जुटे थे। मांगलिक गीतों का दौर जारी था। इसी दौरान यह मनहूस घटना हुई। जिससे पीड़ित परिवार में मांगलिक गीतों के जगह क्रंदन चीत्कार मच गया। घटना के बाद से उसके परिजन बदहवास से हो गए हैं। मृतक के चाचा मानेद्र पासवान ने कहा कि उसके सामने है गांव के गोवर्धन यादव पिता गोपाल यादव नामक पिकअप चालक ने उसे जानबूझकर रौंद दिया। घटना के बाद से गांव में तनाव कायम है। जबकि पिकअप चालक अपना वाहन लेकर भागने में सफल रहा। स्थानीय पुलिस घटना के जांच पड़ताल के साथ ही शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजी।

**क्रिकेट खेल रहा था युवक, तभी हुई घटना:** जानकारी के अनुसार चितरंजन शुक्रवार को सुबह गांव के ही कुछ लड़कों के साथ स्कूल के पास मैदान में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान वहां गोबर्द्धन यादव अपनी पिकअप, जिसका नंबर डब्लूबी 11 एफ 3724 लेकर पहुंचा तथा क्रिकेट खेल रहे चितरंजन को बूरी तरह से रौंदने लगा। इस दौरान वहां मौजूद मृतक के चाचा मानेन्द्र पासवान समेत अन्य लड़के पिकअप चालक को रोकने का प्रयास किए। लेकिन, उसने किसी की एक न सुनी। प्रत्यक्षदर्शी मानेन्द्र ने बताया कि पहली बार उसे धक्का मार आगे बढ़ने के बाद वह फिर से बैक आया तथा उसे रौंद दिया, इसके बाद भी वह रूका नहीं तथा एक बार फिर आगे से उसे रौंद भाग खड़ा हुआ। हालांकि ग्रामीण सूत्रों की मानें तो आरोपित गोबर्द्धन पिकअप चलाने सीख रहा था, इसी दौरान यह हादसा हो गया।

**क्या कहती हैं थानाध्यक्ष:** चितरंजन पासवान की मौत पिकअप के धक्के से हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेजा गया है। उसके पिता ने उसी गांव के गोबर्द्धन यादव पर जानबूझकर हत्या करने का आरोप लगा एफआईआर कराया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी हो रही है। – **अनिशा राणा, प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष, डुमरांव**

## एक नजर

### रेडक्रॉस भवन में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर, 21 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



**बक्सर।** शुक्रवार को रोटरी क्लब बक्सर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में कुल 21 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का आयोजन रेड क्रॉस भवन में किया गया था, जहां रोटरी के सदस्यों एवं अधिकारियों ने रक्तदान कर जिले के रक्त अधिकोष को मजबूत बनाया। यह रक्तदान जरूरतमंदों की जीवन को बचाने में अपने महत्वपूर्ण भूमिका के तहत किया गया। रक्तदान को लेकर रेड क्रॉस भवन में पूरे दिन रक्तदाताओं के आने जाने का सिलसिला जारी रहा। रक्तदान शिविर रक्तवीर प्रियेश कुमार के नेतृत्व में लगाया गया था। उन्होंने बताया कि रक्तदान महादान है, इससे किसी जरूरतमंद की जीवन को बचाया जा सकता है। युवाओं को किसी जरूरतमंद की जीवन बचाने के लिए ब्लड डोनेट करना चाहिए। इस क्रम में सत्येंद्र कुमार सिंह, आनंद कुमार ओझा, विजय कुमार सिंह, राजकुमार सिंह, निर्मल कुमार, राजा बाबू, प्रभा रंजन, नीरज सिंह, अनिल कुमार, दीपक कुमार, अभिषेक लोहिया, विजयंत सिंह, शिव शंकर सिंह, अभिनव कुमार राय, अभिषेक राय, विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, नितेश कुमार सिंह, प्रियरंजन कुमार, प्रिय प्रकाश समेत अन्य शामिल रहे।

### कुंआ में शव होने शव की अफवाह पर घंटों हलकान रही नावानगर पुलिस

**केसठ।** शुक्रवार को केसठ हाई स्कूल के पास एक कुंआ में शव होने को लेकर पूरे दिन गांव में चचाओं का बाजार गर्म रहा। नावानगर पुलिस भी इस अफवाह को लेकर हलकन हुई। घंटों कुंआ के पास लोगों की भीड़ यह जानने के लिए जुटी रही कि कुंआ में आखिर किसकी लाश है। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद बोरे में बंद शव को कुंआ से बाहर निकाला गया। तो बोरे में से पशु के बच्चे का शव निकला। जिसे किसी पशुपालक द्वारा बोरे में बंद कर कुंआ में फेंक दिया गया था। जिसके बाद पुलिस टीम व ग्रामीणों को चैन मिली। वही इस घटना के बाद लोग यह कहते सुने गए कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम बच्चें स्कूल मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। उसी दौरान बॉल कुंआ में जा गिरा। जिसे निकालने पहुंचे बच्चों ने कुआं से बहुत तेज दुर्गंध निकलता पाया। जब वे कुंआ के अंदर झांक कर देखे तो, बोरे में कुछ बंधा हुआ दिखा। जिसे लोग किसी का शव समझकर आपस में चर्चा करने लगे। यह बात आग की तरह गांव में फैल गई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस द्वारा करीब तीन घंटे से अधिक समय तक रेस्क्यू चलाया गया। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष डॉ नंदू कुमार बताया कि सूचना मिल रही थी कुंआ में बंद बोरी में शव है, जिसके बाद तत्काल कुंआ से शव को निकाला गया तो बोर से जानवर का बच्चा का शव बरामद हुई। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में काफी चर्चा बना की इस तरह का हरक्कत कौन कर सकता है।

### कोरानसराय पुलिस ने फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**डुमरांव।** कोरानसराय पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैरिया गांव से हत्या के एक आरोपी को गुप्त सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह पिता स्व. जगमोहन सिंह पर स्थानीय थाने में पिछले वर्ष 4 अक्टूबर को हत्या का मामला दर्ज कराया गया था। जिसमें वह फरार चल रहा था। इसकी जानकारी देते हुए कोरान सराय थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वह अपने गांव आया है। इस सूचना पर एक टीम गठित कर छापेमारी करवाया गया। उन्होंने बताया कि आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

## खबरें फटाफट

### चौगाई में 500 ग्राम गांजा व 20 हजार नगद के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**चौगाई।** मुरार थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर मादक पदार्थो व शराब तस्करी से जुड़े तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 500 ग्राम गांजा, 20 हजार नगद रूपए तथा शराब का एक फुटी पैक बरामद हुआ है। गिरफ्तार सभी तस्कर मुरार थाना क्षेत्र के ही रहने वाले है। उनमें चौगाई केड़ी टोला के शिवनाथ यादव का पुत्र हरेन्द्र यादव, शिवपुर के स्व. रामाशीष सिंह के पुत्र बिरेन्द्र कुमार सिंह तथा चौगाई पश्चिम पट्टी के स्व. थनुक साह का पुत्र किशोरी साह शामिल है। मिली जाकारी के अनुसार हरेन्द्र यादव पश्चिम पट्टी बिट्ठल बाबा मंदिर के पास पान की गुमटी का संचालन करता है। इसी के आड़ में वह गांजा की तस्करी कर रहा था। स्थानीय पुलिस को किसी ने इसकी सूचना दे दी। इस सूचना पर पुलिस ने तत्काल उसके दुकान का तलाशी लिया तो दुकान से गांजा की खेप बरामद हुई। तब पुलिस उसे गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की तो उसकी निशानदेही पर बिरेन्द्र व किशोरी को पकड़ा गया। मुरार थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेजा जा रहा है। ज्ञात हो कि पुलिस मादक पदार्थ व शराब तस्करी रोकने को लेकर हर दिन अभियान चला रही है।

## जन विश्वास यात्रा के तहत बक्सर पहुंचे तेजस्वी यादव, सीएम पर साधा निशाना

# डेढ़ वर्ष पूर्व मेरे पिता और मां के पास पहुंच गिड़गिड़ा रहे थे नीतीश कुमार

- बोले तेजस्वी यादव- राजद एटूजेड की पार्टी, ऐतिहासिक होगी तीन मार्च की रैली
- 17 महीने में राजद गठबंधन ने दी पांच लाख नौकरी
- कहा- मोदी गारंटी लेंगे की फिर नहीं पलटेंगे नीतीश

**केटी न्यूज/बक्सर**

राजद ए टू जेड की पार्टी है। हम काम में विश्वास करते हैं तथा बिहार की जनता से किए वादों पर खरा उतरा हूं। राजद गठबंधन के 17 महीने के सरकार में ही बिहार में पांच लाख नौकरिया दी गई है। एक थके हुए मुख्यमंत्री को हमने दौड़ाने का काम किया। उक्त बातें नेता प्रतिपक्षा तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को बक्सर के किला मैदान में कही। वे यहां जन विश्वास यात्रा के तहत आए थे। उन्होंने कहा कि राजद माई-बाप की पार्टी है। फिर उन्होंने इसका अर्थ भी समझाया।

उन्होंने लोगों से बिहार में पढ़ाई, दवाई, कमाई, सिंचाई, कार्रवाई और सुनवाई की सरकार के लिए आईनडीआईए गठबंधन को आशीर्वाद देने को कहा। इस दौरान वहां मौजूद हजारों लोगों ने करतल ध्वनियों से उनके इस बात का समर्थन किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कि मोदी जी इस बात की गारंटी लेंगे कि वे फिर से पलटी नहीं मारेंगे। उन्होंने कहा कि डेढ़ वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेरे पिता और मां के पास पहुंच गिड़गिड़ा रहे थे कि भाजपा वाले मेरा पार्टी तोडना चाहते है, आप बचा लीजिये। लेकिन, बिना किसी वजह के उन्होंने गठबंधन तोड़ लिया। गठबंधन तोड़ने के पहले और बाद उन्होंने कुछ भी कारण नहीं बताया। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के साथ सरकार बनाने के पूर्व हमारी शर्त थी की चुनाव के दौरान हमने मालिक रूपी जनता से वादा किया है कि सत्ता में आएंगे तो दस लाख नौकरी देंगे, जिसे आप पूर्ण करेंगे तो हम साथ आने को तैयार है। जिसके बाद 15 अगस्त 2022 को गांधी मैदान से भाषण में उन्होंने दस लाख नौकरी देने का ऐलान किया था। तेजस्वी ने कहा कि पिछले 17 महीने में पांच लाख नौकरी देकर जनता से किए वादे को पूरा किया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष शेषनाथ सिंह यादव ने किया। मंच पर सदर विधायक संजय कुमार तिवारी उर्फ. मुन्ना तिवारी, डुमरांव विधायक अजित कुशवाहा, ब्रह्मपुर विधायक शम्भू यादव, राजद के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह, राजेश यादव, अंकित यदुवंशी, मनोज पांडेय समेत राजद, कांग्रेस, वाम दलों के कई अन्य नेता मंचसीन थे। तेजस्वी की सभा के दौरान किला मैदान खचाखच भर गया था। लोग उनकी एक झलक पाने को बेताब दिखे।



### बिहार की भलाई के लिए आशीर्वाद लेने आए हैं

तेजस्वी यादव ने मंच पर आते ही सबसे पहले जिले के कोने कोने से आये बुजुर्गों को हाथ जोड़कर प्रणाम किया और कहा कि हम यहां बिहार की भलाई के लिए आपका आशीर्वाद लेने आए है। उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी और मां दोनों मुख्यमंत्री रहे है, जबकि मैं दो बार उप मुख्यमंत्री रह चुका हूं। अब मुझे कुछ नहीं चाहिए, बल्कि बिहार की जनता के लिए मैं मैदान में उतरा हूं। उन्होंने कहा कि जनता हमारी मालिक है हम जनता का आशीर्वाद और विश्वास लेने आये हैं।



### लोगों को दिया आईएनडीआईए की रैली का न्योता

अपनी सभा के दौरान तेजस्वी यादव ने 3 मार्च को पटना में आयोजित आईएनडीआईए गठबंधन की रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों के आने का न्योता दिया। उन्होंने कहा कि यह रैली ऐतिहासिक होने जा रही है। उन्होंने लोगों से पूछा कि आप इस रैली में आएंगे, जबाव में भीड़ ने हाथ उठाकर समर्थन किया। **जगह जगह हुआ स्वागत:** डुमरांव से लेकर बक्सर तक दर्जनों जगह राजद तथा महागठबंधन से जुड़े नेताओं ने उनका स्वागत कर साथ होने का भरोसा दिलाया।

# चुनाव से पहले गायब हुए 67 आग्नेयास्त्र लाइसेंसधारियों के खिलाफ नोटिस जारी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं स्वच्छ वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी थाना क्षेत्रों में शस्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन कराने के लिए पांच, छह व सात फरवरी के अलावे दूसरे सत्र में छूटे हुए शस्त्रों के सत्यापन को लेकर 15, 16 और 17 फरवरी तक सत्यापन की तिथि निर्धारित की थी। बावजूद चार थाना क्षेत्र के 67 लाइसेंसधारियों ने अपने शस्त्रों का सत्यापन नहीं कराया। ऐसी स्थिति में जिला प्रशासन ने उन लाइसेंसधारियों के खिलाफ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की है। ससमय जवाब नहीं देने वाले लाइसेंसधारियों के खिलाफ लाइसेंस रद्द करने की कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

शस्त्रों के सत्यापन नहीं होने से प्रशासन में इस बात की आशंका गहराने लगी है कि कही ये आग्नेयाश्त्र अपराधियों या नक्सलियों के हाथ नहीं लग जाए। लोक सभा चुनाव के ऐन पहले लाइसेंसी हथियारों के गायब होने से प्रशासन की मुश्किलें बढ़ गई है। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार शस्त्र सत्यापन की समीक्षा में पाया गया है कि थाना नैनीजोर, मुरार, कृष्णाब्रम्ह और कोरानसराय के कुल 253 शस्त्रों के लाइसेंसधारी हैं लेकिन छह तिथियों में 186 लाइसेंसधारियों ने ही अपने शस्त्रों का सत्यापन कराया है जबकि 67 लाइसेंसधारियों के द्वारा सत्यापन नहीं कराया गया, जो आयुध अधिनियम 1959 एवं आयुध नियमावली 2016 के प्रावधानों एवं शर्तों का उल्लंघन हैं। जिला प्रशासन की माने तो लाइसेंसों का सत्यापन एवं नोटिस का जवाब नही देने वाले शस्त्रधारकों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# 48 घंटे बाद टूटा पूर्व विधायक डॉ. स्वामीनाथ का आमरण अनशन

- उप मुख्य मंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा की पहल पर माने पूर्व विधायक स्वामीनाथ तिवारी
- समस्याओं के समाधान के प्रति जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की उदासीनता से नाराज थे पूर्व विधायक

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बिहार भाजपा के स्तंभ व ब्रह्मपुर विधान सभा क्षेत्र के पूर्व विधायक नैनीजोर निवासी डॉ. स्वामीनाथ तिवारी का आमरण अनशन शुक्रवार को 48 घंटे बाद टूटा। डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने उन्हें नारियल पानी पिला अनशन तुड़वाया। उनके अनशन को तुड़वाने के लिए बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा ने खुद पहल कर उनकी समस्याओं का समाधान प्रमुखता से करवाने का आश्वासन दिया। जिसके बाद वे अनशन तोड़ने पर राजी हुए। बता दें कि 21 फरवरी को सुबह दस बजे नैनीजोर के आदिशक्ति जगतारिणी काली मां मंदिर परिसर में क्षेत्रिय समस्याओं के समाधान के प्रति जन प्रतिनिधियों की उदासीनता तथा अधिकारियों के लापरवाह रवैये से नाराज हो आमरण अनशन शुरू किया था। इसकी जानकारी मिलते ही शासन प्रशासन की बेचैनी बढ़ गई थी। वही राज्य सरकार तक उनके आमरण अनशन की खबर पहुंची। जिसके बाद दोनों मुख्यमंत्रियों ने तत्काल पहल किया। वे 19 सूत्री मांगों के समर्थन में आमरण अनशन किए थे। गौरतलब है कि पूर्व विधायक डॉ. स्वामीनाथ तिवारी अक्सर जन समस्याओं के समाधान के लिए आमरण अनशन का सहारा लेते है। वे अबतक अपने जीवन में 11 बार आमरण अनशन कर चुके है। मौके पर अनशन कार्यकारिणी समिति के संयोजक नंदकुमार तिवारी तथा समिति के अध्यक्ष जीउत मुनी उपाध्याय, डॉ हरे राम तिवारी, अवधेश तिवारी, ग्राम गौरव संस्थान के तेजनारायण कुंवर, किसान मोर्चा के सदस्य भरत तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद तिवारी उर्फ भुटेली तिवारी, सर्वदेव तिवारी, दक्षिणी नैनीजोर पंचायत के मुखिया गौरीशंकर तिवारी, कमलानन्द तिवारी, समाज सेवी कुमार निरंजन सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में अनिश्चितकालीन आमरण-अनशन को स्थगित करवाया गया।

## वार्षिक पूजनोत्सव: मां बसवनी की पूजा-अर्चना कर आर्शीवाद मांगेंगे श्रद्धालु

# मां बसवनी के दरबार में आज लगेगा भक्तों का रेला

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कांव नदी के पूर्वी छोर पर स्थित मां बसवनी की वार्षिक पूजनोत्सव शनिवार को बड़े ही धूमधाम के साथ मनायी जायेगी। नगरवासी श्रद्धापूर्वक मां बसवनी की पूजा-अर्चना कर जान-माल की सुरक्षा की मन्नतें मांगेंगे। वार्षिक पूजनोत्सव की तैयारी मंदिर समिति के लोगों द्वारा पूरी कर ली गयी। पूरे मंदिर परिसर को फूलों से सजाया गया है। आयोजन समिति द्वारा मेला में आये श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का भी वितरण किया जायेगा। बता दें कि सदियों पूर्व नगर में प्लेग नामक महामारी से जानमाल का भारी नुकसान हुआ था। बड़ी तादाद में लोग काल के गाल में समा गये थे। महामारी से सहमे नगरवासियों ने कांव नदी के पूर्वी तट पर एकत्रित हो मां बसवनी की पूजा-अर्चना की व नागरिकों के प्राण रक्षा की गुहार लगायी, जिसके बाद महामारी का प्रकोप थम गया। तब से आज तक मां बसवनी की पूजा शहरवासियों द्वारा काफी धूमधाम से की जाती है। वार्षिक पूजनोत्सव के अवसर पर अहले सुबह से ही शहरवासियों का तांता बसवनी मंदिर में पहुंचने लगता है। पूरे दिन पूजा-पाठ के साथ ही मां बसवनी के जयकारे से इलाका भक्तिमय बना रहता है। भक्तों ने बताया कि मां बसवनी की पूजा-अर्चना से रोग व्याधियों का शमन होता है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि मां बसवनी महामारियों से रक्षा करती है। सदियों से चली आ रही इस परंपरा को श्रद्धालु आज भी उसी श्रद्धा से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है।



### पकवान का चढ़ता है प्रसाद, आयोजित होता है मेला

मां बसवनी के वार्षिक पूजनोत्सव में प्रसाद के तौर पर श्रद्धालु अपने घरों में बनाए पूड़ी, पुआ, ठेकुआ जैसे पकवानों का ही प्रसाद चढ़ाते है। वार्षिक पूजा के मौके पर विशाल मेले का आयोजन होता है। जिसमें शामिल होने के लिए बच्चें लालायित रहते है। वही दंगल प्रतियोगिता भी आयोजित की जाती है। शहर से दूर व कांव नदी के रमणीक तट पर स्थित इस मंदिर परिसर में जाने वाले श्रद्धालुओं को असीम शांति की अनुभूति होती है। यही कारण है कि वार्षिकोत्सव में दूसरे प्रदेशों में भी रहने वाले लोग शामिल होने आते है।

### बिजली चोरी मामले में दो पर जुर्माने के साथ एफआईआर दर्ज

**कृष्णाब्रह्म।** बिजली कंपनी चौगाई प्रशाखा की टीम ने कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के अमथुआ गांव में छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान बिजली चोरी करते दो लोगों को रंगेहाथ पकड़ा गया। जिन पर जुर्माना लगाते हुए चौगाई जेई शैलेश कुमार ने कृष्णाब्रह्म थाने में एफआईआर दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार टीम ने रामाकांत यादव व मुरलीधर सिंह को बिजली चोरी करते चिन्हित किया है। कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों पर बिजली अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है।




# हेल्थ वेलनेस सेंटर पर आवश्यक दवाओं की रहे उपलब्धता: डीएम

- महिलाओं को नि:शुल्क भोजन, दवा एवं ड्राप बैंक की सुविधा, ओपीडी एवं अन्य सुविधाओं की किया गया समीक्षा
- मुहम्मदाबाद सीएचसी के समस्त स्टाफ को अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सम्पन्न हुई। जिसमें जननी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के तहत महिलाओं को नि:शुल्क भोजन, दवा एवं ड्राप बैंक की सुविधा, ओपीडी एवं अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। आयुष्मान गोल्डेन कार्ड समस्त अधीक्षक एवं एमओवाईसी को अभियान चलाकर लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहे, ओपीडी का संचालन तथा नियमित रूप से सीएचओ एवं एनएम की उपस्थिति का निर्देश दिया।



समीक्षा के दौरान मुहम्मदाबाद सीएचसी के समस्त स्टाफ को अच्छे कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में उन्होंने 108 एम्बुलेंस को निर्देश दिया कि निर्धारित समय से अधिक समय न लें। समस्त सीएचसी, पीएचसी पर सीसी टीवी कैमरा का संचालन रिकॉर्डिंग मोड पर रखने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित चिकित्सा अधीक्षकों को हेल्थ वेनलेस सेन्टर की क्रियाशीलता बराबर चेक करते रहने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान जननी सुरक्षा योजनान्तर्गत गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी लेते हुए लाभार्थी को बढ़ाने को तथा इस कार्यक्रम के अन्तर्गत महिलाओं को नि:शुल्क भोजन तथा दवा एवं ड्राप बैंक की सुविधा के साथ-साथ 48 घंटे रोके जाने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होने ई-कवच, जननी सुरक्षा योजना, जेएसवाई के भुगतान, मातृत्व मृत्यु दर की समीक्षा, परिवार कल्याण कार्यक्रम, टीकाकरण, आशा-जेएसवाई भुगतान, क्षय रोग नियंत्रण, कुष्ठ उन्मूलन, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं अन्य बिन्दुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जो भी शासन की योजनाएं संचालित है, उसका शत-प्रतिशत क्रियान्वयन हो, कोई भी पात्र योजना से वंचित न रहे। यदि कार्य करने में कोई भी कर्मचारी लापरवाही बरतता है। तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक,` समस्त एमओवाईसी एंव अन्य संबंधित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## खबरें फटाफट

### वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पर हुई चर्चा

**चंदौली।** मुख्य विकास अधिकारी एस एन श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति, वृक्षारोपण तथा जिला गंगा समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें सर्वप्रथम पर्यावरण समिति से संबंधित प्रकरणों पर विचार किया गया। जिसमें वायु प्रदूषण के प्रभावी नियंत्रण की समीक्षा की गई। इस दौरान बैठक में किए गए वृक्षारोपण की शत-प्रतिशत जियो टैगिंग कराने के साथ वन विभाग को प्रस्तुत किया जाए। बैठक में बताया गया कि लगाए गए पौधों की मॉनिटरिंग हेतु थर्ड पार्टी द्वारा जांच हेतु एफआरआई की टीम आएगी।

### चक्काजाम के मामले में 49 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बलिया।** गड़वार थानाध्यक्ष संजय शुक्ला ने शुक्रवार की दोपहर बताया कि गड़वार कस्बा के सिंह लॉज में मिले युवक के शव मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़क जाम करने वाले 14 नामजद व 35 अज्ञात कुल 49 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। गड़वार थानाध्यक्ष ने बताया कि कस्बा स्थित सिंह लॉज में एक युवक के शव पड़े होने की सूचना पर विधिक कार्यवाही की जा रही थी। इसकी जानकारी स्वजनों को देकर समझाया बुझाया जा रहा था, उसी दौरान कुछ लोग परिजनों को भ्रमित करते हुए उन्हें लेकर थाना के समीप सड़क जाम कर दी। जाम में एम्बुलेंस, स्कूली बसें सहित अन्य वाहन फंस गए। स्कूली बसों में फंसे बच्चे डर के मारे रोने लगे। काफी समझाने बुझाने के बाद भी जाम से नहीं हटे। आसपास के थाना प्रभारी के पहुंचने पर जाम छुड़ाया गया।

### लाखों दिलों पर राज करते हैं स्व.भोला सिंह

**बलिया।** सिविल कोर्ट स्थित क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन के सभागार में शुक्रवार की दोपहर वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. राम रणविजय प्रताप सिंह उर्फ भोला सिंह की 27वीं पुण्यतिथि सादगीपूर्वक मनाई गई। इस दौरान उनके तैल चित्र पर क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र, महासचिव अनिल कुमार मिश्र, स्व. राम रणविजय प्रताप सिंह के सुपुत्र प्रशांत कुमार सिंह व पौत्र प्रांजल सिंह द्वारा तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित किया।

## गहमर पुलिस ने घेराबंदी कर शातिर को गिरफ्तार करने में पायी सफलता

# शातिर बदमाश पुलिस मुठभेड़ में जखमी

- दरिंदे पर नाबालिग को अगवा कर कुकर्म व हत्या का है आरोप

केटी न्यूज/ गाजीपुर

पुलिस ने एक शातिर दरिंदे को मुठभेड में जख्मी कर गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। शातिर बदमाश पर नाबालिग लड़के को अगवा कर उसके साथ कुकर्म और हत्या का आरोप है। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार देवल चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि अपहरण, दुष्कर्म और हत्या का आरोपी संजय नट अपने गांव से निकलकर बाइक से भदौरा की तरफ जा रहा है। इस सूचना पर चौकी प्रभारी ने अपनी टीम के साथ अभियुक्त की घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया तो बाइक से झटका देते हुए आरोपी भदौरा की ओर भाग निकला। इसकी सूचना तत्काल प्रभारी निरीक्षक गहमर को दी गई। प्रभारी निरीक्षक गहमर ने तत्काल इस सूचना पर पूरी सक्रियता से अपनी टीम के साथ आगे से घेराबंदी कर दी। बदमाश की घेराबंदी की गई। पुलिस ने संजय नट को गिरफ्तार करने का प्रयास किया। इस दौरान गोली चलानी पड़ी जिसमें वह जख्मी हो गया। विदित हो कि थाना गहमर के ग्राम देवल में 19 फरवरी की शाम एक नौ साल का नाबालिग लड़का गायब हो गया था। काफी तलाशी के बाद संजय नट के घर में रखे बक्से में गुमशुदा बच्चे की लाश मिली थी। शव के बरामद होने के बाद से ही आरोपी संजय नट फरार चल रहा था। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि संजय नट भदौरा की ओर जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शातिर बदमाश को गिरफ्तार करने में सफलता पायी। उसका इलाज चल रहा है।



### अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर ट्राली में घुसी, युवक की मौत

**चंदौली।** धीना थाना क्षेत्र के रैथा गांव के पास शुक्रवार शाम तीन बजे के करीब बाइक सवार दो युवक पहले से खड़े ट्रैक्टर ट्राली में जा भिड़े। दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बाइक सवार दो युवक धीना की तरफ जा रहे थे। तभी कमालपुर अमड़ा मार्ग पर रैथा डाक बंगला के पास ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से बाइक सहित जा घुसे। जिससे मुकेश राय 35 वर्ष पुत्र स्व.योगेंद्र राय निवासी ग्राम पिपरी भैसा की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरा बाइक पर बैठा सहेन्द्र राजभर 55 वर्ष पुत्र जगपती राजभर बुरी तरह घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची धीना पुलिस शव को धीना थाने ले गयी। जिसकी पहचान मुकेश राय के रूप में हुई। घायल सहेन्द्र राजभर को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा जहां इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी रमेश यादव ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों के अनुसार युवक नशे की हालत में थे। उनकी बाइक काफी तेज थी। वह ट्रैक्टर में जा घुसी थी। जिस कारण यह घटना हुई।

### तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, इंटर के परीक्षार्थी की हुई मौत

**गाजीपुर।** जखनियां के रामपुर जीवन बेसों नदी पुल के पास शुक्रवार की सुबह तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई तथा पीछे बैठे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने दोनों युवकों को सदर अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। मालूम हो की नन्दगंज थाना क्षेत्र के सहेड़ी गांव निवासी विशाल सिंह यादव (19) पुत्र केदार यादव अपने मामा पंकज यादव निवासी सलेमपुर कियरिया के घर रहकर इंटर की परीक्षा जलालाबाद स्थित मां शारदा चिल्ड्रन पब्लिक इंटर कॉलेज में दे रहा था। वह गुरुवार को हिन्दी की परीक्षा देकर अपने मामा के घर रुका हुआ था। वह शुक्रवार को अपने मामा के घर सलेमपुर कियरिया से गाजीपुर शहर लाईब्रेरी में पढ़ाई करने के लिए जा रहा था। तभी रामपुर जीवन बेसों नदी पुल के पास निराश्रित पशुओं के आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ में जाकर टकरा गई। जिससे मोटरसाइकिल चला रहे विशाल की मौके पर ही मौत हो गई।व मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे राहुल यादव पुत्र गुल्लू यादव निवासी सलेमपुर कियरिया गंभीर रुप से घायल हो गए थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### स्टैटिक टीम का हुआ गठन

**मऊ।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन प्रकिया के दौरान उड़न दस्ता टीम, स्टैटिक निगरानी टीम, पुलिस इत्यादि समिति का गठन किया गया है ।

## कन्नौजिया समाज ने धूमधाम से मनाया बाबा गाडगे की जयंती

- बाबा गाडसे ने विद्यालयों, धर्मशालाओं व अस्पतालों का कराया था निर्माण

केटी न्यूज/ गाजीपुर

जनपद के कन्नौजिया महासभा ने माधव सरस्वती शिशु मंदिर, प्रकाश नगर गाजीपुर में संत बाबा गाडगे की जंयती मनाई गयी। कार्यक्रम में कन्नौजिया समाज के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। लोगों ने संत गाडगे बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बब्बन कन्नौजिया ने संत गाडगे महाराज को महान समाज सुधारक बताया और कहा कि आज देश को सही रास्ता दिखाने के लिए संत गाडगे जैसे महान संतों की जरूरत है। उन्होंने भीख मांगकर तमाम विद्यालयों एवं धर्मशालाओं व अस्पतालों का निर्माण कराया। लेकिन खुद ताउम्र सड़क की पटरियों और पेड़ों के नीचे रहकर अपनी जिंदगी गुजार दी। उन्होंने इतना ही नहीं अपने पूरे जीवन में अनाथालय, रैन बसेरा और नदियों और तालाबों के किनारे पक्के घाटों का निर्माण कराया। वह जिस रास्ते पर चलते थे ,उसे साफ करते हुए चलते थे। इसीलिए उनको स्वच्छता आंदोलन के जनक के रूप में भी याद किया जाता है । उन्होंने आजीवन अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि वह बाह्य आडम्बर के घोर विरोधी थे । उनके अन्दर परोपकार की भावना कूट-कूट कर भरी थी। जुल्म और ज्यादती उन्हें पसन्द नहीं थी, वह हमेशा अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते रहे। इस समारोह में किशोरी लाल, वंशीधर राम, आजाद कन्नौजिया, सदानंद कन्नौजिया, रामकली, अक्षय लाल, मिश्रीलाल, रामनाथ, राहुल कन्नौजिया, डॉ संजय कन्नौजिया, निशा कन्नौजिया, सहित अन्य शामिल थे।

## ग्राम न्यायालय के अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, दी आंदोलन की चेतावनी



केटी न्यूज/ गाजीपुर

जखनियां ग्राम न्यायालय अधिवक्ता संघ ग्राम न्यायालय के अध्यक्ष दुर्ग विजय यादव के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तीन सूत्रीय ज्ञापन मुख्य न्यायाधीश उच्च न्यायालय प्रयागराज और जिलाधिकारी गाजीपुर को संबोधित गाजीपुर न्यायाधीश सप्तम राकेश को सौंपा गया। उन्होंने मांग किया कि जखनियां ग्राम न्यायालय के न्यायिक अधिकारी सुनील गुप्ता का हस्तांतरण होने के बाद 21 नवंबर से न्यायालय रिक्त है।जिससे क्षेत्रीय जनता सहित अधिवक्ताओं को काफी समस्या उठानी पड़ रही है।यही नहीं धारा 323, 504, 506 के केसो की जमानत जखनिया ग्राम न्यायालय न होकर सैदपुर गाजीपुर जाने पड़ते हैं। दावा वादकारियों भी काफी परेशान हो रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अधिवक्ता योगेंद्र सिंह ने कहा कि दो बार पत्रक दिया गया। फिर भी न्यायिक अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो पाई। अधिवक्ता संघ ग्राम न्यायालय जखनिया के अध्यक्ष दुर्गा विजय यादव, योगेंद्र सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय कुमार गोंड, राम कुंवर सिंह, जितेंद्र प्रसाद पांडे, सहित अन्य शामिल है।

## पीजी कॉलेज गाजीपुर में चल रही है परीक्षा

# स्नातक परीक्षा में 25 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

केटी न्यूज/ गाजीपुर

पीजी कालेज में गाजीपुर में चल रही पूर्वांचल विश्वविद्यालय की परीक्षा में बीएड तृतीय सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न-पत्र के साथ ही तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा हुई। जिसमें 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। स्नातकोत्तर महा विद्यालय को अन्य 20 बीएड महाविद्यालयों का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। बीएड तृतीय सेमेस्टर द्वितीय प्रश्न- पत्र की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें पंजीकृत 1792 परीक्षार्थियों में 1767 उपस्थित एवं 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। आन्तरिक उड़ाका दल द्वारा विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की सूचिता एवं पारदर्शिता को लेकर प्रवेश द्वार एवं परीक्षा कक्ष में चक्रमण करते हुए सघन तलाशी ली गई।



स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ० राघवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के लिए परीक्षा विभाग, पूर्वांचल विश्वविद्यालय के संपर्क में है। सूचिता एवं पारदर्शिता पूर्वक परीक्षा संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। परीक्षा देने के लिए कॉलेज परिसर के गेट से घुसते समय छात्र-छात्राओं को किसी भी तरीके के किसी अनुचित साधन का प्रयोग न करने की हिदायत दी जा रही है। नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों के खिलाफ विश्वविद्यालय के दिशा निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही भी की जा रही है। इस मौके प्रो. डॉ. रविशंकर सिंह, डॉ. रामदुलारे, आरपी सिंह मुख्यतः उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ट्रेन में चेन पुलिंग करने वाले 247 धराए


**चंदौली।** पूर्व मध्य रेल द्वारा बिना पर्याप्त कारण अवैध रूप से चेन पुलिंग करके रेल गाड़ियों को जहां-तहां रोकने वालों के खिलाफ नियमित कार्रवाई की जाती रही है। इसी क्रम पूर्व मध्य रेल के सुरक्षा बलों द्वारा ऑपरेशन समय पालन के तहत ऐसे लोगों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है, ताकि ट्रेन अनावश्यक रूप से विलंबित ना हो। ऑपरेशन समय पालन के तहत पिछले एक सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों में बिना उचित कारण के चेन पुलिंग करने के आरोप में 247 लोगों को हिरासत में लिया। इन लोगों के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 141 के तहत कार्रवाई की गई। ऑपरेशन समय पालन के तहत इन 07 दिनों में सर्वाधिक 156 लोग दानापुर मंडल में पकड़े गये। जबकि सोनपुर मंडल में 52, समस्तीपुर मंडल में 19, डीडीयू मंडल में 15 तथा धनबाद मंडल में 05 लोगों को हिरासत में लिया गया ।इसी तरह महिलाओं की सुरक्षा के मद्देनजर ऑपरेशन महिला सुरक्षा के तहत महिला कोच में यात्रा करने वाले पुरुष यात्रियों के खिलाफ भी धर-पकड़ अभियान चलाया गया । ऑपरेशन महिला सुरक्षा मे तहत फरवरी के पहले सप्ताह में रेलवे सुरक्षा बल की टीम द्वारा पूर्व मध्य रेल के विभिन्न रेलखंडों पर महिला कोच में यात्रा करने के आरोप में रेल अधिनियम की धारा 162 के तहत 425 पुरुष यात्रियों को हिरासत में लिया गया ।इनमें सर्वाधिक 269 लोग दानापुर मंडल के जबकि सोनपुर मंडल में 84, डीडीयू मंडल में 43, समस्तीपुर मंडल में 26 एवं धनबाद मंडल में 03 पुरुष यात्रि पकड़े गये।

### नई रेल के डीजल लोको ट्रायल के कार्य में तेजी

**गाजीपुर।** सोनवल से गाजीपुर घाट की ओर जाने वाली करीब सात किमी लंबी नई रेल के डीजल लोको ट्रायल का काम रेलवे के अधिकारियों की निगरानी में शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले दिन सोनवल स्थित नये स्टेशन से डीजल इंजन दो बजकर पच्चास मिनट पर तीस की स्पीड से चलते हुए घाट स्थित स्टेशन तीन बजकर तीन मिनट (13 मिनट) में पहुंची। वहां से तत्काल बाद दोबारा इंजन सोनवल के लिए चला, वहां वह निर्धारित समय पर पहुंचा। महकमें के अनुसार अभी यह ट्रायल कई दिनों तक चलेगा। इसके उपरांत नई लाइन का लोडेड मालगाड़ी के जरिए लोड टेस्टिंग की जाएगी। इसके बाद इलेक्ट्रिक लोको टायल की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। इन सभी ट्रायलों के सफल होने के बाद छह मार्च को रेल संरक्षा आयुक्त इस नई रेल लाइन का निरीक्षण के बाद इस पर ट्रेन संचालन शुरू करने की अपनी मुहर लगाएगें। इस ट्रायल को देखने के लिए जगह-जगह लोगों की भीड़ लगी रही। लोग इस पल को मोबाइल में कैद करने में लगे। इसके पूर्व रेलवे के अधिकारियों ने इस लाइन का निरीक्षण किया।

### चितबड़ागांव नगर पंचायत के ईओ का तबादला

**चितबड़ागांव।** देर ही सही आखिरकार चितबड़ागांव नगर पंचायत के ईओ अनिल कुमार का तबादला गैर जनपद हो ही गया। हालांकि ठोस कार्रवाई ना होने से सभासदगण अभी भी नाराज है और अब इस बात की चर्चा जोरशोर से होने लगी है कि ईओ साहब जो कारनामा यहां किए हैं अब वह कारानामा नगर पंचायत ओरन में जाकर करेंगे। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि शासन ने ईओ अनिल कुमार का तबादला ईओ के पद पर नगर पंचायत ओरन जनपद बांदा में कर दिया है। चितबड़ागांव नगर पंचायत के ईओ अनिल कुमार का पूरा कार्यकाल विवादों से घिरा रहा। बात करते हैं प्रशासनिक कार्यकाल की तो उस समय कंबल वितरण, हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट, डस्टबीन, कब्रिस्तान के बाउंड्री वॉल आदि में करोड़ों रूपए के घोटाला करने का आरोप लगा था। मामला जब डीएम कार्यालय पहुंचा तो डीएम ने एडीएम के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई तो ईओ पर लगे भ्रष्टचार के आरोप सही पाए गए। इसके बाद डीएम रविंद्र कुमार ने शासन को पत्र लिखकर ईओ के खिलाफ एक्शन लेने की सिफारिश की। लेकिन शासन ने ईओ के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया। मजबूरन सभासदगण एक बार फिर से चितबड़ागांव नगर पंचायत में ताला जड़ दिया और धरने पर बैठ गए। लगभग आठ दिन बाद नगर एसडीएम आत्रेय मिश्र मौके पर पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया और कुछ ही दिनों के अंदर ईओ के खिलाफ एक्शन लेने का आश्वासन दिया। तब जाकर सभासदगण माने और धरना समाप्त किए। तभी से लगभग ईओ का जाना तय माना जा रहा था, ऐसे में शासन ने शुक्रवार को आखिरकार बांदा जनपद के ओरन नगर पंचायत में ईओ के पद ही तबादला कर दिया। इससे सभासदण खुश तो हैं लेकिन पूरी तरह से नहीं। सभासदों का कहना है कि शासन ने भ्रष्टाचार के मामले में ईओ के खिलाफ कोई ठोस एक्शन लेने के बजाय बस इतना ही किए कि उन्हें अन्यत्र ट्रांसफर कर दिए।




# हर हाल में महत्वाकांक्षी ब्लॉकों में स्वास्थ्य सेवाओं में करें सुधार: जिलाधिकारी

**केटी न्यूज/बलिया**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई। इसमें पूर्ण प्रतिरक्षाकरण, परिवार नियोजन, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों का पंजीकरण, फर्स्ट टाइम गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, एचआरपी, टोटल डिलीवरी रिपोर्ट, फुल एएनसी, संस्थागत प्रसव, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत मेडिकल हेल्थ टीम द्वारा स्कूली बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, ई-संजीवनी, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय लेप्रोसी उन्मूलन कार्यक्रम, पोषण पुनर्वास केंद्र पर चर्चा हुई। जिलाधिकारी द्वारा आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पंजीकरण और फर्स्ट टाइम गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण को बढ़ाकर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को अपडेट करने का निर्देश दिया। इसमें खास तौर पर महत्वाकांक्षी ब्लॉकों को स्थिति सुधार करने की हिदायत दी गई। एचआरपी पंजीकरण, टोटल डिलीवरी, पूर्ण प्रतिरक्षाकरण में सभी ब्लॉकों के एमओआइसी को प्रगति लाने के निर्देश दिए गए संस्थागत प्रसव प्रदर्शन में अधिकतर ब्लॉकों की प्रगति कम पाई गई, जिस पर जिलाधिकारी ने इन ब्लाकों के एमओआईसी को प्राइवेट एवं सरकारी चिकित्सालयों में वाले होने वाले संस्थागत प्रसव का डाटा एकत्रित कर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लाकों की मेडिकल हेल्थ टीम के द्वारा विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों के कराए जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण की संख्या में खराब प्रदर्शन करने वाले ब्लॉकों को प्रगति लाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, मुख्य चिकित्सा अधिकारी विजयपति द्विवेदी, डीपीएम आरबी यादव एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### रेफरल मरीजों को तत्काल मिले इलाज

जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत बनने वाले आयुष्मान कार्ड में सबसे खराब स्थिति में पाए गए ब्लाकों के एमओआइसी को पात्र लाभार्थियों के तीव्र गति से कार्ड बनाने के लिए एएनएम और सीएचओ से सहयोग लेने का निर्देश दिया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में खाद्य एवं रसद विभाग मदद कर रहा है। ओपीडी रेफरल के संबंध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले से रेफर किए जाने वाले मरीजों को दूसरे जनपद में भेजने पर संबंधित अस्पताल में तत्काल इलाज की सुविधा मिल सकें, इसकी कार्य योजना पहले से तैयार कर ली जाए। यह सरकार की तरफ से नया शासनादेश है।

### कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें सीएमओ

जिलाधिकारी ने पिछले कई महीनों से खराब प्रगति करने वाले ब्लाकों के अपेक्षित सुधार के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि इन ब्लॉकों में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी और डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ड्यूटी लगाकर इन ब्लाकों के कार्यों में प्रगति लाना सुनिश्चित करें और इनकी साप्ताहिक समीक्षा भी करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि जनपद में टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों से मिलकर उनकी काउंसलिंग करके उस संबंधित परिवार के पूर्ण टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

## एक नजर

### तलवार से केक काटने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बलिया।** तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाने वाले आरोपी को फेफना थाने की पुलिस ने तलवार के साथ सेमरा घाट की तरफ कालीदास बाबा मंदिर के पास से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम बलजीत यादव पुत्र स्वर्गीय शंकर यादव निवासी रट्ठूचक वैना है। फेफना पुलिस की टीम सागरपाली के पास गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तलवार से केक काटकर जन्मदिन मनाने वाले आरोपी बलजीत यादव सेमरा घाट की तरफ कालीदास बाबा मंदिर के पास खड़ा है। तभी पुलिस जाकर उसे गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से तलवार भी बरामद कर लिया गया। फेफना थानाध्यक्ष गजानंद चौबे ने बताया कि आरोपी बलजीत यादव को संबंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया गया है।

### अनिल कुमार चौबे ने लगाई जीत की हैट्रिक



**बलिया।** साधन सहकारी समिति छाता संघ का चुनाव गुरुवार को सकुशल संपन्न हो गया। इस दौरान अनिल कुमार चौबे निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अनिल कुमार चौबे की यह तीसरी जीत है। जबकि उपाध्यक्ष पद पर सूर्यनारायण ओझा चुने गए। इसके अलावा दिनेश कुमार पाठक पूर्व प्रमुख दुबहर, वीरेंद्र नाथ तिवारी, ओम नारायण चौबे, कृपाशंकर तिवारी, मुन्ना प्रसाद, सोहन राम, तारकेश्वर पाठक, लीलावती देवी, अनीता कश्यप, राघवेंद्र प्रताप यादव, मनोज कुमार कश्यप, सोहन राम, मुन्नी देवी, आशीष प्रताप सिंह सदस्य चुने गए। इस दौरान छाता गांव में जश्न का माहौल रहा। समर्थकों ने अनिल कुमार चौबे को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं स्वागत से अभिभूत अनिल कुमार चौबे ने कहा कि मैं किसानों को आश्वस्त करता हूं कि अब किसानों को खाद, बीज आदि में किसी प्रकार की दिक्कतें नहीं आने दूंगा और ना ही किसी कृषि सामग्री कमी होने दूंगा, यह मेरा वादा जिले के अन्नदाताओं से।

### किसानों पर हो रहे अत्याचार बंद करे सरकार




**बलिया।** दिल्ली के बार्डरों पर किसानों के उपर हो रहे अत्याचार के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा ने शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि हरियाणा व पंजाब के किसानों का दमन मोदी व खट्टर सरकार कर रही है। उनके उपर आंसू गैस के गोले ड्रोन से गिराए जा रहे हैं। पानी की तेज बौछारें वहां उपस्थित अर्धसैनिक बल व राज्य की पुलिसिया फोर्स कर रही है। सड़कें काट कर खाई बनाई गई है। कंटीले तार से दिल्ली बॉर्डर व हरियाणा पंजाब के बीच के बॉर्डर को अवरुद्ध किया गया है तथा अभिव्यक्ति की आजादी का अतिक्रमण करते हुए इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई है ताकि किसानों की मांग व सरकार की पुलिसिया फोर्स द्वारा उनका उत्पीड़न की खबरें देश की जनता व दिल्ली के हुक्मरानो के कानों तक ना पहुंचे। पुलिस धांधली के शिकार दो किसान पहले ही शहीद हो चुके थे। इसके बाद फिर 21 फरवरी को एक युवा किसान पुलिस की गोली से शहीद हो गए। मांग किया कि शहीद हुए किसानों के परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाए।

## खबरें फटाफट

### पूर्व विधायक नदीम जावेद यूपी के मंत्री व ईओ पर भड़के

**जौनपुर।** जौनपुर शहर में भाजपा,सपा,बसपा,कांग्रेस व अन्य दलों के नेताओं ने अपने अपने होर्डिंग बैनर लगवाए हुए हैं। गुरुवार को नगर पालिका के कर्मचारियों ने कांग्रेस के होर्डिंग बैनर उतारना शुरू कर दिए, उसी समय कांग्रेस कार्यकताओं के शिकायत पर पहुंचे कांग्रेस के पूर्व विधायक नदीम जावेद ने नगरपालिका कर्मचारियों को रोका तथा फोन पर अधिशासी अधिकारी को खूब हड़काया। बोले ईओ साहब आप पूरी तरह से लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं केवल कांग्रेस पार्टी के ही होर्डिंग बैनर क्यो उतरवा रहे हैं बाकी अन्य दलों के भी होर्डिंग लगे हुए हैं वह आपको नही दिखाई दे रहे हैं। इसके साथ ही वह बोले यह कृत्य स्थानीय चेयरमैन व मंत्री के इशारे पर केवल कांग्रेस पार्टी के होर्डिंग उतरवाए जा रहे हैं।

### मालगाड़ी की जद में आने से युवती की मौत

**सोनभद्र।** ओबरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भलुआ टोला में शुक्रवार की दोपहर लगभग चार बजे मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवती की मौत हो गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को अस्पताल भेजवाया। उधर 108 एम्बुलेंस के देरी से पहुंचने के कारण लोगों में भारी आक्रोश भी देखने को मिला। बता दें कि भलुआ टोला इलाके से गुजर रही रेलवे लाइन पर मालगाड़ी की चपेट में आने से बिल्ली गांव निवासी 25 वर्षीय युवती रानी पुत्री सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के दौरान युवती का एक हाथ और पैर कट कर अलग हो गया ।घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को देने के साथ ही 108 एम्बुलेंस को दी गई। करीब एक घंटे तक एम्बुलेंस के न पहुंचने पर पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवती को एम्बुलेंस की मदद से चोपन सीएचसी भिजवाया जहां चिकित्सको ने युवती को मृत घोषित कर दिया। उधर मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई में जुटी रही।

## वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडी गठबंधन पर जमकर साधा निशाना

# जिनके अपने होश ठिकाने में नहीं, वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे

**केटी न्यूज/वाराणसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी की धरती से इंडी गठबंधन को सीधे सीधे निशाने पर लिया। बनास काशी संकुल के उद्घाटन समारोह और पूर्वांचल के लिए 13 हजार करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दशकों के भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण ने यूपी को पिछड़ा रखा। यूपी को बीमारू राज्य बनाया गया, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया। कांग्रेस के शाही परिवार का कहना है कि काशी के नौजवान नशेड़ी हैं। मोदी को गाली देते देते दो दशक बिता दिये, अब ये लोग यूपी के नौजवानों पर फ्रस्टेशन निकाल रहे हैं। जिनके अपने होश ठिकाने नहीं है वो मेरी काशी के बच्चों को नशेड़ी कह रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस को ललकारते हुए कहा कि काशी और यूपी का नौजवान विकसित यूपी बनाने में जुटा है। अपना समृद्ध भविष्य लिखने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा कर रहा है। यूपी के युवा कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा किया गया अपमान कभी नहीं भूलेंगे। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और सपा पर हमलावर रुख अख्तियार करते हुए कहा कि परिवारवादी हमेशा युवा शक्ति और टैलेंट से डरते हैं। उन्हें लगता है कि सामान्य युवा को अवसर मिला तो वह हर जगह चुनौती देगा। इन्हें वही पसंद आते हैं जो दिन रात इनकी जय जयकार करते रहें।



### नहीं पता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से नफरत है

प्रधानमंत्री ने कहा कि इनके गुस्से और बौखलाहट का एक और कारण यह है कि इन्हें काशी और अयोध्या का नया स्वरूप पसंद नहीं आ रहा है। ये राममंदिर को लेकर कैसी कैसी बातों से हमला करते हैं। मुझे नहीं पता था कि कांग्रेस को प्रभु श्रीराम से इतनी नफरत है। ये अपने परिवार और वोट बैंक से बाहर कुछ सोच ही नहीं पाते। जब चुनाव आता है तो ये लोग साथ आते हैं। जब परिणाम नील बटा सन्नाटा होता है तो एक दूसरे को गाली देकर अलग हो जाते हैं। मोदी ने भोजपुरी में इंडी गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि 'ई बनारस हव इहां सब गुरू ह, इहां इंडी गठबंधन क पैंतरा ना चली। बनारस नाहीं पूरे यूपी के पता हव कि माल वही है पैकिंग नई है।" प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार तो इनको जमानत बचाने के लिए बहुत संघर्ष करना पड़ेगा।

## पीएम मोदी ने वाराणसी में वर्चुअल माध्यम से किया अयोध्या में वॉटर मेट्रो का शुभारंभ

**केटी न्यूज/वाराणसी**

अयोध्या आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब सरयू नदी में वाटर मेट्रो के जरिए जलविहार का आनंद ले सकेंगे। योगी सरकार द्वारा अयोध्या में पर्यटन को और समृद्ध करने के लिए तथा जल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वाटर मेट्रो का संचालन संत तुलसीदास घाट से गुप्तार घाट तक किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वाराणसी दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से अयोध्या में वाटर मेट्रो का शुभारंभ किया।

तकनीकी सहायक बी गुप्ता ने बताया कि सरयू के किनारे संत तुलसी घाट से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस वाटर मेट्रो करीब 14 किलोमीटर का सफर गुप्तार घाट तक तय करेगी। जिसमें एक साथ लगभग 50 यात्री जलविहार का आनंद उठा सकेंगे। पर्यावरण का ध्यान रखते हुए इस वाटर मेट्रो का संचालन किया जाएगा। अयोध्या में चलाई जाने वाली वॉटर मेट्रो में 50 सीटें हैं, जिसे दोनों किनारों पर स्थापित किया किया गया है। फाइबर की बनी इन सीटों को मजबूती के साथ फिक्स किया गया है, ताकि किसी तरह के हादसे की आशंका न रहे। कोचीन शिपयार्ड में बनी यह वॉटर मेट्रो सरयू नदी के ऊपर किसी क्रूज की तरह दिखाई देगी। मेट्रो पूरी तरह एयर कंडीशन है। उन्होंने बताया कि संत तुलसीदास घाट से गुप्तार घाट तक दोनों प्वाइंटों पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने सरयू किनारे जेटी की स्थापना की है, जहां पर वाटर मेट्रो के चार्जिंग के लिए बकायदा पॉइंट बनाए गए हैं और यहीं से यात्री वाटर मेट्रो पर सवार होंगे।

### वाटर मेट्रो की खासियत

- 50 सीटर एमवी (मोटर व्हिकल) बोट यानी वाटर मेट्रो का नाम कैटा मेरन वैसेल बोट है।
- इस वाटर मेट्रो बोट को पूरा एयरकंडीशन बनाया गया है, जिसमें यात्रियों की जानकारी के लिए डिस्प्ले भी लगाया गया है।
- यात्रियों के केबिन के आगे बोट पायलट का केबिन अलग बनाया गया है।
- एक बार में इलेक्ट्रिक से चार्ज होकर यह वाटर मेट्रो बोट एक घंटे की यात्रा करने मे सक्षम है। इस दौरान यह एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन यानी अयोध्या के संत तुलसी घाट से गुप्तार घाट तक 14 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर लेगी।
- किसी भी आपात अवस्था हेतु इस बोट में जीवन रक्षक जैकेट्स व अन्य उपकरण भी रखे गये हैं।

## 5 किमी के दायरे में खोलें बैंक शाखा एनपीए खातों की काटें आरसी: डीएम

**केटी न्यूज/ देवरिया**

डीएलआरसी बैठक शुक्रवार को विकास भवन के गांधी सभागार में हुई। इसमें डीएम ने बैंकर्स कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। कहा कि पांच किमी के दायरे में बैंक शाखा खोले जाएं। साथ ही एनपीए खातों की आरसी काटने के अलावा कई जरूरी निर्देश दिए। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने जनपद का ऋण जमानुपात बढ़ाने एवं शासकीय योजनाओं के प्रगति की बैंकवार समीक्षा की। सितंबर-2023 तिमाही में जनपद का ऋण जमानुपात रेसियो 38.31 प्रतिशत थी, जो दिसंबर तिमाही में बढ़कर 40.50 प्रतिशत हो गया। डीएम ने इसे बढाकर 60 प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लोन को स्वीकृत करने के उपरांत अकारण लंबित न रखा जाए। उसका ससमय वितरण आवेदक को किया जाए।

डीएम ने कहा कि जनपद में कृषि एवं सहवर्ती क्षेत्रों से जुड़ी गतिविधियों में उदार लोन दिया जाए। इससे अर्थव्यवस्था को नयी दिशा मिलेगी। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड का लोन समय से जमा करने व इसके लाभ से अवगत कराया जाए। सितंबर से दिसंबर की तिमाही में एजुकेशनल लोन के 928 करोड़ रुपये के वार्षिक सापेक्ष 475 करोड़ रुपये, लघु एवं मध्यम उद्यमों को 81081.50 लाख रुपये के वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष 108359 लाख रुपये तथा 4473 लाख रुपये के वार्षिक हाउसिंग लोन के सापेक्ष 3576 लाख रुपये का लोन डिसबर्स किया जा चुका है।

## करेंट की चपेट में आने से वाहन चालक की मौत, चार लोग झुलसे

**केटी न्यूज/देवरिया**

खुखुंदू थाना क्षेत्र के एक गांव में निजी विद्यालय का प्रचार करने निकला वाहन चालक करेंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। वाहन पर सवार चार अन्य झटका लगने से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार खुखुंदू थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी उर्फ बनदि निवासी प्रह्लाद (30वर्ष) पुत्र गेना लाल निजी विद्यालय यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल में वाहन चलाते थे।

इसी गांव के रितेश, विजय अमर व देवेश भी विद्यालय में कर्मचारी है। शुक्रवार को वह स्कूल के प्रचार-प्रसार के लिए गांव गए हुए थे। उन्होंने स्कूल का होर्डिंग गिरा हुआ देखा। तो उसे लगाने का प्रयास करने लगे। होर्डिंग सही करने के दौरान होर्डिंग के लोहे का फ्रेम वहां के हाई टेंशन तार से स्पर्श कर गया। प्रह्लाद और अन्य उसकी चपेट में आ गए। किसी तरह रितेश, विजय, अमर और देवेश खुद छुड़ा लिए। हाई टेंशन बिजली की चपेट में आकर प्रह्लाद की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे स्कूल कर्मियों ने सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्रह्लाद को मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ दिन पूर्व ही प्रह्लाद की पत्नी ने पुत्री को जन्म दिया था। जन्म के अगले ही दिन नवजात की मृत्यु हो गई थी।






## जीबीसी के माध्यम से स्थापित हो रहीं परियोजनाएं लिखने जा रहीं उत्तर प्रदेश के विकास की नई गाथा

# यूपी की अर्थव्यवस्था के लिए सुपर बूस्टअप साबित होगी जीबीसी 4.0

- 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मिलेगा सुपर बूस्ट-अप

**केटी न्यूज/ लखनऊ**

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से उत्तर प्रदेश विकास की नई गाथा लिखने जा रहा है। प्रदेश में 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से न सिर्फ विकास को गति मिलने जा रही है, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी सुपर बूस्टअप मिलेगा। देश की अर्थव्यवस्था में अभी उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। जीबीसी के बाद इसमें और वृद्धि होगी और दूसरे स्थान पर यूपी की स्थिति और मजबूत होगी। प्रदेश में मैन्युफैक्चरिंग, ईवी, फॉर्मा, एनर्जी, डाटा सेंटर, एमएसएमई, रिन्यूएबल एनर्जी, रीयर एस्टेट, वेस्ट मैनेजमेंट समेत अनेक सेक्टर्स में प्रदेश का दबदबा बढ़ेगा और विकास नई ऊंचाइयों पर पहुंचेगा। कुल मिलाकर उत्तर प्रदेश, देश के ग्रोथ इंजन बनने के अपने संकल्प की पूर्ति के और करीब पहुंचेगा।

19 फरवरी को जिन निवेश परियोजनाओं को सीएम योगी ने धरातल पर उतारा है, उनमें सर्वाधिक 21 प्रतिशत मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से संबंधित हैं। इसका मतलब ये है कि उत्तर प्रदेश अब बड़े पैमाने पर प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग करेगा और अगर ये कहा जाए कि यूपी मैन्युफैक्चरिंग का हब बनेगा तो गलत नहीं होगा। इसके अतिरिक्त रिन्यूएबल एनर्जी में 13 प्रतिशत, आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में 9 प्रतिशत, पावर में 8 प्रतिशत, फूड प्रॉसेसिंग में 6 प्रतिशत, रीयल एस्टेट में 6 प्रतिशत, एमएसएमई में 5 प्रतिशत, हॉस्पिटैलिटी एंड एंटरटेनमेंट में 3 प्रतिशत, वेस्ट मैनेजमेंट में 3 प्रतिशत और एजुकेशन में 3 प्रतिशत निवेश हुआ है। जाहिर है इन सभी सेक्टर्स में यूपी की स्ट्रेंथ बढ़ेगी, अधिक वर्कफोर्स लगेगा, जिसका सीधा लाभ प्रदेश के विकास और इसकी अर्थव्यवस्था को होगा। इसके अतिरिक्त हेल्थकेयर, वुड बेस्ड इंडस्ट्रीज, डिस्टलरीज, डेयरी, कोऑपरेटिव्स, हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, जैसे सेक्टर्स में भी बड़े पैमाने पर निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक होगा।

### स्पेंडिंग पावर, सेविंग्स और टैक्स कलेक्शन में होगी वृद्धि

14 हजार से ज्यादा निवेश परियोजनाओं के धरातल पर उतरने से 34 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। विशेषज्ञों की मानें तो किसी प्रदेश में रोजगार बढ़ने से वहां लोगों की स्पेंडिंग पावर, सेविंग्स और टैक्स में वृद्धि होती है जो सीधे अर्थव्यवस्ता को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। जब लोगों के पास अधिक पैसे होते हैं, तो वे अधिक खरीदारी करते हैं, जिससे उत्पादन और सेवा के लिए मांग बढ़ती है। यह फिर उत्पादन को बढ़ावा देने और नए नौकरियों को उत्पन्न करने में मदद करता है। इसके साथ ही, लोगों की सेविंग्स भी बढ़ती है, जो उनके भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा का स्रोत बनती है। यह उन्हें आने वाले संकटों या आने वाले अवसरों के लिए तैयार रखने में मदद करता है। इसके अलावा, जब लोगों की इनकम बढ़ती है तो टैक्स कलेक्शन में भी वृद्धि होती है, जिससे सरकार को और अधिक धन उपलब्ध होता है जिससे उसे आम लोगों के लिए हितकारी योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। इस प्रकार,एक समृद्ध अर्थव्यवस्था की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है।

## सुभाषितम्

विफलता का मौसम सफलता के बीज बोने का सर्वश्रेष्ठ समय है

- परमहंस योगानंद

## अपने पैर में कुल्हाड़ी नहीं कुल्हाडा मारती है कांग्रेस

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। कांग्रेस की सरकार ने विधानसभा में कर्नाटक हिंदू धार्मिक संस्थान और धर्मार्थ बंदोबस्ती संशोधन विधेयक 2024 पारित किया है। इस विधेयक के अनुसार कर्नाटक के हिंदू मंदिरों के ऊपर टैक्स लगाया गया है। 10 लाख से एक करोड रुपए तक की आय पर मंदिरों को 5 फीसदी टैक्स देना होगा। एक करोड रुपए से ज्यादा आय वाले मंदिरों को 10 फीसदी टैक्स राज्य सरकार को देना होगा। जैसे ही यह बिल पारित हुआ। उसके बाद भारतीय जनता पार्टी ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सारे देश के हिंदू संगठन कर्नाटक सरकार की इस कार्रवाई के खिलाफ खड़े हो गए। भारतीय जनता पार्टी ने इसे हिंदू विरोधी मानसिकता बताते हुए, सारे देश में इस टेक्स का विरोध करना शुरू कर दिया है। सोशल मीडिया में भी कर्नाटक सरकार के इस कानून का बड़े पैमाने पर विरोध शुरू कर दिया गया है। कांग्रेस के ऊपर आरोप लगाया जा रहा है,कि अब कांग्रेस की हिंदू मंदिरों के राजस्व पर कुदृष्टि पड़ गई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस नेताओं की या तो राजनीतिक समझ खत्म हो गई है,या जानबूझकर कांग्रेस के नेता पार्टी को ठिकाने लगाने, हर वह कोशिश कर रहे हैं। जो पार्टी को नेस्त-नाबूत कर दे। कुछ महीनो के पश्चात लोकसभा के चुनाव होना है। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। दक्षिण के राज्यों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं जाकर राम मंदिर के नाम पर धार्मिक वातावरण बनाने का प्रयास किया। भारत में धार्मिक ध्रुवीकरण को लेकर जब इतनी बड़ी राजनीति चल रही हो। ऐसे समय पर कांग्रेस का यह कदम आत्मघाती ही माना जाएगा। ग्रामीण जनों की भाषा में कहें ,तो कांग्रेस अपने पैर में कुल्हाड़ी नहीं कुल्हाडा मारकर अपना स्थाई नुकसान करती है। राजनीति में आत्महत्या करना है, किसी को सीखना है, तो कांग्रेस नेताओं से यह सीख ली जा सकती है। कर्नाटक सरकार को मंदिरों के दान से जितना टैक्स मिलेगा। उससे सैकड़ो गुना कांग्रेस ने अपने लिए नुकसान कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी अब कर्नाटक सरकार के ऊपर आरोप लगा रही है, कि कर्नाटक सरकार ने 445 करोड रुपए का राजस्व मंदिरों से जुटाएगी उसमें से मात्र 100 करोड रुपए वक्फ बोर्ड को आवंटित किए हैं। वहीं राज्य सरकार ने 200 करोड रुपए का बजट ईसाई समुदाय के लिए आवंटित किया है। कर्नाटक सरकार की इस कार्रवाई पर, भारतीय जनता पार्टी ने नए धार्मिक ध्रुवीकरण की आधारशिला रख दी है। इसका असर कर्नाटक में ही नहीं संपूर्ण देश में होगा। एक तरफ मंदिरों पर टैक्स लगाने को हिंदू विरोधी बताया जा रहा है। वहीं मुसलमानों के लिए केवल बजट में 100 करोड रुपए आवंटित करने तथा ईसाइयों के लिए 200 करोड रुपए आवंटित करने की बात कहकर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण का काम शुरू कर दिया है। भाजपा ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस को निशाने पर ले लिया है। मल्लिकार्जुन खड़गे दलित नेता है। वह राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। कर्नाटक के स्थाई निवासी हैं। इंडिया गठबंधन के नेताओं ने उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया है। कांग्रेस की ओर से वह प्रधानमंत्री पद के लिए इस बार दलित चेहरे के रूप में सामने आए हैं। इसके बाद भी उनके ही राज्य में कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने लोकसभा चुनाव के ठीक पहले, यदि मंदिरों की दान से प्राप्त आय पर टैक्स लगाने के लिए कानून पारित किया है। उसका नुकसान कांग्रेस पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर उठाना पड़ेगा, यह तय है। कांग्रेस की आंतरिक राजनीति और कांग्रेस की राजनीतिक समझ का पता भी इस कानून से लगता है। कांग्रेस नेताओं को कितनी राजनीति की समझ है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस में संगठन नाम की कोई चीज नहीं है। जैसे बिना राजा की फौज होती है।

## चिंतन-मनन

## दुःखी होने की बजाय दुख का उपचार करें

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुःख ही दुःख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुःख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुःख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुःख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुःख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुःख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुःख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुःख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुःख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुःख का उपचार किया। दुःख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुःख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुःख से दुःखी होकर बैठने से दुःख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुःख का अंधेरा छंटने लगता है। दुःख से हम जितना डरते हैं दुःख हमें उतना ही डराता है। अगर कोई यह सोचता है कि मृत्यु के बाद दुःख का अंत हो जाता है तो गरूड़ पुराण उसे जरूर पढ़ना चाहिए। गरूड़ पुराण में मृत्यु के बाद प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन किया गया है। मृत्यु के बाद जीव को और भी कष्ट उठाना पड़ता है क्योंकि वहां तो शरीर भी नहीं होता है जिससे अपने दुःख का उपचार किया जा सकता है। सीता का हरण करके रावण ने राम को दुःख दिया। राम जी ने धैर्य से काम लिया और रावण जो उनके कष्ट का कारण था उसका पता लगाकर उसका अंत किया।

# एक महान व दिव्य संत हुए है गुरु रविदास

-डॉ श्रीगोपाल नारसन



एक महान व दिव्य संत हुए है गुरु रविदास, जिनका जन्म उत्तर प्रदेश के वाराणसी के निकट सीर गोबर्धनगाँव में हुआ था। इनकी माता कलसा देवी व पिता संतोख दास थे,बहुत ही गरीबी में अपना जीवन यापन करते थे।लेकिन एक सरपंच के रूप में उनकी बहुत ख्याति भी थी। गुरु रविदास का जन्म सन1376-77 के आस पास हुआ था, ऐसा बताते है कुछ लोग सन 1399 में तो कुछ दस्तावेजों के अनुसार संत रविदास ने सन1450 से 1520 के बीच अपना जीवन इस धरा पर बिताया । गुरु रविदास के पिता जूते बनाने व पुराने जुते ठीक करने का काम करते थे। रविदास बचपन में बहुत कुशाग्र व भगवान को मानने वाले एक अच्छे बालक रहे। उन्हें उच्च कुल वालों के कारण हीन भावना का शिकार होना पड़ता था, गुरु रविदास ने समाज को बदलने के लिए अपनी कलम का सहारा लिया, वे अपनी रचनाओं में अच्छे जीवन के बारे में लोगों को समझाते थे।लोगों को शिक्षा भी देते थे कि व्यक्ति को बिना भेदभाव के सबसे अपने समान प्रेम करना चाहिए। रविदास ने गुरु पंडित शारदा नन्द की पाठशाला में शिक्षा प्राप्त की। पंडित शारदा नन्द ने रविदास की प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें भगवान द्वारा भेजा हुआ एक बच्चा बताया और उन्हें शिक्षा दी। रविदास एक प्रतिभाशाली और मेहनती छात्र थे, उनके गुरु जितना उन्हें पढ़ाते थे, उससे ज्यादा वे अपनी समझ से शिक्षा गृहण कर लेते थे।पंडित शारदा नन्द अपने शिष्य रविदास से बहुत खुश रहते थे, उनके आचरण और प्रतिभा को देख वे सोचा करते थे कि रविदास एक दिन उच्चकोटि का आध्यात्मिक गुरु और महान समाज सुधारक बनेगा।उनके गुरु की यह सोच संत रविदास के प्रतिष्ठित होने पर चरितार्थ भी हुई। रविदास के साथ पाठशाला में पंडित शारदा नन्द का बेटा भी पढ़ता था, वे दोनों अच्छे मित्र थे। एक बार वे दोनों छुपन छुपाई का खेल रहे थे,रात हो जाने पर बच्चों ने अगले दिन फिर से खेलना तय किया। दुसरे दिन सुबह रविदास खेलने के लिए आ गए लेकिन उनका गुरुभाई मित्र नहीं आया। तब वे उसके घर गए तो पता चला कि रात को उनके मित्र की मृत्यु हो गई थी। यह पता चलते ही शोक में डूबकर रविदास सुन्न हो गए है, तब उनके गुरु शारदा नन्द उन्हें मृत मित्र के पास ले गए रविदास अपने मृत मित्र से कहते है कि ये सोने का समय नहीं है, उठो और मेरे साथ खेलो।यह सुनते ही उनका मृत मित्र पुनः जीवित होकर खड़ा हो गया। जिससे हर कोई अचंभित हो गया।रविदास जैसे जैसे बड़े हुए भगवान राम के रूप के प्रति उनकी भक्ति बढ़ती गई। वे हमेशा राम, रघुनाथ, राजाराम चन्द्र, कृष्णा, हरी, गोविन्द आदि शब्दो का उपयोग करते थे,जो उनके धार्मिक होने का प्रमाण है।संत रविदास उस समय की कृष्ण भक्त मीरा बाई के धार्मिक गुरु भी थे। मीरा बाई राजस्थान के राजा की बेटी और चित्तोर की रानी थी। वे रविदास की शिक्षा से बहुत प्रभावित थी और वे रविदास की एक बड़ी अनुयायी बन गई । मीरा बाई ने अपने गुरु के सम्मान में कुछ पक्तियां भी लिखी थी, ॒गुरु मिलया रविदास जी..॒ । मीरा बाई अपने दादा के साथ रविदास से मिलती रहती थी।एक दिन बार संत रविदास अपनी कुटिया में बैठे प्रभु स्मरण के साथ अपना कार्य कर रहे थे, तभी एक ब्राह्मण उनकी कुटिया पर आया और उनसे बोला कि वह गंगा स्नान करने जा रहा है, रास्ते में आपकी कुटिया दिखाई दी तो दर्शन करने चला आया। रविदास ने कहा कि आप गंगा स्नान करने जा रहे हैं, यह एक मुद्रा है, इसे मेरी तरफ से गंगा मैया को दे देना। ब्राह्मण जब गंगा तट पहुंचा और स्नान करके जैसे ही रुपया गंगा में डालने को उद्यत हुआ तो गंगा नदी में से गंगा मैया ने जल में से अपना हाथ निकालकर वह रुपया ब्राह्मण से ले लिया तथा उसके बदले ब्राह्मण को एक सोने का कंगन दे दिया।ब्राह्मण जब गंगा मैया का दिया कंगन लेकर लौट रहा था तो वह नगर के राजा से मिलने चला गया। ब्राह्मण को विचार आया कि यदि यह कंगन राजा को दे दिया जाए तो राजा बहुत प्रसन्न होगा। उसने वह कंगन राजा को भेंट कर दिया। राजा ने बहुत-सी मुद्राएं देकर उसकी झोली भर दी। ब्राह्मण अपने घर चला गया। इधर राजा ने वह कंगन अपनी महारानी के हाथ में बहुत प्रेम से पहनाया तो महारानी बहुत खुश हुई और राजा से बोली कि कंगन तो बहुत सुंदर है, परंतु यह क्या एक ही कंगन है, क्या आप ऐसा ही एक और कंगन नहीं मंगा सकते राजा ने अपनी रानी को ऐसा ही एक और कंगन मंगवा कर देने का भरोसा दिया। राजा ने उसी ब्राह्मण को खबर भिजवाई कि जैसा कंगन मुझे भेंट किया था वैसा ही एक और कंगन उन्हें तीन दिन में लाकर दो वरना राजा के दंड भोगना पड़ेगा। यह सुनते ही ब्राह्मण के होश उड़ गए। वह पछताने लगा कि मैं व्यर्थ ही राजा के पास गया,अब दूसरा कंगन कहां से लाऊं वह रविदास की कुटिया पर पहुंचा और उन्हें पूरा वृत्तांत बताया कि गंगा ने आपकी दी हुई मुद्रा स्वीकार करके मुझे एक सोने का कंगन दिया था, वह मैंने राजा को भेंट कर दिया था। अब राजा ने मुझसे वैसा ही कंगन मांगा है, यदि तीन दिन में राजा को दूसरा कंगन नहीं दिया तो राजा उन्हें कठोर दंड देगा। यह सुन संत रविदास ने अपनी वह कठौती उठाई जिसमें वे चर्म गलाते थे। उसमें जल भरा हुआ था।उन्होंने गंगा मैया का आह्वान कर अपनी कठौती से जल छिड़का तो गंगा मैया प्रकट हो गई।रविदास के आग्रह पर गंगा ने एक और कंगन ब्राह्मण को दे दिया। ब्राह्मण खुश होकर राजा को वह कंगन भेंट करने चला गया, ऐसे थे महान संत थे गुरु रविदास ।

### मन चंगा तो कठौती में गंगा

संत रविदास की यह कहावत बहुत प्रसिद्ध है। इस कहावत के द्वारा संत रविदास मन की पवित्रता पर जोर देते हैं। सन्त रविदास कहते हैं, जिस व्यक्ति का मन पवित्र होता है, उसके बुलाने पर मां गंगा एक कठौती में भी आ जाती हैं।यह बात संत गुरु रविदास ने सिद्ध भी की है।

# उथल-पुथल में पाक, भारत रहे चौकस

-आर.के. सिन्हा



पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनावों के बाद देश में जो एक राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद थी, वह फिलहाल तो पूरी तरह खत्म हो गई हैं। पाकिस्तान, जिसकी नियति ही हो गई है हमेशा संकट में रहना कअब तो वह अराजकता की चपेट में है और भारी मुश्किल की स्थिति में दिखाई दे रहा है। हालांकि लंबी कवायद के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग ( नवाज) और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी) ने देश में मिल कर सरकार बनाने का फैसला कर लिया है। फिलहाल राजनीतिक विश्लेषकों, पत्रकारों और आम जन को कुछ समझ नहीं आ रहा कि देश किस दिशा में जा रहा है। हर कोई अनभिज्ञ सा ही दिख रहा है। चुनाव के नतीजों ने पाकिस्तानी सेना के मोटी तोंद वाले जनरलों को उनकी औकात दिखा दी है। उनके लाख चाहने के बावजूद नवाज शरीफ की मुस्लिम लीग को जनता ने बहुमत नहीं दिया। नवाज शरीफ लंदन से इसी उम्मीद में पाकिस्तान वापस आए थे कि उन्हें फिर से पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल जाएगा। जाहिर है,पाकिस्तानी अवाम चुनाव नतीजों से हताश और अवाक है। चुनावों के नतीजों में कसकर धांधली हुई है। जनता को अब देश में राजनीतिक स्थिरता की कोई उम्मीद भी नहीं है। अफसोस देखिए कि जिन्हें जनता ने नकारा वे ही सरकार बनाने जा रहे हैं। दरअसल चुनाव में खंडित जनादेश आने के बाद एक के बाद एक वहां विवादों को ही जन्म मिला, खासकर चुनाव में अनियमितताओं के व्यापक आरोपों के कारण। मतदान में धोखाधड़ी के खिलाफ देश भर में विरोध प्रदर्शन जारी हैं और बलूचिस्तान का जन जीवन लगभग ठप पड़ा हुआ है। वहां पर चुनाव से पहले धमाकों की झड़ी सी लग गई थी। इसके साथ ही, रावलपिंडी के चुनाव आयुक्त ने चुनावों में धांधली के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसके बाद तो चुनाव की विश्वसनीयता पर और सवाल खड़े हो गए हैं। इमरान खान की पार्टी ॒पीटीआई॒ नेशनल असेंबली में सबसे बड़ी पार्टी बनी। मतलब यह है कि जिस इमरान खान को एक के बाद एक गंभीर आरोपों के लिए दोषी मानकर जेल की सजा सुनाई जा रही है, लेकिन पाकिस्तान की जनता तो उसके साथ खड़ी है। पाकिस्तान में राजनीतिक अस्थिरता के कारण वहां की अर्थव्यवस्था भी धराशायी हो चुकी है, जिससे पाकिस्तान के भविष्य पर दूरगामी परिणाम होंगे। पाकिस्तान की ताजा निराशाजनक स्थिति के बीच एक खबर यह भी आई कि सिर्फ हमारे एक टाटा ग्रुप के सामने भी पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बौनी पड़ गई है। टाटा ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन 365 अरब डॉलर पहुंच गया है। यह पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से भी कहीं ज्यादा है। पिछले साल टाटा ग्रुप की कई कंपनियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसी के बाद ही ग्रुप ने यह उपलब्धि हासिल की है। अंतराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमानों के अनुसार, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का आकार करीब 341 अरब डॉलर का है। टाटा ग्रुप की एक कम्पनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की वैल्यू ही करीब 15 लाख करोड़ रुपये या 170 अरब डॉलर है। यह न केवल भारत की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी है, बल्कि पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था के लगभग आधे आकार की भी है। अब आप समझ सकते हैं कि पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति कितनी खराब हो चुकी है। बेशक, कंगाली से गुजर रही पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था इस समय गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रही है। पिछले साल आई बाढ़ ने पाकिस्तान को व्यापक स्तर पर नुकसान पहुंचाया है। यह नुकसान भी अरबों डॉलर में है। इससे देश के लाखों लोग दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान 125 अरब डॉलर के विदेशी कर्ज के बोझ से दबा हुआ है। मतलब यह है कि पाकिस्तान में राजनीतिक और आर्थिक हालात डरावने बन चुके हैं। पाकिस्तान को लेकर बाकी दुनिया की राय भी कोई अच्छी नहीं है। पाकिस्तान में कानून और व्यवस्था के मामले में छवि ठीक नहीं है और इसे कारोबार के लिए सही जगह नहीं माना जाता। पाकिस्तान में निवेश के लिए कहीं के निवेशक आगे नहीं आते। निवेशक तो उसी देश में जाते हैं, जहां पर बिजनेस का माहौल सही होता है। कोई निवेशक अपना पैसा बर्बाद करने के लिए तो कहीं नहीं जाता है न निवेशक अपने निवेश पर बेहतर रिटर्न की उम्मीद रखता है। इसमें कोई बुराई भी नहीं है। उसे पाकिस्तान में किसी तरह के संभावना नजर नहीं आती। जाहिर है, इसलिए पाकिस्तान का विदेशी निवेशक रुख ही नहीं करते। आप समझ लें कि किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती विदेशी निवेश या विदेशी पर्यटकों के आने से ही होती है। तब ही तो किसी देश का विदेशी मुद्रा का भंडार बढ़ने लगता है। पर पाकिस्तान में तो पर्यटन सेक्टर तक घुटनों पर आ चुका है। वहां का पर्यटन सेक्टर गर्त में जा चुका है। दुनिया के 140 देशों में पर्यटन को लेकर जारी ट्रैवेल एंड टूरिज्म कंम्पटेटिवनेस इंडेक्स में आज पाकिस्तान 121वें पायदान पर खड़ा है। इस रिपोर्ट के आने के बाद पाकिस्तानी हुक्मरानों की नींद उड़ जानी चाहिए। आतंकवाद की खेती करने वाले पाकिस्तानी हुक्मरानों को समझना होगा कि वे विदेशी पर्यटकों को देश में आने के लिए कैसे आकर्षित करें। पाकिस्तान के सामने सबसे गंभीर चुनौती इस समय। बलूचिस्तान में लगातार पंजाबियों का मारा जाना है। वहां रहने वाले पंजाबियों को चुन-चुनकर मारा जा रहा है। पाकिस्तान सरकार का कहना है कि दोषियों को तुरंत पकड़ लिया जाएगा। परन्तु, यह सब रस्मी बातें हैं। हालांकि हकीकत बड़ी भयावह है। पाकिस्तानी सरकार पंजाबियों के कत्लेआम को दुनिया की निगाह से बचाना चाहती है, पर यह सोशल मीडिया के दौर में संभव हो नहीं पाता। खबरें जैसे- तैसे सारी दुनिया के सामने आ ही जाती हैं। पंजाबियों को बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी मार रही है। पंजाबी नौजवानों को अगवा भी किया जा रहा है। फिर उनका पता ही नहीं चल पाता। इस तरह के सैकड़ों केस हैं। पंजाबियों को मारे जाने की कोई वजह तो होगी ही। हालांकि किसी तरह की हिंसा को सही तो नहीं माना जा सकता। पर यह भी सच है कि पाकिस्तान में गैर-पंजाबी नफरत करते हैं पंजाब और पंजाबियों से। सबको लगता है कि पंजाबी उनका शोषण कर रहे हैं, उनके हकों को मार रहा है। यानी पाकिस्तान पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं। चूंकि वह हमारा पड़ोसी है इसलिए भारत को पूरी तरह से चौकस रहना होगा। अपने को तैयार रखना होगा ताकि धूर्त पाकिस्तान के किसी भी नापाक इरादे को विफल किया जा सके। पाकिस्तान के हुक्मरान अपने घरेलू मसलों से जनता का ध्यान हटाने के लिए भारत के खिलाफ कभी भी कोई कार्रवाई कर सकते हैं। यदि यह उनकी मजबूरी है तो यह भारत के लिये चुनौती है जिससे निबटने के लिये हमें सदैव तैयार रहना होगा।

## नामकरण कौन करे पंडित या अदालतें...

-राकेश अचल

आज का शीर्षक और विषय दोनों आपको चौंका सकते हैं,क्योंकि इसमें सियासत नहीं समाज और अदालत है । संस्कृति और वितृष्णा है । प्रेम और सहजता है। कुछ गंभीरता भी है और बहुत कुछ हास्यास्पद भी। दअरसल मामला मामला ममता बनर्जी के बंगाल सूबे में एक शेर-शेरनी के नामकरण का है। इस मामले को लेकर कलकत्ता उच्च न्यायालय को दखल देना पड़ा। अब लगता है कि हमारी अदालतें सिर्फ कानून की ही नहीं संस्कृति की भी रक्षक बन गयीं हैं या उन्हें जबरन खामखां के विवादों में उलझाया जाता है। मामला त्रिपुरा के सिपाहीजाला प्राणी उद्यान के दो शेरों का है । प्राणी उद्यान संचालकों ने शेर का नाम अकबर और शेरनी का नाम सीता रखा था। दोनों को सिलीगुड़ी के बंगाल सफारी पार्क में 12 फरवरी को लाया गया था।धर्म ध्वजाएं लेकर चलनी वाली धर्म की स्वयंभू ठेकेदार विश्व हिंदू परिषद (विहिप) को इस नामकरण से पेट में दर्द हुआ और विहिप कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट पीठ के समक्ष एक याचिका दायर कर अनुरोध किया कि इन जानवरों के नाम बदले जाएं, क्योंकि इससे नागरिकों के एक वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस बेतुके मामले को खारिज करने के बजाय प्राणी उद्यान संचालकों को मौखिक रूप से कहा कि शेरनी का नाम सीता और शेर का नाम अकबर रखने से बचना चाहिए था। पश्चिम बंगाल चिड़ियाघर प्राधिकरण इन दो जानवरों के नाम बदलकर विवेकपूर्ण निर्णय ले। जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा कि क्या किसी जानवर का नाम देवताओं, पौराणिक नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों या नोबेल पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा जा सकता है उन्होंने मौखिक रूप से कहा कि विवाद टालने के लिए जानवरों के इस तरह के नामकरण से बचना चाहिए था। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल पहले से ही स्कूल में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले समेत कई अन्य मुद्दों को लेकर विवादों से घिरा हुआ है। उन्होंने कहा, इसलिए, विवेकपूर्ण निर्णय लें, इस विवाद से बचें. जस्टिस ने सुझाव दिया कि राज्य सरकार के वकील विवाद से बचने के वास्ते चिड़ियाघर अधिकारियों से शेर और शेरनी को अलग-अलग नाम देने के लिए कहें. कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और हर समुदाय को अपने धर्म का पालन करने का अधिकार है. जस्टिस सौगत भट्टाचार्य ने पूछा, ॒॒आपको सीता और अकबर के नाम पर एक शेरनी और एक शेर का नाम रखकर विवाद क्यों खड़ा करना चाहिए.। उन्होंने कहा कि नागरिकों का एक बड़ा वर्ग सीता की पूजा करता है, जबकि अकबर एक बहुत ही सफल और धर्मनिरपेक्ष मुगल सम्राट थे. जस्टिस भट्टाचार्य ने कहा कि वह दोनों जानवरों के नामों का समर्थन नहीं करते हैं। राज्य सरकार की ओर से पेश वकील ने दावा किया कि दोनों जानवरों के नाम त्रिपुरा में रखे गये थे, न कि पश्चिम बंगाल में और इसे साबित करने के लिए दस्तावेज उपलब्ध हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि नामकरण वहां किया गया है तो त्रिपुरा में चिड़ियाघर प्राधिकरण को मामले में एक पक्षकार बनाया जाना जरूरी है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। कुछ चुनौतियों का आपको सामना करना होगा।

**तुला** आज परेशान रहेंगे। अगर आप गंभीरता से निर्णय नहीं लेंगे तो आपको नुकसान हो सकता है।

**वृषभ** आज कामकाज सुचारू रूप से चलता रहेगा। बिजनस में कमाई बनी रहेगी।

**वृश्चिक** मंगलमय समाचार मिलेगा। व्यवसाय के क्षेत्र में तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें।

**मिथुन** आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर हैरान होंगे। अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है।

**धनु** संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान और प्रयोग का फायदा मिल सकता है।

**कर्क** तकनीकी समस्याओं को सुलझना पड़ सकता है। किसी से कुछ कहासुनी भी हो सकती है।

**मकर** आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह** आप अपने कारोबार को नई गति और उन्नति की ओर ले जाने की कोशिश करेंगे।

**कुंभ** लाभ मिलेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ करने का निर्णय भी आज हो सकता है।

**कन्या** पारिवारिक कारणों से खर्च का संयोग बनेगा। यात्रा और पारिवारिक कारणों से खर्च का संयोग बनेगा।

**मीन** आज आपको आज बुद्धि कौशल का लाभ दिलाएगा। अध्ययन व आध्यात्म में रूचि बढेगी।

## विशेष

## पंजाब के किसानों का संयम

पंजाब और हरियाणा की बॉर्डर पर किसान हजारों की संख्या में डटे हुए हैं। हजारों किसान 9 दिन से शांति के साथ प्रदर्शन कर रहे हैं। हरियाणा सरकार प्रदर्शनकारियों पर लगातार अश्रु गैस के गोले छोड़ने, बुलेट फायरिंग से सैकड़ो किसानो की घायल होने, दो किसानो की मौत हो जाने के बाद भी, जिस तरह का संयम पंजाब के किसानों ने रखा है।अब देश मे उसकी चर्चा हो रही है। हरियाणा सरकार किस तरह से किसानों पर जुल्म ढा रही है। उसकी चर्चा सारे देश एवं दुनिया में हो रही है। हरियाणा, पंजाब की सीमा में युद्ध जैसे हालात बने हुए हैं। केंद्र एवं हरियाणा की डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों का जो उत्पीड़न किया जा रहा है। उसकी चर्चा दुनिया भर में हो रही है। वहीं किसान अब बिना मांग मनवाये, घर वापस लौटने तैयार नहीं है।

## मराठाओं का आरक्षण बिल गले में फान्स

महाराष्ट्र में मराठाओं के आरक्षण को लेकर आंदोलन चल रहा है।महाराष्ट्र विधानसभा में मराठाओं को 10 फीसदी आरक्षण देने का बिल पास भी हो गया है। इसके बाद भी मराठा संतुष्ट नहीं है। सरकार की चाल को मराठा अच्छे तरीके से समझ रहे हैं। 50 फीसदी से ज्यादा आरक्षण हो जाने पर हाईकोर्ट इस पर रोक लगा देगी।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1483: मुगल सम्राट बाबर का जन्म हुआ. 1525: स्पेनी फौजों ने पाविया, इटली में फ्रांस ओर स्विस फौजों को जबरदस्त शिकस्त दी. 1530: चार्ल्स पंचम रोम के शासक बने. 1563 :फ्रांसीसी गृहयुद्ध में गुइस के ड्यूक मारे गए. 1656: स्पेन ने इंग्लैंड के खिलाफ जंग का ऐलान किया. 1786: जर्मन सेथत विल्हम ग्रिम का जन्म हुआ. 1824: भारत के गवर्नर जनरल ने बर्मा के खिलाफ युद्ध की घोषणा की. 1920: जर्मनी में नाजी पार्टी का गठन किया गया. 1945: मिस्त्र के प्रधानमंत्री अहमद पाशा की हत्या हुई. 1961: मद्रास राज्य का नाम तमिलनाडु रखा गया. 1962: अल्जीयर्स में आतंकवादी हमले में 25 व्यक्ति मारे गए. 1966: धाना में सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया. 1986: अमरीका ने फिलीपींस के राष्ट्रपति फडीनांड मार्कोस से पद छोड़ देने को कहा. 1989: विश्व के नेतओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किए जाने के बाद जापान नरेश हिरोहिती को दफना दिया गया.

## दैनिक पंचांग

**24 फरवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.59 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 10.39 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.37 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 14.51 बजे से |
| शुक्र | मकर में | सिंह | 17.07 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 19.19 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 21.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 23.44 ब.से |
| राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक | | धनु | 02.00 बजे से |
| | | मकर | 04.06 बजे से |
| | | कुंभ | 05.52 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 55 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** माघ **पक्ष** शुक्ल **तिथि** पूर्णिमा 18.00 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मघा 22.21 बजे को समाप्त। **योग** अतिगण्ड 13.34 बजे को समाप्त। **करण** बव 18.00 बजे तदनन्तर बालव 06.18 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 14.1 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 44' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871899 **जूलियन दिन** 2460364.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सावान **तारीख** 13 **विशेष** माघ पूर्णिमा, पूर्णिमा उपवास, मासी मागम, गुरु रविदास जयंती, ललिता जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |


**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore




## चन्द्र घात के समय नहीं करना चाहिए कोई महत्वपूर्ण कार्य

**चंद्र घात विचार वैसे तो बहुत विस्तृत विषय है परंतु यहां पर आप संक्षिप्त में जान लें। पहले के समय में जन्म पत्रिका या कुंडली बनाते समय में घात चक्र का विवरण या सारणी भी दी जाती थी, परंतु आजकल नहीं दी जाती है। हालांकि इसको अब कोई महत्व भी नहीं देता है।**

- किस राशि के लिए कौन नक्षत्र, मास, तिथि, वार, प्रहर चन्द्र आपके लिए शुभ है या अशुभ है यह जानना ही चंद्र घात के अंतर्गत आता है।
- किसी राशि विशेष के लिए एक ही दिन तीन से ज्यादा घात मिले तो उस दिन सावधानी बरतनी चाहिए।
- इन सब प्राचीन घात सूत्रों को ध्यान में रखने से घटना को कुछ हद तक टाला जा सकता है या उस घटना की भयावता को कम किया जा सकता है।
- सिंह राशि के लिए तृतीया तिथि एवं उस दिन शनिवार विशेष घातक माना गया है।
- जीवन में जन्म से तृतीय, पंचम, सप्तम दशाएं कष्टकारक होती है। उसे ध्यान में रखकर ही कोई कार्य करें।
- मेष की पहली, वृष की पांचवीं, मिथुन की नौवीं, कर्क की दूसरी, सिंह की छठी, कन्या की दसवीं, तुला की तीसरी, वृश्चिक की सातवीं, धनु की चौथी, मकर की आठवीं, कुम्भ की ग्यारहवीं, मीन की बारहवीं घड़ी घात चन्द्र मानी जाती है।
- कहते हैं कि चंद्र घात में यात्रा करने पर, युद्ध में जाने पर, कोर्ट कचहरी में जाने पर, खेती कार्य आरंभ करने पर, व्यापार शुरू करने पर, घर की नींव लगाने पर घात चन्द्र वर्जित मानी गई है।
- घात चन्द्र में रोग होने पर मौत, कोर्ट में केस दायर करने पर हार और यात्रा करने पर सजा या झूठा आरोप और विवाह करने पर वैधव्य होने की शंका व्यक्त की जाती है।
- मेषादि द्वादश राशियों के लिए क्रमशः 1, 5, 9, 2, 6, 10, 3, 7, 4, 8, 11, 12 घात चन्द्र दोष होता है। जैसे मेष राशि वालों के लिए मेष का, वृषभ राशि वालों के लिए वृषभ से पंचम कन्या का शेष इसी प्रकार घात चन्द्रमा होता है।
- मेषादि राशियों के लिए क्रमशः कृत्तिका, चित्रा, शतभीषा, मघा, धनिष्ठा, आर्दा, मूल, रोहिणी, पूर्वाभाद्रपदा, मघा, मूल और पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्रों के क्रमशः 1-2-3-3-1-3-2-4-3-4-4 और 4 चरण नक्षत्र घात चरण होते हैं। राज सेवा, युद्ध और विवाद में घात चन्द्रमा वर्जित है।



**सभी पूर्णिमाओं में माघी पूर्णिमा का महत्व काफी अलग है। माघी पूर्णिमा पर तीर्थ की नदियों में स्नान का महत्व है, खासतौर पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर स्नान का विशेष महत्व है। ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, माघी पूर्णिमा पर भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इसलिए इस दिन गंगाजल में स्नान, आचमन या उसका स्पर्श मात्र भी पुण्य फलदायक होता है। माघी पूर्णिमा पर देवता भी रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए प्रयाग आते हैं। अतः गंगा जल और अधिक पवित्र और शुभदायक हो जाता है। इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व धर्म ग्रंथों में बताया गया है।**

# माघ मास का आखिरी दिन है माघी पूर्णिमा

माघ पूर्णिमा माघ मास का आखिरी दिन है। इसके अगले दिन से फाल्गुन मास शुरू हो जाएगा।

- सभी पूर्णिमाओं में माघी पूर्णिमा का महत्व काफी अलग है। माघी पूर्णिमा पर तीर्थ की नदियों में स्नान का महत्व है, खासतौर पर उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम तट पर स्नान का विशेष महत्व है।
- यहां माघ में कल्पवास की परंपरा है। एक महीने तक हजारों लोग संगम किनारे रहकर व्रत और रोज संगम में स्नान करते हैं।
- ग्रंथों में उल्लेख है माघी पूर्णिमा पर संयम से रहना, सुबह स्नान करना एवं व्रत, दान करना आदि नियम बनाए गए हैं।
- माघ मास की पूर्णिमा पर चंद्रमा मघा नक्षत्र में होता है तथा सिंह राशि में स्थित होता है इसलिए यह मास माघ कहलाता है।
- ब्रह्मवैवर्त पुराण के अनुसार, माघी पूर्णिमा पर भगवान विष्णु गंगाजल में निवास करते हैं। इसलिए इस दिन गंगाजल में स्नान, आचमन या उसका स्पर्श मात्र भी पुण्य फलदायक होता है।
- माघी पूर्णिमा पर देवता भी रूप बदलकर गंगा स्नान के लिए प्रयाग आते हैं। अतः गंगा जल और अधिक पवित्र और शुभदायक हो जाता है। इसलिए इस तिथि का विशेष महत्व धर्म ग्रंथों में बताया गया है।
- जो व्यक्ति इस दिन प्रयाग में गंगा स्नान करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- जो श्रद्धालु तीर्थराज प्रयाग में एक मास तक कल्पवास करते हैं। माघी पूर्णिमा पर उनके व्रत का समापन होता है।
- सभी कल्पवासी माघी पूर्णिमा पर माता गंगा की आरती पूजन करके साधु संन्यासियों और ब्राह्मणों को भोजन कराते हैं। बची हुई सामग्री का दान कर देवी गंगा से फिर बुलाने का निवेदन कर अपने घर जाते हैं।
- माघ पूर्णिमा पर ब्रह्म मुहूर्त में नदी स्नान करने से रोग दूर होते हैं। इस दिन तिल और कंबल का दान करने से नरक लोक से मुक्ति मिलती है।

## माघ पूर्णिमा के सरल उपाय

- सफेद फूल जैसे सफेद गुलाब, चंपा, चमेली, चांदनी कुमुदनी, सफेद मोती, सफेद फल, सफेद चमकीले वस्त्र, सफेद अनाज जैसे चावल, सफेद मिठाई जैसे खीर आदि चंद्रमा और श्रीकृष्ण को अर्पित करें।
- महालक्ष्मी को पीली और लाल सामग्री चढ़ाएं।
- मोर पंख को बांसुरी में बांधकर पूजन करें।
- घी का अखंड दीपक जलाएं। उसमें 4 लौंग रखें।
- घर की पानी रखने की जगह पर स्वास्तिक बनाएं।
- पूर्णिमा की रात में की गई पूजन और आराधना से साल भर के लिए लक्ष्मी और कुबेर की कृपा प्राप्ति होती है। इसके अलावा मनोबल में वृद्धि, स्मरण शक्ति व खूबसूरती में वृद्धि होती है।
- 24 फरवरी 2024 को माघ मास की पूर्णिमा है। पूर्णिमा के दिन स्नान और दान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। यदि किसी की जन्मकुंडली में यदि चंद्रमा कमजोर है तो वह इस दिन उपाय करके चंद्रमा को मजबूत कर सकता है।

# पूर्णिमा का वैज्ञानिक महत्व

**पूर्णिमा को वैज्ञानिक रूप से भी अधिक महत्व दिया जाता है क्योंकि पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पानी को अपनी और खींचता है। मनुष्य के अंदर भी 70 प्रतिशत पानी की ही मात्रा होती है। अतः पूर्णिमा के दिन मनुष्य का स्वभाव कुछ हद तक परिवर्तित हो जाता है।**

## धार्मिक महत्व

पुराणों के अनुसार माघ पूर्णिमा के दिन देवी-देवताओं ने मानव रूप धारण कर गंगा में स्नान किया था। इस दिन घर में सत्यनारायण जी की कथा करना शुभ माना जाता है। पूर्णिमा के दिन चंद्रमा पूर्ण दिखाई देता है। इस दिन किसी भी पवित्र नदी में स्नान करने से सभी प्रकार के पाप कट जाते हैं।

- यदि कोई व्यक्ति किसी पवित्र नदी के पास नहीं जा सकता तो वह अपने नहाने के पानी में गंगाजल डालकर नहा सकता है। इससे भी स्नान का पूर्ण फल प्राप्त होगा। इस दिन पितरों का तर्पण करने से उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है।
- पूर्णिमा के दिन भगवान शिव और भगवान विष्णु की पूजा की जाती है। इस दिन आप चाहें तो सत्यनारायण की कथा भी कर सकते हैं।
- इस दिन स्नान करने के बाद पितरों का तर्पण अवश्य करें और पूरे दिन का उपवास रखें।
- इस दिन सूर्योदय से उपवास रख चंद्र दर्शन के बाद समाप्त किया जाता है।
- पूर्णिमा के दिन दान का भी विशेष महत्व है। इसलिए अपने सामर्थ्य के अनुसार किसी निर्धन व्यक्ति या ब्राह्मण को दान अवश्य दें।
- माघ मास की पूर्णिमा को माघ पूर्णिमा कहते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 27 नक्षत्रों में एक मघा से माघ पूर्णिमा की उत्पत्ति हुई है। पौराणिक कथाओं के मुताबिक माघ पूर्णिमा पर खुद भगवान विष्णु गंगाजल में वास करते हैं। इसलिए इस दिन गंगा स्नान का खास महत्व है। इस बार माघ पूर्णिमा 24 फरवरी को है। प्रयागराज में एक महीने तक चलने वाला कल्पवास का समापन भी माघ पूर्णिमा के दिन ही होता है।
- माघ पूर्णिमा पर सुबह स्नान के बाद भगवान विष्णु की पूजा करें। विष्णु की पूजा के बाद पितरों के निमित्त तर्पण करें। इसके बाद जरूरतमंदों को भोजन, कपड़े, कंबल, तिल, गुड़, घी, फल और अन्न आदि दान करें। इस दिन सोने और चांदी का भी दान शुभ माना गया है। इसके अलावा इस दिन गौ (गाय) दान करने से विशेष लाभ मिलता है। माघ पूर्णिमा पर व्रत रखना शुभ फलदायक माना गया है। अगर संभव ना हो तो संध्या फलाहार किया जा सकता है। व्रत के दौरान किसी पर गुस्सा करना शुभ नहीं माना गया है। इसके अलावा घरेलू कलह से भी बचना चाहिए। इस तरह माघ पूर्णिमा के व्रत को संयम से रखा जाए तो पुण्य फल प्राप्त होता है।




# किसे करना चाहिए शुक्रवार का व्रत

शुक्रवार का ग्रह है शुक्र ग्रह। शुक्रवार की प्रकृति मृदु है। यह दिन एक और जहां लक्ष्मी का दिन है वहीं दूसरी ओर काली का भी। यह दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य का दिन भी है। इस दिन माता लक्ष्मी और काली माता की पूजा करना चाहिए। यदि कुंडली में शुक्र की स्थिति निम्निलिखित अनुसार है तो शुक्रवार का व्रत करना चाहिए। आओ जानते हैं कि किसे शुक्रवार का व्रत रखना चाहिए।

- शुक्र ग्रह की दो राशियां हैं वृषभ और तुला। यदि आपकी राशि ये हैं तो आपको शुक्रवार करना चाहिए।
- कुंडली में शुक्र के साथ शुक्र के शत्रु ग्रह सूर्य व चंद्र है तो भी आपको शुक्रवार का व्रत करना चाहिए।
- शुक्र यदि कन्या राशि में, 6वें घर में या 8वें घर या भाव में है तो भी शुक्रवार का व्रत करना चाहिए।
- मंगल और शुक्र की युति हो तब भी शुक्र और मंगल के उपाय के साथ ही शुक्रवार का व्रत रखना चाहिए।
- शरीर में गाल, ठुड्डी, अंगूठा, गुर्दा, यौनांग, अंतड़ियां और नसों से शुक्र का संबंध माना जाता है। यदि इस स्थानों में कोई समस्या है तो शुक्रवार का व्रत रखें।
- यदि वैवाहिक जीवन कठिनाइयों भरा है तो भी शुक्रवार का व्रत रखान चाहिए।
- धन और साधन सुविधा की कमी है तो शुक्रवार का व्रत रखना चाहिए।
- कुंडली में शुक्र के साथ राहु का होना अर्थात स्त्री तथा दौलत का असर खत्म। ऐसी स्थिति में भी शुक्रवार का व्रत रखें।
- यदि शनि मंदा अर्थात नीच का हो तब भी शुक्र का बुरा असर होता है। तब भी शुक्रवार का व्रत रखें।
- गरीबी पीछा नहीं छोड़ रही है तो उपाय के साथ ही शुक्रवार का विधिवत रूप से व्रत रखें।

## शुक्रवार के उपाय

कुंडली में शुक्र के दोषपूर्ण या खराब होने की स्थिति में लक्ष्मी की उपासना करें। शुक्रवार का व्रत रखें। खटाई न खाएं। स्त्री का सम्मान करें, पत्नी को खुश रखें। पराई स्त्री से संबंध न रखें। गृह कलह छोड़कर परिवार के सदस्यों के साथ प्यार से रहें। घर को वास्तु अनुसार ठीक रखें। सफेद वस्त्र दान करें। भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कौवे और कुत्ते को दें। दो मोती लेकर एक पानी में बहा दें और एक जिंदगीभर अपने पास रखें। स्वयं को और घर को साफ-सुथरा रखें और हमेशा साफ कपड़े पहनें। नित्य नहाएं। शरीर को जरा भी गंदा न रखें। सुगंधित इत्र या सेंट का उपयोग करें। पवित्र बने रहें। शुक्रवार को माता लक्ष्मी के मंदिर में कमल का फूल अर्पित करना चाहिए या माता कालिका के मंदिर जाकर उन्हें काली चुनरी चढ़ाना चाहिए। इससे सभी तरह के संकट दूर हो जाते हैं। गृह कलह ना करें, घर की घर की दक्षिण-पूर्व दिशा को ठीक करें। बेडरूम और किचन भी ठीक कराएं। चरित्र को उत्तम बनाकर रखें। साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।



## भगवान विष्णु का ही रूप है तिरुपति बालाजी

तिरुपति बालाजी का दिव्य-भव्य मंदिर आज भी दक्षिण भारतीय वास्तुकला और शिल्प का सर्वोत्तम उदाहरण है। भगवान तिरुपति बालाजी भगवान विष्णु का ही दूसरा रूप है। तिरुपति बालाजी मंत्र से भगवान बालाजी को प्रसन्न किया जाता है,उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा प्रकट की जाती है। तिरुपति बालाजी मंत्र अत्यंत प्रभावशाली है.यह मंत्र एक शुद्ध ध्वनि कंपन है जो मन को मोह माया और भ्रम से बचाता है। इस जप मंत्र को निरंतर दोहराने की प्रक्रिया करने से यह जप मंत्र प्राण में ऊर्जा भर देता है। जब इस मंत्र का उच्चारण किया जाता है तो मन शांत होकर ध्यान मुद्रा में चला जाता है। उच्चारण के बिना मंत्रों की शक्ति कम हो जाती है और कामना पूर्ति या लक्ष्य प्राप्ति में उनका प्रभाव नहीं होता है। इस मंत्र को पढ़ने से खुशी मिलती है। ये मन की भावनाओं को पवित्र कर शरीर में ऊर्जा का प्रवाह करता है। यह मंत्र भय की भावनाओं को कम करता है। रचनात्मक प्रक्रिया को बढ़ाता है। शारीरिक दर्द और अवसाद को मन से दूर भगाता है। मन को शांत कर अच्छी नींद लाने में मदद करता है। इस मंत्र को हर रोज सुनने से आध्यात्मिक समृद्धि का अनुभव होता है।

### भगवान तिरुपति बालाजी मंत्र

ऊँ श्री वेंकटेश्वराये नमो नमः. श्रीमन नारायण नमो नमः.
तिरुमल तिरुपति नमो नमः.
जय बालाजी नमो नमः
ऊँ श्री वेंकटेश्वराये नमो नमः.
श्रीमन नारायण नमो नमः.
तिरुमल तिरुपति नमो नमः.
जय बालाजी नमो नमः.



# तिरुपति बालाजी की क्या है कहानी, भक्त क्यों देते हैं अपने बालों का दान

तिरुपति बालाजी मंदिर से जुड़ी हमें दो कथाएं मिलती है। पहली कथा उनके वराह अवतार से जुड़ी है और दूसरी कथा माता लक्ष्मी और उनके वेंकटेश्वर रूप से जुड़ी हुई है।

**पहली कथा** - आदि काल में धरती पर जल ही जल हो गया था। यानी पैर रखने के लिए कोई जमीन नहीं बची थी। कहते हैं कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि पवन देव ने भारी अग्नि को रोकने के लिए उग्र रूप से उड़ान भरी जिससे बादल फट गए और बहुत बारिश हुई और धरती जलमग्न हो गई। धरती पर पुन- जीवन का संचार करने के लिए श्रीहरि विष्णु ने तब आदि वराह अवतार लिया। उन्होंने अपने इस अवतार में जल के भीतर की धरती को ऊपर तक अपने तुस्क का उपयोग करके खींच लिया। इसके बाद पुन- ब्रह्मा के योगबल से लोग रहने लगे और आदि वराह ने तब बाद में ब्रह्मा के अनुरोध पर एक रचना का रूप धारण किया और अपने बेहतर आधे (4 हाथों वाले भूदेवी) के साथ कृदचला विमना पर निवास किया और लोगों को ध्यान योग और कर्म योग जैसे ज्ञान और वरदान देने का फैसला किया।

**दूसरी कथा** - कलयुग के प्रारंभ होने पर आदि वराह वेंकटाद्री पर्वत छोड़कर अपने लोक चले गए जिसके चलते ब्रह्माजी चिंतित रहने लगे और नारद जी से विष्णु को पुन- लाने के लिए कहा। नारद एक दिन गंगा के तट पर गए जहां पर ऋषि इस बात को लेकर भ्रम में थे कि हमारे यज्ञ का फल त्रिदेवों में से किसे मिलेगा। नारद जी ने उनके शंका समाधान हेतु भृगु को यह कार्य सौंपा। भृगु ऋषि सभी देवताओं के पास गए, लेकिन भगवान शिव और विष्णुजी ने उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया तो वे क्रोधित हो गए। क्रोधित होकर भृगु ऋषि ने विष्णुजी की छाती पर एक लात मार दी। इसके बावजूद विष्णु जी ने ऋषि के पैरों की यह सोचकर मालिश की कि कहीं उनके पैरों में दर्द ना होने लगा हो। यह देखकर ऋषि भृगु को सभी ऋषियों को उत्तर दिया कि उनके यज्ञ का फल हमेशा भगवान विष्णु को समर्पित होगा। परंतु श्रीहरि विष्णु की छाती पर लात मारने के कारण माता लक्ष्मी क्रोधित हो गई। उन्हें अपने पति का अपमान सहन नहीं हुआ और वे चाहती थीं कि भगवान विष्णु ऋषि भृगु को दंडित करें, परंतु ऐसा नहीं हुआ।परिणामस्वरूप उन्होंने वैकुंठ को छोड़ दिया और तपस्या करने के लिए धरती पर आ गई और करवीरापुरा (कोल्हापुर) में ध्यान करना शुरू कर दिया।

इधर, विष्णुजी के इस बात से दुःखी थे कि माता लक्ष्मी उन्हें छोड़कर चली गई। कुछ समय बाद वे भी धरती पर आकर माता लक्ष्मी को ढूंढने लगे। जंगल और पहाड़ियों पर भटकने के बाद भी वह माता को खोज नहीं पाए। आखिर परेशान होकर विष्णु जी वेंकटाद्री पर्वत में एक चींटी के आश्रय में विश्राम करने लगे। यह देखकर ब्रह्माजी के उनकी सहायता करने के फैसला किया। वे गाय और बछड़े का रूप धारण कर माला लक्ष्मी के पास गए। देवी लक्ष्मी ने उन्हें देखा और उस वक्त के सत्ताशीस शासक चोल राजा को उन्हें सौंप दिया। राजा ने उसे चरवाहे को सौंप दिया। परंतु वह गाय सिर्फ विष्णुजी के रूप श्रीनिवास को ही दूध देती थी जिस कारण चरवाहे ने उस गाय को मारने का प्रयास किया। तब श्रीनिवास ने चरवाहे पर हमला करके गाय को बचाया और क्रोधित होकर उन्होंने चोल राजा को एक राक्षस के रूप में जन्म लेने का श्राप दे दिया। राजा ने दया की प्रार्थना की तब श्रीनिवास ने कहा कि राजा को दया तब मिलेगी जब वह अपनी बेटी पद्मावती का विवाह मुझसे करेगा।

जब यह बात देवी लक्ष्मी (पद्मावती) को पता चली तो वे वहां आई और तब उन्होंने श्रीहरि को पहचान लिया और जिसके बाद भगवान् विष्णु और लक्ष्मी जी एक दूसरे से लिपट गए और इसके बाद वे पत्थर में बदल गए। फिर ब्रह्माजी और शिवजी ने हस्तक्षेप करके लोगों को इस अवतार के उद्देश्य से अवगत कराया। कहते हैं कि किसी काल में श्रीहरि विष्णु ने वेंकटेश्वर स्वामी के रूप में अवतार लिया था। यह भी कहा जाता है कि कलयुग के कष्ट से लोगों को बचाने के लिए उन्होंने यह अवतार लिया था। इसीलिए भगवान के इस रूप में मां लक्ष्मी भी समाहित हैं इसीलिए यहां बालाजी को स्त्री और पुरुष दोनों के वस्त्र पहनाने की यहां परम्परा है। बालाजी को प्रतिदिन नीचे धोती और उपर साड़ी से सजाया जाता है।

## तिरुपति बालाजी में बाल क्यों काटते हैं?

बाल दान दने के पीछे का कारण यह माना जाता है कि भगवान वेंकटेश्वर कुबेर से लिए गए ऋण को चुकाते हैं। कथा अनुसार जब भगवान वेंकटेश्वर का पद्मावती से विवाह हुआ था। तब एक परंपरा के अनुसार वर को शादी से पहले कन्या के परिवार को एक तरह का शुल्क देना होता था, लेकिन भगवान वेंकटेश्वर ये शुल्क देने में असमर्थ थे, इसलिए उन्होंने कुबेर देवता से ऋण लेकर पद्मावती से विवाह किया और वचन दिया कि कलयुग के अंत तक वे कुबेर का सारा ऋण चुका देंगे। उन्होंने देवी लक्ष्मी की ओर से भी वचन देते हुए कहा कि जो भी भक्त उनका ऋण लौटाने में उनकी मदद करेंगे देवी लक्ष्मी उन्हें उसका दस गुना ज्यादा धन देंगी। इस कारण तिरुपति जाने वाले विष्णु भगवान पर आस्था रखने वाले भक्त बालों का दान कर भगवान विष्णु का ऋण चुकाने में उनकी मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### स्पाइसजेट एयरलाइन ने पूंजी निवेश की दूसरी खेप के तहत 316 करोड़ रुपये जुटाए



**नईदिल्ली, एजेंसी।** अजय सिंह के स्वामित्व वाली स्पाइजेट एयरलाइन ने निवेशकों से पूंजी निवेश की दूसरी खेप के तहत 316 करोड़ रुपये जुटा लिए हैं। इस तरह कंपनी की ओर से जुटाई गई कुल राशि 1060 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है। एयरलाइन ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि कंपनी की ओर से जुटाई गई राशि से यह पता चलता है कि निवेशकों का एयरलाइन के भविष्य पर मजबूत भरोसा है। यह निवेश संभावनाओं के रोमांचक अवसर पैदा करेगा। बीते 27 जनवरी को स्पाइसजेट ने पूंजी निवेश के पहली खेप की प्रक्रिया पूरी की थी, जिसके तहत कंपनी ने तरजीही आधार पर प्रतिभूतियों का आवंटन कर 744 करोड़ रुपये जुटाए थे। रिपोर्ट्स के अनुसार स्पाइसजेट अपने शेयरों और वारंट्स की बिक्री के माध्यम से 22.50 अरब रुपये जुटाने की योजना बना रही है। स्पाइसजेट, हाल के कुछ समय में कई बाधाओं का सामना कर रहा है। कंपनी की ओर से जुटाए गए धन का इस्तेमाल बेड़े में वृद्धि, नेटवर्क विस्तार और तकनीकी सुधार के लिए किए जाने की उम्मीद है। स्पाइसजेट के प्रवर्तक अजय सिंह ने कुछ समय पहले कहा था कि पूंजी निवेश स्पाइसजेट के लिए नए रास्ते खोलेगा।

### सोना 50 रुपये फिसला, चांदी में 500 रुपये की गिरावट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र के दौरान सोना 62,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर के भाव पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 500 रुपये की गिरावट के साथ 75,200 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 50 रुपये की गिरावट के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार तो दिखा।÷ अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोना हाजिर भाव 2,027 डॉलर प्रति औंस पर अपरिवर्तित रहा। हालांकि, चांदी की कीमत गिरावट के साथ 23 डॉलर प्रति औंस रह गई।÷ नवीनतम फेडरल रिजर्व की बैठक के मिनट्स जारी होने के बाद सोने की कीमतों में सुस्त कारोबार होता दिखा। मिनट्स में संकेत दिया गया है कि यूएस फेड लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरों को बनाए रखने के लिए तैयार है। गांधी ने कहा कि इसे देखते हुए गुरुवार को पीली धातु की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई।

### सरकार की तरफ से मिला कंपनी को बड़ा 'तोहफा'

**नईदिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में आज सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स के शेयरों में 5 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव 643 रुपये के लेवल पर पहुंच गया। इस उछाल के पीछे की वजह कंपनी से जुड़ी एक खबर को माना जा रहा है। कंपनी की तरफ से एक्सचेंज को दी जानकारी में कहा गया है कि पीएलआई स्कीम के तहत सर्टिफिकेट पाने वाली पहली ऑटोमोटिव कंपनी है। कंपनी ने कुल 7 प्रोडक्ट के लिए पीएलआई स्कीम में अप्लाई किया था।

# कभी वेटर था यह शख्स, आज मस्क-बेजोस से लेकर अडानी-अंबानी तक को पछाड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इस साल कमाई के मामले में अमेरिका के जेनसेन हुआंग ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क और एशिया के सबसे रईस मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। हुआंग की संपत्ति में गुरुवार को 9.59 अरब डॉलर का उछाल आया। उनकी कुल संपत्ति अब 69.2 अरब डॉलर हो गई है और वह अमीरों की लिस्ट में 21वें नंबर पर हैं।

ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक इस साल कमाई में नंबर एक पर मार्क जुकरबर्ग हैं। उनकी संपत्ति में 64.4 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। अब जेनसेन हुआंग 25.2 अरब डॉलर की कमाई के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। जेफ बेजोस अब तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। इस साल अबतक उनकी संपत्ति में 20.2 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है। बेजोस दुनिया के दूसरे सबसे रईस हैं। एलन मस्क इस साल कमाई में फिसड्डी हैं और टॉप लूजर की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं।

कमाई के मामले में चौथे नंबर पर दुनिया 7वें सबसे रईस व्यक्ति वॉरेन बफेट हैं। इस साल उन्होंने अपने नेटवर्थ में 18.1 अरब डॉलर जोड़ा है। गौतम अडानी की संपत्ति इस साल 18 अरब डॉलर बढ़ी है, जबकि मुकेश अंबानी की दौलत में 15.8 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है।



### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी के निर्माता एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है। 1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे जेन्सेन हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल की उम्र में दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। फिर उन्होंने ओनिडा एलीमेंट्री से पढ़ाई पूरी करने के बाद अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

### कहां से आता है पैसा

हुआंग की अधिकांश संपत्ति कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई उत्पादों के निर्माता एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से मिली है। इसकी वेबसाइट के अनुसार, हुआंग ने क्रिस मैलाचोव्स्की और कर्टिस प्रीम के साथ कैलिफोर्निया स्थित कंपनी सांता क्लारा की सह-स्थापना की।

### एक दिन में कैसे उछली हुआंग की दौलत

एनवीडिया का शेयर मूल्य 16त्न उछलकर 785.38 डॉलर हो गया, जिससे एक ही दिन में कंपनी का बाजार मूल्य 277 अरब डॉलर बढ़ गया, जिसने एक नया रिकॉर्ड बनाया। एनवीडिया का कुल मार्केट कैप अब 1.89 ट्रिलियन डॉलर है। यह टेक जाइंट माइक्रोसॉफ्ट और एप्पल के बाद तीसरी सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनी बन गई है।

### फोर्ब्स की लिस्ट में बर्नार्ड अर्नाल्ट दुनिया सबसे बड़े रईस

फोर्ब्स रियल टाइम बिलेनियर की लिस्ट में दुनिया के सबसे अमीर शख्स बर्नार्ड अर्नाल्ट हैं। इन्होंने एलन मस्क से यह रुतबा छीना है। फोर्ब्स के मुताबिक इस समय अर्नाल्ट की कुल संपत्ति 228.3 अरब डॉलर है। दूसरे नंबर पर खिसके एलन मस्क के पास 207.5 अरब डॉलर का नेटवर्थ है।

## दो साल में एमएसपी पर जरूरत से दोगुना ज्यादा हुई अनाज की खरीद



**नईदिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव से पूर्व नए सिरे से शुरू हुए किसान आंदोलन को खत्म करने के लिए सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग नहीं मानेगी। एक मंत्री ने कहा कि सरकार चाहती है कि देश में खाद्य तेल, दलहन और मोटे अनाज की खेती का चलन बढ़े। सरकार का कहना है कि वह बीते दो साल से खाद्य सुरक्षा कानून के लिए जरूरी 350 लाख टन से दोगुना अनाज एमएसपी पर खरीद रही है। दूसरी ओर विशेषज्ञों का मानना है कि एमएसपी की व्यवस्था के कारण देश की खेती न सिर्फ गेहूं-चावल तक केंद्रित हो कर रह गई है, बल्कि इस व्यवस्था के दायरे से 80 फीसदी किसान बाहर हैं। विशेषज्ञ इस व्यवस्था को खत्म कर खुले व्यापार की छूट देने के साथ तभी एमएसपी के तहत खरीद की वकालत कर रहे हैं ।

# देश के सबसे महंगे इलाके में रिलायंस और टाटा के बीच चल रही स्पेस वॉर

### पूरे देश में रिलायंस के पास टाटा से तीन गुना रिटेल स्पेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के दो सबसे बड़े औद्योगिक घरानों टाटा ग्रुप और रिलायंस इंडस्ट्रीज के बीच मुंबई के प्रीमियम रिटेल रियल एस्टेट में ज्यादा से ज्यादा हिस्सा कब्जाने की होड़ मची है। टाटा ग्रुप की कंपनियों जारा, स्टारबक्स, वेस्टसाइड और टाइटन के पास पूरे देश में करीब 2.5 करोड़ वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास 100 से अधिक लोकल और ग्लोबल ब्रांड्स के पास 7.3 करोड़ वर्ग फीट स्पेस है। यह टाटा ग्रुप की तुलना में करीब तीन गुना है। लेकिन मुंबई में दोनों के बीच कांटे का मुकाबला है। देश की आर्थिक राजधानी में इन दोनों ग्रुपों में से प्रत्येक के पास करीब 30 लाख वर्ग फीट रिटेल स्पेस है। मुंबई में रिटेल रियल एस्टेट को देश में सबसे महंगा माना जाता है और दोनों ग्रुप मुंबई में ज्यादा से ज्यादा रिटेल स्पेस लेना चाहते हैं।

स्ट्रैटजी कंसल्टिंग फर्म थर्ड आई के फाउंडर देवांग्शू दत्ता ने कहा कि मॉडर्न रिटेल एनवायरमेंट में ज्यादा विजिबल लोकेशन्स में ज्यादा सफल या बड़े ब्रांड्स हैं।




### क्या कहते हैं जानकार

कमर्शियल रियल एस्टेट कंसल्टेंट्स नाइट फ्रैंक इंडिया के डायरेक्टर (रिटेल) अभिषेक शर्मा ने कहा कि देश के रिटेल सेक्टर में इन कंपनियों की 40 से 45 फीसदी हिस्सेदारी है। किसी भी मॉल में इनके पास 40 से 45 फीसदी स्पेस हो सकता है। संभव है कि इन ग्रुप्स को वरीयता दी जाती है लेकिन इसके डायनैमिक्स बहुत कॉम्प्लेक्स हैं। डेवलपर्स को इन बड़े ब्रांड्स की डिमांड और डाइवर्स टेनेंट मिक्स के बीच संतुलन बनाना होगा। टाटा ग्रुप ने 1980 के दशक के आखिर में रिटेल में एंट्री मारी थी। इसकी शुरुआत टाइटन वॉच स्टोर्स के रूप में हुई थी। एक दशक बाद ग्रुप ने डिपार्टमेंट स्टोर वेस्टसाइट लॉन्च किया था। टाटा ग्रुप के देशभर में करीब 4,600 स्टोर हैं।

## रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए पतंजलि ने लगाई बोली

### इसके बाद कई दूसरी कंपनियों ने भी इसके लिए ताल ठोकी

### बाबा रामदेव की कंपनी ने 830 करोड़ रुपये का ऑफर दिया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी कंपनी रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए अब कई कंपनियां कूद पड़ी हैं। बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि आयुर्वेद ने प्रोसेस पूरी होने के बाद इसे खरीदने में दिलचस्पी दिखाई थी। एनसीएलटी ने पतंजलि को इसके लिए बोली लगाने की अनुमति दे दी है। उसके बाद कई और कंपनियां भी इसके खरीदने की रेस में कूद पड़ी हैं। इनमें वेलस्पन ग्रुप की एमजीएन एग्रो प्रॉपर्टीज और मुंबई की कंपनी बी-राइट रियल एस्टेट शामिल हैं। इन कंपनियों को भी बोली लगाने के लिए एनसीएलटी से मंजूरी मिल गई है। एनसीएलटी की मुंबई बेंच ने सभी बिडर्स को 25 फरवरी तक फॉर्मल एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट सौंपने को कहा है। रोल्टा इंडिया डिफेंस से जुड़ी सॉफ्टवेयर कंपनी है लेकिन इसके पास मुंबई में काफी रियल एस्टेट एसेट है।

सूत्रों के मुताबिक तीन और कंपनियों ने भी रोल्टा इंडिया को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। इनमें अहमदाबाद की कंपनी रेयर एआरसी, तमिलनाडु की शेरिषा टेक्नोलॉजीज और पुणे की कंपनी मंत्रा प्रॉपर्टीज शामिल हैं। रेयर एआरसी के एक सीनियर अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा है कि कंपनी ने अपनी बिड सौंप दी है। वेलस्पन ने इस बारे में भेजे गए ईमेल का जवाब नहीं दिया। इसी तरह रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल ममता बिनानी ने भी ईमेल का जवाब नहीं दिया। एक सूत्र ने कहा कि एनसीएलटी के पतंजलि को बोली लगाने की अनुमति देने के बाद कई कंपनियों ने रोल्टा इंडिया में दिलचस्पी दिखाई है। अधिकांश की नजर मुंबई में कंपनी के रियल एस्टेट एसेट्स पर है। कंपनी के पास 200 करोड़ रुपये कैश और 160 करोड़ रुपये का इंश्योरेंस क्लैम है। रोल्टा के सॉफ्टवेयर एसेट्स की वैल्यू के बारे में ज्यादा कुछ पता नहीं है। कंपनी की मुंबई के एसईईपीजेड एरिया में तीन बिल्डिंग्स हैं। साथ ही इसके पास कोलकाता में जमीन और मुंबई में कुछ फ्लैट हैं। इनकी कीमत करीब 1200 करोड़ रुपये है। सबकी नजर इन्हीं पर है। हाल में खबर आई थी कि पतंजलि ने इसके लिए 830 करोड़ रुपये का ऑल-कैश ऑफर दिया है। कुछ ही दिन पहले पुणे की कंपनी अश्दान प्रोटीन ने रोल्टा इंडिया को खरीदने के लिए सबसे बड़ी बोली लगाई थी। पतंजलि ने एनसीएलटी की मुंबई पीठ में एक याचिका दायर करके मांग की थी कि लेंडर्स को उसकी बोली पर विचार करने का आदेश दिया जाए।

# आटा-चावल बेच कर पहुंचा दिया 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का टर्नओवर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कोई-कोई सोचते हैं आटा-चावल-चीनी बेच कर कितना कमा लेंगे। यहां तक बोलते हैं कि कितना का माल बेच लेंगे। लेकिन हम आपको दिल्ली एनसीआर के स्टार्टअप पोषण के बारे में बता रहे हैं। यह स्टार्टअप सिर्फ आटा, चावल, चीनी और खाना पकाने का तेल बेचने का धंधा करता है। और साल में 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का माल बेच लेता है। हाल ही में कंपनी ने तरल दूध भी बेचना शुरू किया है। इसमें भी वह महीने में 60 करोड़ रुपये का धंधा करता है। जी हां, आप सही समझे। आज की सक्सेस स्टोरी में हम आपको कानपुर जैसे छोटे से शहर से निकल कर आए शशांक सिंह की कहानी बता रहे हैं। उन्होंने बिट्स पिलानी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग करने के बाद आईआईएम कोलकाता से एमबीए किया है। इसके बाद कई एमएनसीज में अच्छे तनख्वाब पर नौकरी की। लेकिन यह सब पसंद नहीं आया तो अपना स्टार्टअप खोल लिया।



शशांक बताते हैं कि इंजीनियरिंग की डिग्री लेने के बाद ही वह मिशेलिन जैसी एमएनसी में नौकरी कर ली। वहां तीन साल तक नौकरी भी की। लेकिन मन में तो कुछ और करने का धुन था। इसलिए एमबीए की पढ़ाई के लिए कॉमन एडमिशन टेस्ट दे दिया। उसमें सेलेक्शन हो गया और कोलकाता स्थित इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ मैनेजमेंट में दाखिला मिल गया। वहां से पढ़ाई पूरी करने के बाद तो और अच्छे पैकेज की नौकरी मिली। कंपनी भी उबर और विप्रो जैसी। लेकिन वहां मन नहीं लगा। इस बीच दुनिया भर में कोरोना का कहर बरपा। तब पता चला कि जीवन में कुछ हो ना हो, आटा-चावल की सप्लाई बनी रहे तो ज्यादा दिक्कत नहीं है। फिर नौकरी से इस्तीफा दे कर अपने एक मित्र भुवनेश गुप्ता के साथ मिल कर पोषण ब्रांड नाम से एक स्टार्टअप खोल लिया।

शशांक सिंह का कहना है कि उनका स्टार्टअप ज्यादा कमोडिटी में काम नहीं करता। उसका फोकस सिर्फ चार चीजों पर है। एक तो गेहूं का आटा, दूसरा चावल, तीसरी कमाडिटी है चीनी और चौथी कमोडिटी है खाना पकाने का तेल। वह बताते हैं कि एडिबल ऑयल में वह सरसों तेल से लेकर सोयाबीन तेल, पॉम ऑयल, सनफ्लावटर ऑयल आदि में काम काम करते हैं। इन चीजों को वह बड़ी कंपनियों या मिलर से माल उठा कर बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर, बड़े डिस्ट्रीब्यूटर या बड़े होलसेलर को बेचते हैं।

वह बताते हैं कि उनके ग्राहकों की लिस्ट लगातार बढ़ती ही जा रही है। इनमें रिलायंस रिटेल, लॉट्स होलसेल, डी शेयर, बिग बॉस्केट, जेप्टो, सिटी मॉल जैसी बड़ी डिपार्टमेंटल स्टोर या ई-कामर्स स्टोर चलाने वाली कंपनियां तो हैं ही, बनिए की दुकान जैसे स्टैंड अलोन होलसेलर भी शामिल हैं। उनका कहना है कि पोषण का एवरेज टिकट साइज दो लाख रुपये का होता है। इसलिए छोटे व्यापारी को वह कैटर नहीं कर पाते। उनका सीधा सा हिसाब है, ट्रक भर कर माल लो तो धंधा करेंगे। यदि इतना नहीं ले सकते तो कम से कम आधा ट्रक तो लेना ही होगा। यदि इतना नहीं ले सकते तो फिर उस व्यापारी से धंधा नहीं हो सकता।

पोषण पहले सिर्फ ग्रोसरी के धंधे में ही थी। पिछले 18 महीने से यह स्टार्टअप लिक्विड मिल्क या तरल दूध के धंधे में आ गई है। ग्रामीण इलाकों में दूध के किसानों से दूध इकट्ठा कर चिलिंग सेंटर में लिक्विड मिल्क जमा करने वाली छोटी कंपनियों से यह स्टार्टअप दूध लेती है और उसे परम, पारस, गोवर्द्धन जैसी बड़ी कंपनियों को सप्लाई करती है। अब तो कंपनी का हर महीने करीब 60 करोड़ रुपये का कारोबार लिक्विड मिल्क का ही हो गया है।

### किन राज्यों में चलता है कारोबार

जब इस स्टार्टअप की शुरुआत हुई थी तो इसका कार्यक्षेत्र सिर्फ दिल्ली और एनसीआर ही था। अब इसका विस्तार दिल्ली और एनसीआर के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड और महाराष्ट्र के कुछ इलाकों तक फैल गया है। यह तो हुई ग्रोसरी की बात। लिक्विड मिल्क की बात करें तो यह सिर्फ उत्तर प्रदेश और हरियाणा में है। थोड़ा बहुत दूध का काम महाराष्ट्र में भी करते हैं। कंपनी का इरादा धीरे-धीरे देश के अन्य इलाकों में भी पहुंचने का है।

### स्टोरेज नहीं करती कंपनी

शशांक का कहना है कि वह टेक्नोलोजी कंपनी चलाते हैं, वेयर हाउस नहीं। इसलिए कोई भी सामाना का स्टोरेज नहीं करते। जैसे ही किसी कंपनी या प्रतिष्ठान से आर्डर आया, तुरंत ही उसके सप्लायर कंपनी से कंसल्ट करते हैं। यदि रेट पर बात बन गई तो सप्लायर कंपनी से माल उठवा कर खरीदार कंपनी के यहां डलवा दिया जाता है।

# आईटी सेक्टर में 40000 से अधिक नए युवाओं को मिलेगी नौकरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईटी सेक्टर में नई नियुक्तियां फिर से शुरू होंगी। अगले छह महीनों में 40,000 से अधिक नए युवाओं को नौकरियां दी जाएंगी। वैसे, यह पिछले एक साल पहले की तुलना में कम है। मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर जैसे-जैसे आईटी सेवाओं की मांग बढ़ेगी, नौकरियां भी बढ़ेंगी। ये नियुक्तियां कुछ बदलावों के साथ की जाएंगी।

गौरतलब है कि पिछली कुछ तिमाही आईटी क्षेत्र में नई भर्तियों को लेकर निराशाजनक रही। राजस्व के मुताबिक शीर्ष पांच भारतीय आईटी कंपनियों की कर्मचारियों की संख्या 2023 में लगभग 65,000 कम हो गई। नौकरी डॉट कॉम के अनुसार, दिसंबर 2023 में इस सेक्टर में नई नौकरियों की संख्या दिसंबर 2022 की तुलना में 21 फीसदी और सितंबर 2023 की तुलना में चार फीसदी घटी। आईटी कंपनियों ने आईटी सेवाओं की मांग कम होने के चलते नई नियुक्तियां नहीं की। जैसे-जैसे मांग में तेजी आएगी, वैसे-वैसे नियुक्तियां भी बढ़ाई जाएंगी।

### इंफोसिस में सबसे अधिक घटी नई नौकरियों की संख्या

मिंट की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में आईटी सेक्टर की दिग्गज कंपनी इंफोसिस द्वारा सबसे कम नई नौकरी की पेशकश की। वर्ष 2022 की तुलना में 24182 कम नौकरियां दी गई। वहीं, विप्रो में 21875 कम भर्तियां की गईं। टेक महिंद्रा में 10818 कम कर्मचारी रखे। टीसीएस में भी 10669 कम भर्तियां की गईं। सिर्फ एचसीएल टेक में वर्ष 2023 में 2486 लोगों को नौकरी दी।



### कोरोना काल में बढ़ी थीं नियुक्तियां

कोरोना संक्रमण काल के दौरान आईटी कंपनियों में नियुक्तियों की होड़ मची थी। ग्राहक तेज गति से डिजिटल तकनीकों को अपना रहे थे। गार्टनर के अनुसार, वर्ष 2021 में आईटी सेवाओं की वैश्विक मांग 12.8 फीसदी बढ़ी थी। जब परामर्श फर्म ने जुलाई 2022 में 200 से अधिक मुख्य वित्तीय अधिकारियों (सीएफओ) का सर्वेक्षण किया तो 69 फीसदी ने डिजिटल टेक्नोलॉजी पर अपना खर्च बढ़ाने की योजना बनाई।

### आईटी सेवाओं की मांग पर निर्भरता

नई नियुक्तियां आईटी सेवाओं की मांग पर निर्भर करती हैं। गार्टनर ने जनवरी की अपनी रिपोर्ट में बताया है कि वर्ष 2023 में आईटी पर 3.3 फीसदी खर्च बढ़ा, जो वर्ष 2022 से केवल 0.3 फीसदी अधिक था। वर्ष 2024 में समग्र आईटी खर्च में 6.8 फीसदी की बढ़ोतरी होगी। वर्ष 2023 में आईटी क्षेत्र में दर्ज 5.8 फीसदी की बढ़ोतरी की अपेक्षा वर्ष 2024 में 8.7 फीसदी की तेजी की उम्मीद है।

## गोल्डमैन सैक्स ने कहा-बेच दें यस बैंक के शेयर, एसबीआई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी ब्रोकरेज कंपनी गोल्डमैन सैक्स ने यस बैंक के शेयरों को बेचने की सिफारिश की है। उसने इस प्राइवेट बैंक पर अपनी रेटिंग घटाकर स्द्गद्यद्य कर दी है। इसके अलावा एसबीआई और आईसीआईसीआई बैंक के लिए अपनी रेटिंग बाय से घटाकर नेचुरल कर दी है। यस बैंक सुबह के सत्र में करीब दो फीसद नीचे 26.60 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। एचडीएफसी बैंक में मामूली बढ़त के साथ 1426 रुपये पर था। आईसीआईसीआई बैंक 1062.70 रुपये पर था और एसबीआई गिरावट के साथ 762.25 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस ब्रोकिंग फर्म ने एचडीएफसी बैंक पर अपनी बाय रेटिंग बरकरार रखी है, लेकिन बजाज फाइनेंस को स्द्गद्यद्य से नेचुरल कर दिया। ब्रोकरेज ने कहा कि इन सभी को पूरे सेक्टर में मजबूत बैलेंस शीट के मद्देनजर मार्केट शेयर बनाए रखने या मार्जिन से समझौता करने की दुविधा का सामना करना पड़ता है।

# उबर के लिए भारत दुनिया में सबसे कठिन बाजार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी कंपनी उबर का तो नाम सुना ही होगा। यह बहुराष्ट्रीय कंपनी दुनिया के 70 से भी ज्यादा देशों में कारोबार कर रही है। भारत भी उसमें से एक है। लेकिन उबर के लिए भारत में कारोबार करना आसान नहीं है। कंपनी के सीईओ दारा खोसरोशाही का कहना है कि उनके लिए भारतीय बाजार चुनौतीपूर्ण बाजारों में से एक है।

इंफोसिस के को-फाउंडर नंदन नीलेकणी से बेंगलुरु में पिछले दिनों हुई बातचीत में उबर के सीईओ ने बताया कि भारत उनके लिए सबसे मुश्किल बाजार है। खोसरोशाही ने कहा कि भारत में ग्राहक कम से कम खर्च पर अधिक से अधिक सेवाओं का लाभ उठाने को अधिक अहमियत देते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में कारोबार करने से मिली सीख दुनिया के किसी भी दूसरे देश में कारोबार करना आसान बना देती है। उन्होंने कहा ÷यदि वह यहां सफल हो जाते हैं तो फिर दुनिया के किसी भी देश में सफल हो जाएंगे।÷

उन्होंने कहा कि इस समय कंपनी यहां लो-कॉस्ट सर्विस सेगमेंट पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह है टूव्हीलर और थ्री व्हीलर सर्विस। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद भारत में उबर के लिए यह बेहतरीन दौर है। उन्होंने कहा कि भारत में अपनी टीम को लेकर वह गर्व का अनुभव करते हैं। उबर के अनुसार किफायती कारोबारी खंड में कारोबार का विस्तार करना उनकी नजर में सबसे बड़ा रणनीतिक अवसर है। कंपनी भारत में किफायती सेवा खंडों जैसे दोपहिया, तिपहिया एवं बस सेवा आदि में अपना कारोबार का दायरा बढ़ाना चाहती है। इससे पहले कंपनी केवल फोरव्हीलर सेगमेंट में कारोबार करने पर ही ध्यान केंद्रित कर रही थी। खोसरोशाही ने कहा, ÷अगर मौजूदा समय को देखें तो किफायती सेवा खंडों को लेकर हमारा जोश बुलंदी पर है। हम तिपहिया, दोपहिया खंडों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ ही उच्च क्षमता वाली उबर बस तैयार करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत में एक बड़ी आबादी तक अपनी सेवाएं पहुंचाने का यह हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है।÷ उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी केवल उच्च मध्यम वर्ग तक ही न सिमट कर भारत में आबादी के एक बड़े हिस्से तक अपनी सेवाएं पहुंचाना चाहती है।



संक्षिप्त समाचार

## आईपीएल- 2024 में ऋषभ पंत करेंगें दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी

### लेकिन पहले सात मैचों में...



नईदिल्ली, एजेंसी। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की आईपीएल 2024 में वापसी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के को-ओनर पार्थ जिंदल ने बड़ी जानकारी दी है। पार्थ जिंदल ने बताया है कि ऋषभ पंत आईपीएल के आने वाले सीजन में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान होंगे, लेकिन पहले हाफ में वे सिर्फ एक बल्लेबाज के तौर पर खेलेंगे। विकेटकीपर की जिम्मेदारी किसी अन्य खिलाड़ी को दी जाएगी। हालांकि, बाद में वे विकेट के पीछे खड़े हो सकते हैं।

पार्थ जिंदल ने कहा कि मुख्य कोच रिकी पोंटिंग और टीम डायरेक्टर सौरव गांगुली सहित दिल्ली कैपिटल्स का कोचिंग स्टाफ ऋषभ पंत को लेकर आश्वस्त था। उन्होंने कहा, ऋषभ बल्लेबाजी कर रहे हैं। वह रनिंग कर रहे हैं। उन्होंने विकेटकीपिंग शुरू कर दी है। उनके आईपीएल के लिए पूरी तरह फिट होने की संभावना है। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि ऋषभ आईपीएल खेलेंगे और वह पहले मैच से ही कप्तानी करेंगे। टीम के को-ओनर ने आगे बताया, पहले सात मैचों में हम उन्हें केवल एक बल्लेबाज के रूप में खिलाएंगे

## दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी पद्मश्री श्याम लाल हॉकी टूर्नामेंट में 9-0 से जीती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली यूनिवर्सिटी एलुमिनी ने दसवें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी टूर्नामेंट 2024 के महिला वर्ग के लीग मैच में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 9-0 से हराया। मेघा ने तीन गोल, सुनीता और नीलम ने दो-दो गोल तथा प्रियंका और सारिका ने एक-एक गोल किया। इस मैच



में एसएनएस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिल्ली युनिवर्सिटी एलुमिनी की खिलाड़ी सुनीता को मिला। एक अन्य मैच में विवेकानंद कॉलेज और भारती कॉलेज का मैच 2-2 की बराबरी पर रहा। विवेकानंद कॉलेज की तरफ से सोनिया और एकता ने एक-एक गोल किया जबकि भारती कॉलेज की तरफ से मनीषा ने दोनों गोल किया। एस एन एस हॉकी वुमैन ऑफ द मैच का अवार्ड भारती कॉलेज की मनीषा को मिला। पुरुष वर्ग में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स ने हंसराज कॉलेज को 5 -1 से हराया।



# रूट का शतक, इंग्लैंड 300 पार

### चौथ टेस्ट, पहला दिनः भारत की तरफ से अकाश ने डेब्यू में 3 विकेट झटके, इंग्लैंड 302/7



**रांची।** पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। इंग्लैंड ने 7 विकेट के नुकसान पर 302 रन बना लिए। जो रूट और ओली रोबिनसन खेल रहे हैं। रूट ने 13 पारियों बाद टेस्ट में शतक लगाया। उन्होंने रोबिनसन के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप भी पूरी कर ली है। इससे पहले भारत से तेज गेंदबाज आकाश दीप ने डेब्यू किया। बेन फोक्स 47 रन बनाकर मोहम्मद सिराज का शिकार हुए। इसी के साथ उनकी रूट के साथ 113 रन की पार्टनरशिप टूटी। आकाश दीप 3 विकेट ले चुके हैं। एक-एक विकेट रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन को मिला।

**सिराज ने तोड़ी सेंचुरी पार्टनरशिप-** मोहम्मद सिराज ने बेन फोक्स को रवींद्र जडेजा के हाथों कैच आउट कराया। फोक्स 47 रन बनाकर आउट हुए, इसी के साथ उनकी जो रूट के साथ 113 रन की पार्टनरशिप टूटी। दोनों ने 112 पर 5वां विकेट गिरने के बाद इंग्लैंड को 200 रन के पार पहुंचाया।

**रूट-फोक्स ने की सेंचुरी पार्टनरशिप-** बेन फोक्स ने 67वें ओवर की पहली बॉल पर अश्विन के खिलाफ मिड-विकेट की दिशा में सिक्स लगाया। इसी के साथ उन्होंने जो रूट के साथ छठे विकेट के लिए सेंचुरी पार्टनरशिप भी कर ली। टीम का पांचवां विकेट 112 रन के स्कोर पर गिरा था।

**दूसरे सेशन में इंग्लैंड ने नहीं गंवाया विकेट-** इंग्लैंड ने 112/5 के स्कोर से दूसरे सेशन में खेलना शुरू किया। जो रूट ने बेन फोक्स के साथ पारी आगे बढ़ाई। दोनों ने सेशन में टीम का एक भी विकेट नहीं गिरने दिया और आपस में 86 रन की पार्टनरशिप कर ली। सेशन खत्म होने के बाद टीम का स्कोर 198/5 रहा। रूट 67 और फोक्स 28 रन के स्कोर पर नॉटआउट लौटे।

## अश्विन के इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे

रविचंद्रन अश्विन ने पहले सेशन में जॉनी बेयरस्टो को LBW किया। इसी



के साथ उनके इंग्लैंड के खिलाफ 100 विकेट पूरे हो गए। उनके इंग्लैंड के खिलाफ एक हजार टेस्ट रन भी पूरे हो चुके हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ 1000 रन के साथ 100 विकेट लेने वाले पहले ही भारतीय खिलाड़ी हैं। अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 100 विकेट लिए हैं।

## डेब्यू टेस्ट में 3 विकेट ले चुके आकाश दीप

### मैच से पहले कहा था- टीम की जीत में कॉन्ट्रिब्यूट करना चाहता हूं

रांची। इंग्लैंड के खिलाफ रांची में खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच में आकाश दीप डेब्यू करते हुए अब तक 3 विकेट ले चुके हैं। टीम इंडिया के कोच राहुल द्रविड़ ने आकाश दीप को टेस्ट कैप सौंपी। 27 साल के आकाश दीप इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज में डेब्यू करने वाले भारत के चौथे क्रिकेटर हैं। उनसे



पहले इसी सीरीज में रजत पाटीदार, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल भी अपने टेस्ट करियर का आगाज कर चुके हैं। आकाश दीप ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों के चयन के बाद दैनिक भास्कर से बातचीत की थी। आकाश दीप ने भारत की प्लेइंग इलवेन में शामिल किए जाने के सवाल पर कहा था कि उन्हें भरोसा है कि उन्हें मौका मिलेगा। वहीं उन्होंने कहा था कि अगर टीम मैनेजमेंट मुझे मैच खिलाने का फैसला करता है, तो मैं जो करता आया हूं, वही करूंगा। मेरा पूरा प्रयास होगा कि टीम के लिए परफॉर्म करूं।

### पिता के निधन के बाद 6 महीने में भाई को भी खोया

बिहार के छोटे से गांव से टीम इंडिया तक पहुंचने वाले आकाश दीप का सफर आसान नहीं था। उन्होंने 16 साल की उम्र में पिता को खोया। उसके 6 महीने के अंदर भाई का भी निधन हो गया।



पिता और भाई को खोने के बाद आकाश बहन के साथ दिल्ली चले गए और अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की। फिर बंगाल में क्लब क्रिकेट खेला। बाद में घरेलू क्रिकेट में बंगाल का प्रतिनिधित्व भी किया। क्रिकेट में करियर बनाने के लिए आकाश को न केवल अपने परिवार को छोड़ना पड़ा, बल्कि स्टेट भी छोड़ना पड़ा। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन पर बैन की वजह से उन्हें बंगाल जाना पड़ा।

# तुर्की महिला कप - भारत की एस्टोनिया पर जीत

**अलान्या (तुर्की), एजेंसी।** मनीषा कल्याण ने तुर्की महिला कप के पहले मैच में एस्टोनिया के खिलाफ भारतीय टीम की 4-3 की जीत से सुर्खियां बटोरीं, जिससे इतिहास की किताबों में एक नया पन्ना जुड़ गया, क्योंकि इससे पहले भारत ने महिला फुटबॉल में कभी किसी यूरोपीय देश को नहीं हराया था।

### , महिला फुटबॉल के लिए बड़ा प्रोत्साहन

राष्ट्रीय महिला सीनियर टीम ने पहले कभी एस्टोनिया का सामना नहीं किया था और उन्हें हराने से तुर्की महिला कप में हांगकांग और कोसोवो के खिलाफ आगामी खेलों के लिए अतिरिक्त बढ़ावा मिला। टीम एक साल से लगातार हार के साथ अपनी फॉर्म से जूझ रही थी। इतने महीनों के बाद जीत हासिल करना सार्थक था, क्योंकि



सभी ने मुस्कुराहट और हंसी के साथ जश्न मनाया और इस पल का भरपूर आनंद लिया। मनीषा कल्याण ने गुरुवार को कहा, यह वास्तव में अच्छा लगता है, और तीन अंक अर्जित करना हमारे लिए महत्वपूर्ण था। यह हमारे लिए अच्छी शुरुआत है और टीम कल की जीत से खुश भी है। धैर्य महत्वपूर्ण है, विशेषकर चुनौतीपूर्ण मैचों के दौरान, जब हमें लगता है कि स्कोर करना महत्वपूर्ण है। बीच-बीच में जब मेरे शॉट छूट जाते थे तो मुझे चिड़चिड़ाहट महसूस हो रही थी, लेकिन मुझे पता था कि मैं गोल करूंगी। उन्होंने कहा, व्यक्तिगत रूप से मैं कभी भी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं। मुझे पता है कि मैं अपनी फिनिशिंग के साथ और अधिक क्लिनिकल हो सकता था और कुछ चूके हुए मौकों और गलत पासों से बच सकता था। मैं लक्ष्य के सामने अपनी सटीकता में सुधार करने और गोल करने में अधिक योगदान देने की कोशिश करूंगी।

### ओलंपियन दीपिका ने मां बनने के बाद की वापसी

## तीरंदाज एशिया कप की छह स्पर्धाओं के फाइनल में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। भारतीय तीरंदाज गुरुवार को यहां एशिया कप के पहले चरण में छह टीम स्पर्धाओं के फाइनल में पहुंचे जिससे उन्होंने कम से कम इतने पदक पक्के कर दिए। इसमें दुनिया की पूर्व नंबर एक महिला तीरंदाज दीपिका कुमारी भी शामिल हैं जो 20 महीने बाद वापसी कर रही हैं।

तीन बार की ओलंपियन दीपिका मां बनने के बाद वापसी कर रही हैं। वह महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में सिमरनजीत कौर के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। एलिमिनेशन दौर में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने मेजबान इराक को हराकर फाइनल में जगह बनाई जिसमें उनकी भिड़ंत उज्बेकिस्तान से होगी। महिला टीम में भजन कौर भी शामिल हैं। धीरज बोमादेवारा, प्रवीण जाधव और तरुणदीप राय की पुरुष रिकर्व टीम ईरान के सामने होंगे। अदिति स्वामी, प्रिया गुर्जर और परनीत कौर की टीम ने कम्पाउंड महिला टीम स्पर्धा में अफगानिस्तान को



ने मेजबानों को सीधे सेट में पराजित किया और फाइनल में उनका सामना बांग्लादेश से होगा। भारत के प्रथमेश जावकर, प्रियांश और कुशाल दलाल ने सेमीफाइनल में मेजबान इराक को 233-223 से हराकर पुरुष कंपाउंड टीम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें वे 234-210 से मात दी और फाइनल में टीम ईरान से भिड़ेगी।जावकर और अदिति की कंपाउंड मिश्रित टीम जोड़ी ने अंतिम चार चरण में बांग्लादेश को 157-146 से हराया और फाइनल में उनका सामना ईरान से होगा।

### यौन उत्पीड़न का मामला

## फुटबॉलर दानी अल्वेस को हुई 4.5 साल की जेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्राजील और बार्सिलोना एफसी के पूर्व फुटबॉलर दानी अल्वेस को बार्सिलोना नाइट क्लब में एक महिला से बलात्कार का दोषी पाया गया है। उन्हें 4.5 साल जेल की सजा सुनाई गई है। 40 वर्षीय फुटबॉलर ने 31 दिसंबर 2022 की सुबह महिला के साथ यौन उत्पीड़न से इनकार किया था और वह सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। एक बयान में अदालत ने कहा कि पीड़िता की गवाही के अलावा अन्य सबूत भी हैं, जो साबित करते हैं कि उसके साथ बलात्कार किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार दानी अल्वेस को पीड़ित को €150,000 का भुगतान करने का भी आदेश दिया गया। अल्वेस, जिन्हें जनवरी 2023 से प्री-ट्रायल हिरासत में रखा गया है। अल्वेस ने इस महीने के परीक्षण के दौरान कई बार अपनी गवाही बदली है। प्रारंभ में उन्होंने अपने आरोप लगाने वाले के साथ किसी भी परिचित होने से इनकार किया, लेकिन बाद में कहा कि वे टॉयलेट में एक-दूसरे से मिले थे। इसके बाद उन्होंने अपने बयान को एक बार फिर बदला और दावा किया कि वे सहमति से एक दूसरे के साथ सेक्सुअल एक्टिविटी में शामिल थे।

### पूर्व क्रिकेटर बोले- ये तो सिर्फ....

## एमएस धोनी कब लेंगे आईपीएल से संन्यास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय विकेट कीपर और मौजूदा कमेंटेटर पार्थिव पटेल का कहना है कि केवल एमएस धोनी ही उनके इंडियन प्रीमियर लीग के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा सकते हैं। आईपीएल 2024 सीजन की शुरुआत से पहले ही इस बात की चर्चा है कि क्या ये माही का बतौर खिलाड़ी आखिरी आईपीएल होगा, क्या वह आखिरी बार चेन्नई सुपर किंग्स की पीली जर्सी में फैंस का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे?

धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले साल अपना 5वां आईपीएल खिताब जीता था। अब सीएसके आईपीएल के इतिहास में सबसे ज्यादा 5 खिताब जीतने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। उनके अलावा मुंबई इंडियंस ने आईपीएल में इतने टाइटल जीते हैं। बात धोनी की करें तो पिछले साल भी उनके संन्यास की अटकलें जोरों पर थी, मगर माही ने आईपीएल 2024 में खेलने की इच्छा जताई। हालांकि 42



साल के धोनी के लिए बतौर खिलाड़ी ये आखिरी आईपीएल सीजन हो सकता है।

धोनी के संन्यास को लेकर पार्थिव पटेल ने जियोसिनेमा पर कहा, हर 10 महीने में एक बार खेलने के लिए आते हुए, हर बार हम इस बारे में बात करते हैं कि ये दो महीने उनके (धोनी) क्रिकेट के आखिरी महीने हैं...यह एक ऐसा सवाल है जिसका जवाब केवल वह ही दे सकते हैं। पार्थिव ने इस बात पर भी जोर दिया कि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट की कमी को देखते हुए यह सीजन एमएस धोनी की बल्लेबाजी क्षमता के लिए एक और बड़ी परीक्षा साबित होगी। धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में खेले 16 मैचों में 26 की औसत के साथ सिर्फ 104 रन ही बनाए थे। हालांकि, धोनी ने सीजन में 182.46 के स्ट्राइक रेट के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं थी। धोनी बैटिंग में थोड़े पिछड़े जरूर नजर आए थे, मगर उनकी कप्तानी नंबर-1 थी।



अमीषा ने किया चौंकाने वाला खुलासा

# मैं शादीशुदा हूं

अमीषा पटेल ने हाल ही में दिए इंटरव्यू में बताया कि वह शादीशुदा हैं और टॉम क्रूज को अपना पति मान चुकी हैं। बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल अकसर ही किसी ना किसी वजह से लाइमलाइट में बनी रहती हैं। अमीषा को उनकी शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है। उन्होंने वह 'कहो ना प्यार है', 'गदर' और 'गदर 2' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में नजर आ चुकीं हैं।

एक्ट्रेस के लिए साल 2023 काफी लकी साबिक हुआ क्योंकि उनकी फिल्म 'गदर-2' रिलीज हुई थी और यह फिल्म ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। बड़े पर्दे पर अमीषा पटेल और सनी देओल की जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। 'गदर 2' के बाद एक बार फिर उनका करियर पटरी पर आ गया है। वहीं अब हाल ही में उन्होंने हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने बताया कि वो शादीशुदा हैं। यही नहीं उन्होंने उस शख्स का नाम भी बताया है। उन्होंने कब और कहां शादी की है इसका खुलासा भी किया है। आखिर क्या है पूरा मामला आइए आपको बताते हैं।

### शादीशुदा हैं अमीषा

अमीषा पटेल ने हाल ही में बातचीत के दौरान बताया कि मैं शादीशुदा हूं। असल जिंदगी में मैंने भले ही शादी ना की हो लेकिन मैं एक शख्स को बेहद प्यार करती हूं और उनसे मैं अपना पति मान चुकी हूं।

हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को मैं बेहद पसंद करती हूं। मैं उन पर अपनी जान छिड़कती हूं। टॉम को मैं अपने दिल और दिमाग दोनों से ही पति मान चुकी हूं। अब वो ही मेरे लिए सब कुछ हैं। अमीषा के इस बयान ने सभी को हैरान कर दिया है।

### टॉम क्रूज के लिए पहले भी कह चुकी हैं ये बात

हालांकि ये पहली बार नहीं है जब अमीषा पटेल ने हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को लेकर अपना प्यार इजहार किया है। इससे पहले भी वो कई इंटरव्यू में टॉम क्रूज के साथ काम करने की इच्छा जाहिर कर चुकी हैं।

एक्ट्रेस यह कबूल कर चुकी हैं कि वो हॉलीवुड स्टार की बहुत बड़ी फैन हैं और अगर उन्हें मौका मिलता तो वो उनसे शादी कर लेतीं। एक्ट्रेस ने ये भी बताया था कि उनके कमरे में एक्टर के पोस्टर लगे हुए हैं। बता दें कि अमीषा पटेल ने साल 2000 में फिल्म 'कहो ना प्यार है' से बॉलीवुड में कदम रखा था। इसमें ऋतिक रोशन नजर आए थे।




# गरीबों- किसानों को नहीं पर ऐश्वर्या को नाचते हुए दिखाना...

● राहुल गांधी के बयान पर भड़कीं सोना मोहपात्रा, कहा- आपकी मां-बहन....

मशहूर सिंगर सोना मोहपात्रा अपने बेबाक और बिंदास अंदाज के लिए जानी जाती हैं। वह मनोरंजन, राजनीतिक और सामाजिक हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। हाल ही में उनका गुस्सा कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर फूटा। दरअसल, राहुल गांधी ने हाल ही अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान ऐश्वर्या राय को लेकर एक कमेंट कर दिया जिससे फैंस भड़क गए। उन्होंने अमिताभ बच्चन का भी जिक्र किया। फैंस के बाद अब सोना मोहपात्रा ने भी राहुल गांधी को आड़े हाथों ले लिया। सोना मोहपात्रा ने राहुल गांधी को इस बात के लिए खूब खरी-खोटी सुना दी क्योंकि अपने भाषण में ऐश्वर्या राय का नाम घसीट लिया। सिंगर ने अपने अकाउंट पर लिखा- कुछ फायदा पाने के लिए नेता अपने भाषणों में महिलाओं को अपमानित कर रहे हैं, इसका क्या कारण है प्रिय राहुल गांधी, निश्चित रूप से किसी ने अतीत में आपकी मां (सोनिया गांधी), बहन (प्रियंका गांधी) को इसी तरह अपमानित किया गया है और आपको बेहतर पता होना चाहिए साथ ही ऐश्वर्या राय बेहतरीन डांस भी करती हैं।

### राहुल गांधी ने कही थी ये बात

राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में उन लोगों को नहीं देखा गया, जो असल में देश चलाते हैं। बल्कि वहां अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय दिखे। राहुल गांधी ने सभी मीडिया हाउस पर सवाल उठाते हुए यह भी कहा था कि ये सभी वही करते हैं जो इनके मालिक करते हैं। ये गरीबों और किसानों को नहीं दिखाएंगे। पर ऐश्वर्या को नाचते हुए दिखाना है। अमिताभ बच्चन को दिखाना है।



# नथिंग के नए ब्रांड एंबेसडर बने रणवीर सिंह

**लंदन स्थित उपभोक्ता प्रौद्योगिकी ब्रांड नथिंग ने बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है।**

एक्टर अब नथिंग स्मार्टफोन का चेहरा होंगे और ब्रांड के आगामी अभियानों में नजर आएंगे। रणवीर ने कहा, स्मार्टफोन इंडस्ट्री में नथिंग की प्रतिबद्धता वास्तव में प्रेरणादायक है। मैं नथिंग के साथ इस सहयोग पर कुछ नया करने का इंतजार नहीं कर सकता। अभिनेता नथिंग फोन के लिए डिजिटल, प्रिंट और टीवीसी अभियानों में काम करेंगे। नथिंग के सह-संस्थापक अकीस इवेंजेलिडिस ने कहा, भारतीय बाजार में हमारी महत्वाकांक्षाएं दि-ब-दिन बढ़ती जा रही हैं। यहां विनिर्माण स्थापित करने और देश भर में कई सेवा केंद्र खोलने के बाद यह साझेदारी हमारे ब्रांड को और आगे बढ़ाने के लिए एक स्वाभाविक अगला कदम है। नथिंग अपने आगामी स्मार्टफोन, फोन (2ए) को 5 मार्च को भारत में लॉन्च करने के लिए तैयार है। इस हफ्ते की शुरुआत में कंपनी ने बताया था कि फोन (2ए) में मीडियाटेक के साथ को-इंजीनियर्ड कस्टम डाइमेंशन 7,200 प्रो प्रोसेसर होगा। 2020 में स्थापित नथिंग ने अब तक तीन ऑडियो उत्पाद, दो स्मार्टफोन और पिछले साल सितंबर तक एक उप-ब्रांड- सीएमएफ बाय नथिंग जारी किया है।



# लंदन में जन्मे अकाय बनेगा ब्रिटिश नागरिक !

## विरुष्का का लाडला कहलाएगा ब्रिटिशियन



बॉलीवुड के प्यारे कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली हाल ही में दूसरी बार माता-पिता बने। अनुष्का शर्मा ने 15 फरवरी को प्यारे से बेटे को जन्म दिया हालांकि इस खुशखबरी को कपल ने 20 फरवरी को फैंस के साथ शेयर किया।

कपल ने अपने लाडले का नाम अकाय रखा है। अनुष्का शर्मा ने अकाय को लंदन में जन्म दिया है जिसके बाद से ही ऐसी चर्चा होने लगी कि विरुष्का के लाडले को ब्रिटिश नागरिकता मिलेगी। आइए बताते हैं क्या अकाय ब्रिटिश नागरिक होंगे या उन्हें भारतीय नागरिकता मिलेगी। एक रिपोर्ट बताती है कि अकाय ब्रिटिश नागरिक नहीं हैं। नियम यह निर्धारित करते हैं कि यूके में पैदा होने से स्वचालित रूप (अपने आप ही) से नागरिकता नहीं मिल जाती है।

### ब्रिटिश नाकरिकता के लिए क्या है नियम

ब्रिटिश सरकार के नियमों के मुताबिक, वहां का नागरिक होने के लिए पैरेंट्स को कम से कम ब्रिटिश नागरिक होना चाहिए या फिर वो लंबे समय से वहां रहते हों। इस वजह से यूके के बाहर रहने वाले ब्रिटिश नागरिकों के बच्चों को अपने आप ही वहां की नागरिकता मिल जाती है।

अकाय के मामले में लंदन में जन्म और उसी शहर में उनके माता-पिता की प्रॉपर्टी होने के बावजूद उन्हें ब्रिटिश नागरिकता नहीं मिलेगी। हालांकि उनके पास यूके का पासपोर्ट होगा।

### अकाय कोहली को मिलेगी भारतीय नागरिकता

विराट और अनुष्का के मामले में दोनों में से कुछ भी नहीं है, इसलिए अकाय भारतीय नागरिक ही कहलाएंगे और उन्हें भारत की ही नागरिकता मिलेगी।

# पैन इंडिया एक्ट्रेस राशि खन्ना धूम मचाने के लिए तैयार

दक्षिण भारतीय और हिंदी सिनेमा दोनों में अपनी प्रभावशाली भूमिकाओं के लिए प्रसिद्ध, बहुभाषी मार्वल राशी खन्ना की देशव्यापी प्रशंसा आगामी हिंदी एक्शन थ्रिलर, योद्धा में उनके सम्मोहक प्रदर्शन के साथ जारी है।

सिद्धार्थ मल्होत्रा जैसे सितारों के साथ सहयोग करते हुए, राशि की यात्रा उनकी बहुमुखी प्रतिभा और प्रतिभा का उदाहरण देती है, जिससे भारतीय फिल्म उद्योग में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है। 15 मार्च को रिलीज़ होने वाली योद्धा में, राशी का चित्रण एक आकर्षण होने का वादा करता है, जैसा कि मनोरंजक टीज़र से पता चलता है जहाँ उसका चरित्र एक विमान अपहरण की गंभीर स्थिति का सामना करता है। थिरुचित्राबलम और सरदार में उल्लेखनीय प्रदर्शन के बाद यह उनके करियर में एक और मील का पत्थर है।

धनुष, अजय देवगन और शाहिद कपूर जैसे प्रतिष्ठित अभिनेताओं के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के बाद, राशि खन्ना की उपस्थिति ध्यान आकर्षित करती है। भाषाओं और शैलियों के बीच निर्बाध रूप से परिवर्तन करने की उनकी क्षमता उनकी बहुमुखी प्रतिभा और व्यापक अपील को रेखांकित करती है।

जैसा कि दर्शक उत्सुकता से योद्धा की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं, राशी का प्रक्षेप पथ लगातार बढ़ रहा है। विक्रांत मैसी के साथ साबरमती रिपोर्ट और सहित अपनी अगली परियोजनाओं के साथ, अभिनेत्री भारतीय फिल्म उद्योग में एक ताकत के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए तैयार है।



'लोगों ने फायदा उठाया पैसे कमाए'

# पूनम ने पोस्ट शेयर कर लगाए गंभीर आरोप

एक्ट्रेस पूनम पांडे लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। 2 फरवरी को एक्ट्रेस के निधन की खबर उनके ही इंस्टाग्राम हैंडल से सामने आई थी। 24 घंटों के बाद पूनम पांडे ने वीडियो शेयर किया और बताया कि उन्होंने ये सब सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए किया था। इसके बाद एक्ट्रेस को खूब ट्रोल किया गया था। सिर्फ सोशल मीडिया यूजर्स ही नहीं बल्कि कई सेलिब्रिटीज ने पूनम पांडे को काफी खरी-खोटी सुनाई थी। इस पूरे मामले के बाद उनके खिलाफ केस भी दर्ज हुआ है। हालांकि इससे भी ज्यादा ट्रोल एक्ट्रेस को तब किया गया जब हाल ही में उन्होंने सर्वाइकल कैंसर से जुड़े सभी सोशल मीडिया पोस्ट अपने अकाउंट से हटा दिए। अब एक्ट्रेस ने हाल ही में एक पोस्ट कर दावा किया है कि कि कुछ लोगों ने उनका इस्तेमाल करते हुए पैसे कमाए हैं।

### पूनम पांडे ने क्या लिखा

पूनम पांडे ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'ईमानदारी से कहूं तो मुझे खुशी है कि मेरी पोस्ट कई लोगों तक पहुंचने में कामयाब रही और उन्हें सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूक किया। मैं यही चाहती थी, लेकिन जिस बात ने मुझे आहत किया, वो यह है कि कुछ लोगों ने आर्थिक रूप से इसका लाभ उठाया। मुझे बहाने से इसके लिए आगे बढ़ाया गया, लेकिन मैं हमेशा उनके साथ खड़ी रहूंगी और हमेशा अपना समर्थन दूंगी। बाकी आप सभी को जांच करनी है कि इसे कमर्शियल किसने बनाया।



# लाहौर 1947 का हिस्सा बने अली फजल

राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म लाहौर 1947 बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म में सनी देओल के साथ कई दिग्गज सितारे दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इन दिनों लगातार फिल्म से जुड़ी नई जानकारियां सामने आ रही हैं।

हाल ही में अभिमन्यु सिंह और मोना सिंह के इस फिल्म में शामिल होने की खबर आई थी। वहीं अब एक और बॉलीवुड अभिनेता इस फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाने को तैयार है, जो अब फिल्म के कलाकारों में शामिल हो चुके हैं। दरअसल, वह अभिनेता अली फजल हैं। खबरें आ रही हैं कि लाहौर 1947 में अब अली फजल भी शामिल हो चुके हैं।

कहा जा रहा है कि अली फजल इस फिल्म में सनी देओल के साथ अहम भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। इससे पहले खबर आई थी कि अभिनेता अभिमन्यु सिंह फिल्म में शामिल हुए हैं। वे इस फिल्म में सनी देओल के खिलाफ खलनायक की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे। वहीं, अब फिल्म के कलाकारों में अली फजल का शामिल होना रोमांचक है।

# सामंथा ने सोशल मीडिया पर बताया अपना बॉडी वेट

साउथ की खूबसूरत एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने सोशल मीडिया पर अपने वजन और मेटाबोलिक एज का खुलासा किया है। उन्होंने एक फोटो शेयर करते हुए अपनी एक सबसे अच्छी सुबह की झलक शेयर की। सामंथा ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की जिनमें वह समुद्र के किनारे वर्कआउट करते दिख रही हैं।



साथ ही उन्होंने एक पेपर शेयर किया है जिसमें उनका वजन और मेटाबॉलिक रेट है। शेयर की गई फोटो से पता चलता है कि अभिनेत्री का वजन 50.1 किलोग्राम है। फैट परसेंटेज 24, फैट मास 12 किलोग्राम, मसल्स मास 35.9 किलोग्राम और मेटाबोलिक एज 23 है। कैप्शन में लिखा- सुबह के सूरज की तलाश में रहें, सबसे अच्छी सुबह।

सामंथा अगली बार वरुण धवन के साथ सिटाडेल के भारतीय रीमेक में दिखाई देंगी। इसका निर्देशन राज एंड डीके और सीता आर. मेनन ने किया है। इसमें सिकंदर खेर, के.के. मेनन, साकिब सलीम और एम्मा कैनिंग भी हैं।